हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

- तीन मई 2026 को आयोजित की गई थी नीट (यूजी) 2026
- देशभर में करीब 22.79 लाख छात्र परीक्षा में हुए थे शामिल

### छग के 19 केंद्रों में हुई थी परीक्षा

3 मई को आयोजित इस परीक्षा के लिए छत्तीसगढ़ में 19 केन्द्र बनाए गए थे। लगभग 45 हजार अभ्यर्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। इनमें राजधानी रायपुर के करीब 9,200 कैंडिडेट्स शामिल थे। अब इन सभी परीक्षार्थियों को दोबारा परीक्षा दिलानी होगी। रायपुर में उपस्थिति का प्रतिशत 95% से अधिक रहा था। छग के अन्य जिलों में भी उपस्थित छात्रों की संख्या 90% से अधिक रही थी।

# पर्चा लीक, आखिरकार 'नीट' रद्द

**एनटीए का ऐलान :**

**दोबारा कराई जाएगी परीक्षा, 6 से 8 दिन में नई तारीख का ऐलान**

## देश के 22 लाख परीक्षार्थी प्रभावित, इनमें छग के 45 हजार, जांच सीबीआई के हवाले

*राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई को आयोजित मेडिकल प्रवेश परीक्षा 'नीट-यूजी-2026' को रद्द कर दिया। पेपर लीक की खबरों और जांच एजेंसियों से मिली पुख्ता जानकारी के बाद एनटीए ने फैसला लिया है। अब नीट परीक्षा नए सिरे से आयोजित की जाएगी। नई तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी। इधर, सरकार ने सीबीआई को इन 'अनियमितताओं' की विस्तृत जांच करने का आदेश दिया है।*

### छात्रों और अभिभावकों के लिए एनटीए की सलाह

अफवाहों से बचें और किसी भी जानकारी के लिए केवल एनटीए की ऑफिशियल वेबसाइट या उनके आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट्स पर ही भरोसा करें।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक बयान में कहा कि यह निर्णय पारदर्शिता बनाए रखने और राष्ट्रीय परीक्षा प्रणाली में विश्वास को बरकरार रखने के लिए लिया गया है। उसने कहा, केंद्रीय एजेंसियों के साथ मिलकर एनटीए द्वारा तथ्यों को परखे जाने और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा की गई जानकारी के आधार पर राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने तीन मई 2026 को आयोजित नीट (यूजी) 2026 परीक्षा को भारत सरकार की मंजूरी से रद्द करने और अलग से अधिसूचित तिथियों पर परीक्षा पुनः आयोजित करने का निर्णय लिया है। नीट यूजी 2026 परीक्षा तीन मई को भारत के 551 शहरों और अन्य देशों के 14 शहरों में आयोजित की गई थी। यह परीक्षा लगभग 23 लाख पंजीकृत परीक्षार्थियों के लिए आयोजित की गई थी। एजेंसी ने कहा कि प्राप्त सूचनाओं और कानून प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा साझा किए गए निष्कर्षों के आधार पर यह स्पष्ट हो गया है कि 'वर्तमान परीक्षा प्रक्रिया को जारी रखना उचित नहीं है। उसने कहा, पुनः होने वाली परीक्षा की तिथियां और उनके लिए जारी किये जाने वाले प्रवेश पत्र की समय-सारणी अगले कुछ दिनों में एजेंसी के आधिकारिक माध्यमों से सूचित की जाएगी। एनटीए ने कहा कि सरकार ने परीक्षा से जुड़े आरोपों की व्यापक जांच के लिए मामले को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का फैसला किया है। उसने कहा, एनटीए सीबीआई को पूरा सहयोग देगी और जांच के लिए आवश्यक सभी सामग्री, रिकॉर्ड और सहायता प्रदान करेगी। एनटीए ने कहा, यह निर्णय विद्यार्थियों ▶▶| शेष पेज 7 पर



### मल्टी स्टेट नेटवर्क से देश में लीक हुआ पेपर, हिरासत में संदिग्ध

राजस्थान एसओजी की जांच में महाराष्ट्र, उत्तराखंड और राजस्थान के लिंक सामने आए हैं। सूत्रों के मुताबिक जीएफएक्स इन नीट का ये पेपर नासिक की प्रिंटिंग प्रेस में कॉपी किया गया था। नासिक से पेपर हरियाणा आया, जहां गुरुग्राम के एक डॉक्टर के पास तक पहुंचा। हरियाणा से पेपर जयपुर पहुंचा और जयपुर से जमवा रामगढ़ पहुंचा। राजस्थान के जमवारामगढ़ से पेपर सीकर पंहुचा और फिर सीकर से पेपर देश के अन्य राज्य जम्मू-कश्मीर, बिहार और केरल तक पहुंचा। नासिक की प्रिंटिंग प्रेस से एक शख्स को हिरासत में भी लिया गया।

### छात्रों के लिए जरूरी बातें

- **कोई नया फॉर्म नहीं :** छात्रों को दोबारा आवेदन करने की कोई जरूरत नहीं है। मई 2026 के लिए भरा गया आपका पुराना फॉर्म और चुना गया परीक्षा केंद्र ही आगे भी मान्य रहेगा।
- **कोई नई फीस नहीं:** इस नई परीक्षा के लिए आपसे कोई अतिरिक्त फीस नहीं ली जाएगी।
- **फीस वापसी (रिफंड):** आपने पहले जो फीस जमा की थी, वह आपको रिफंड कर दी जाएगी। इस बार परीक्षा करवाने का पूरा खर्च एनटीए खुद उठाएगा।

### इधर, सियासी उबाल

#### राहुल का आरोप

*राहुल ने आरोप लगाया कि भाजपा विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वालों को इनाम देती है, तरक्की देती है। मोदी जी और भाजपा आपके भविष्य की चोरी में साझेदार हैं। जिस बाजार में आपकी मेहनत, आपके सपने नीलाम हो रहे हैं, उसका एक ही उसूल है कि जितनी बड़ी चोरी, उतना बड़ा इनाम।*

#### केजरीवाल का तंज

*दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा, पेपर लीक मामलों में राजनीतिक संरक्षण है और पिछले नौ साल में नीट का पेपर चार बार लीक हुआ, लेकिन किसी भी आरोपी को सजा नहीं मिली। पेपर लीक यूं ही नहीं होता, इसमें ऊपर तक के लोगों की मिलीभगत होती है।*

#### गहलोत ने साधा निशाना

*राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने कहा कि नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गयी। 22 लाख से ज्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग और सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। प्रधानमंत्री का तथाकथित अमृतकाल, देश के लिए विषकाल बन गया है।*

## रायपुर में महामुकाबला



प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए केकेआर को जीतना है जरूरी

### आज भिड़ेंगी आरसीबी और कोलकाता नाइट राइडर्स

*आज के मैच में केकेआर के मालिक शाहरूख खान, उनके बेटे आर्यन खान के साथ ही जूही चावला के आने की संभावना*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के होम ग्राउंड शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में आज आईपीएल का एक और महामुकाबला खेला जाएगा। इस मैच में आरसीबी का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से होगा। शाम 7:30 बजे से शुरू होने वाला यह मैच कोलकाता के लिए बेहद अहम है, क्योंकि प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। इस अहम मुकाबले से पहले मंगलवार को आरसीबी और कोलकाता दोनों टीमों ने नेट्स पर जमकर पसीना बहाया। ▶▶| शेष पेज 7 पर

## अब जमानत के लिए देनी होगी 'पूरी कुंडली' आवेदन का फॉर्म बदला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने जमानत (बेल) प्रक्रियाओं में पारदर्शिता और स्पष्टता लाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। हाईकोर्ट ने जमानत आवेदनों के मौजूदा स्वरूप (फारमेट) में संशोधन करते हुए अब अभियुक्तों के लिए विस्तृत जानकारी देना अनिवार्य कर दिया है। सोमवार, 11 मई 2026 को जारी एक आधिकारिक ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पुराना तरीका खत्म

नए नियमों के तहत, अग्रिम और नियमित जमानत आवेदनों में पहले इस्तेमाल होने वाली सामान्य जानकारियों को हटा दिया गया है। अब आवेदकों को एक निर्धारित 'टेबल' (टैबुलर फार्म) में अपनी पूरी कानूनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी। इस आदेश के बाद अब जमानत की अर्जी देना पहले के मुकाबले अधिक विस्तृत और तथ्यात्मक हो जाएगा।



### इन 6 श्रेणियों में मांगी गई जानकारी

हाईकोर्ट ने नए आवेदन फॉर्म को छह मुख्य भागों में विभाजित किया है, ताकि सुनवाई के दौरान अदालत के पास मामले का पूरा लेखा-जोखा हो। केस का विवरण- एफआईआर नंबर, तारीख, थाना और लगाई गई धाराओं के साथ-साथ उनमें मिलने वाली अधिकतम सजा का ब्यौरा देना होगा। हिरासत की स्थिति- ▶▶| शेष पेज 7 पर

चाँदी का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 835 Silver Rate (10 gm 83.50%) | = ₹2092/- |
| 925 Silver Rate (10 gm 92.50%) | = ₹2317/- |
| 990 Silver Rate (10 gm 99.00%) | = ₹2480/- |

चाँदी का भाव* प्रति 10 ग्राम I GST extra
*Conditions apply
aNaND Jewels
Pandri, Raipur

KALINGA INSTITUTE OF INDUSTRIAL TECHNOLOGY (KIIT)
Deemed to be University
(Established U/S 3 of UGC Act 1956), Bhubaneswar, Odisha, India
• Only 29 Years as an Institute • 24 Years as a Deemed to be University
THE World University Rankings 2026 Asia — 1st in Eastern India — 169th in Asia
THE World University Rankings 2026 — 5th Among All Universities in India — 501+ Cohort Globally
KIIT Accomplishes QS 5-Star Rating & Platinum I-GAUGE
Only University in Eastern India with QS 5-Star & Platinum Ratings
QS World University Rankings 2026 — 1st in Odisha & 8th in India among pvt. universities



• Best Campus — Outstanding infrastructure & world-class facilities
• Best Placement — Excellent Opportunities & Career Outcomes
• Best Environment & Ambience — Supportive learning environment with a vibrant campus atmosphere
• Student Friendly Campus — Student-centric approach with comprehensive support services
• Parent-Friendly Institution — Transparent communication & parent engagement
ADMISSION OPEN
KIITEE 2026 PHASE - 2
APPLY NOW
through KIIT Websites
www.kiitee.ac.in / www.kiit.ac.in
No Examination Fee (Computer-Based Test)
Scan to Apply
Director Admissions, Admission Cell (Koel Campus), KIIT DU, Bhubaneswar, Odisha, India-751024
admission@kiit.ac.in kiitee.ac.in 8080 735 735
Key Rankings & Achievements
A++ Grade Accredited by NAAC
nirf 2025 17th Among Indian Universities
NBA Tier 1 Re-accredited by NBA
ABET (US) Accreditation
IET Accredited Programme The Institute of Engineering and Technology
Special Consultative Status by the UN-ECOSOC
Partnership with UN Volunteers
KIIT (Deemed to be University) has only one permanent campus in Bhubaneswar, Odisha. It has no other campus / off campus anywhere else in the country and globe.

## नीट पेपर लीक मामले में जांच एजेंसियों के रडार पर राजस्थान का सीकर

# 'गेस पेपर' का नाम देकर कई कोचिंग सेंटर में पढ़ाए गए प्रश्न

### जांच में मिले संकेत कि प्रश्न सीधे प्रिंटिंग प्रेस या मूल पेपर सोर्स से हुए थे लीक

### राजस्थान, केरल और दिल्ली कनेक्शन भी आया है सामने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में राजस्थान का सीकर अब जांच एजेंसियों के रडार पर सबसे बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। सूत्रों के मुताबिक जांच में ऐसे संकेत मिले हैं कि सवाल सीधे प्रिंटिंग प्रेस या मूल पेपर सोर्स से लीक हुए थे। दावा है कि बायोलॉजी के सभी 90 और केमिस्ट्री के सभी 45 सवाल परीक्षा से पहले ही चुनिंदा लोगों तक पहुंच चुके थे। जांच एजेंसियों को शुरुआती पड़ताल में पता चला है कि इन सवालों को 'गेस पेपर' का नाम देकर सीकर के कई कोचिंग संस्थानों में पढ़ाया गया। मेधावी छात्रों को यह कहकर पेपर पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया कि 'इसी में से आएगा।' सूत्रों के मुताबिक एसओजी ने सीकर के एक कोचिंग संचालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की है।

जांच में एक नाम राकेश का सामने आया है, जो कथित तौर पर बड़े कोचिंग संस्थानों के सामने एमबीबीएस काउंसलिंग का काम करता था।

**छात्रों के बीच 'यही आएगा' कहकर फैलाया गया**

आरोप है कि उसने 30 हजार में पेपर अपने एक साथी को बेचा, जो केरल में एमबीबीएस का छात्र बताया जा रहा है। जांच में राजस्थान, केरल और दिल्ली कनेक्शन भी सामने आया है। आरोप है कि राजस्थान के एक हॉस्टल में रहने वाली लड़कियों तक भी यही पेपर पहुंचाया गया। छात्रों के बीच 'यही आएगा' कहकर इसे फैलाया गया। सूत्रों का दावा है कि लालच और आपसी बिक्री के कारण ही पूरा नेटवर्क खुला।




**दिल्ली से एक फोन और सीकर में सर्कुलेशन**

*बताया जा रहा है कि आखिरी समय में छात्रों ने यही पेपर 5 हजार से 30 हजार तक में बेचना शुरू कर दिया था। जांच में नागौर कनेक्शन भी सामने आया है। जहां एक छात्र को कथित तौर पर 28 लाख में पेपर बेचे जाने की बात सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक नागौर का एक छात्र परीक्षा से चार दिन पहले सीकर पहुंचा था। पूछताछ में यह दावा भी सामने आया कि 'दिल्ली से फोन आया था कि पेपर आ गया है।' अब जांच एजेंसियों को शक है कि यह सिर्फ छात्रों या छोटे स्तर के कोचिंग नेटवर्क का मामला नहीं, बल्कि एक संगठित और मल्टी-स्टेट रैकेट हो सकता है। जांच का फोकस प्रिंटिंग प्रेस कर्मचारियों, पेपर ट्रांसपोर्ट चैन, कोचिंग संचालकों, एमबीबीएस काउंसलिंग नेटवर्क, हॉस्टल और छात्र नेटवर्क के साथ-साथ दिल्ली–सीकर–नागौर–केरल लिंक पर है। एसओजी अब यह पता लगाने में जुटी है कि इस पूरे नेटवर्क का मास्टरमाइंड कौन है और असली सोर्स कहां है।*

### पेपर लीक नेटवर्क का नया 'अड्डा' सीकर

सूत्रों के मुताबिक जांच एजेंसियों का सबसे ज्यादा फोकस अब सीकर और जयपुर पर है। सीकर को पेपर लीक नेटवर्क का नया 'अड्डा' बनने की आशंका जताई जा रही है। कोटा के बाद सीकर तेजी से देश के बड़े कोचिंग हब के रूप में उभरा है। कोटा में एडमिशन घटने के बाद राजस्थान में बड़ी संख्या में छात्र सीकर की ओर आए, जिससे यहां कोचिंग कारोबार तेजी से बढ़ा। जांच एजेंसियों को शक है कि यह नेटवर्क कोचिंग संस्थानों और करियर काउंसलरों से जुड़ा हो सकता है। एमबीबीएस एडमिशन और काउंसलिंग कराने वाले लोगों की भूमिका भी जांच के दायरे में है। आरोप यह भी हैं कि इस बार कोई पारंपरिक 'गैंग' नहीं, बल्कि कोचिंग और काउंसलिंग नेटवर्क ही पेपर बेचने का माध्यम बना। सूत्रों के मुताबिक पेपर जयपुर से बाहर निकला और उसका सबसे बड़ा सर्कुलेशन सीकर में हुआ।

---

## खबर संक्षेप

### शुभेंदु पीए मर्डर केस सीबीआई करेगी जांच

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के




पर्सनल असिस्टेंट (पीए) चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले की जांच अब सीबीआई करेगी। सीबीआई ने केस अपने हाथ में लेते ही 7 मेंबर्स की स्पेशल इंवेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) बनाई है। टीम की अगुआई डीआईजी रैंक के अधिकारी करेंगे। इस केस में अब तक बिहार और यूपी से 3 आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस ने सोमवार को तीनों को नॉर्थ 24 परगना के बारासात कोर्ट में पेश किया, जहां से उन्हें 13 दिन की पुलिस कस्टडी में भेज दिया गया।

### मोदी की अपील से गहरे आर्थिक संकट के संकेत

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने कहा कि पीएम की मितव्ययिता की अपील दर्शाती है कि भारत में



उत्पन्न संकट केवल पेट्रोलियम उत्पादों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक व्यापक आर्थिक संकट है, जो और गहरा होने जा रहा है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में पीएम मोदी की उस अपील का उल्लेख किया, जिसमें पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच देशवासियों से संयम बरतने और ऊर्जा संसाधनों के समझदारीपूर्ण उपयोग की बात कही गई थी।

---

### फ्लोर टेस्ट से पहले तमिलनाडु की सियासत में बड़ा उलटफेर

# एआईडीएमके में फूट, 30 विधायक बागी विजय सरकार को समर्थन देने का ऐलान

*तमिलनाडु की सियासत में बड़ा उलटफेर देखने को मिल रहा है। अब सीएम विजय की पार्टी टीवीके को दो और पार्टियों का समर्थन मिल गया है। तमिलनाडु विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से ठीक एक दिन पहले एआईडीएमके और एएमएमके के एक विधायक टीवीके को सपोर्ट देने की बात कही। एआईडीएमके के वरिष्ठ नेता सीवी शनमुगम के नेतृत्व में पार्टी के 30 विधायकों ने टीवीके को अपना समर्थन देने का ऐलान किया है। वहीं, टीटीवी दिनाकरण की पार्टी एएमएमके के विधायक कामराज ने भी कहा है कि वो विजय सरकार को समर्थन देंगे।*

एजेंसी ▶▶| चेन्नई

तमिलनाडु विधानसभा में मुख्यमंत्री विजय को बुधवार को अपना बहुमत (118 विधायक) साबित करना है। टीवीके ने (107 सीटें) कांग्रेस की 5 सीटों, वामपंथी दलों की दो-दो सीटों, वीसीके और मुस्लिम लीग की दो-दो सीटों के सहयोग से सरकार बनाई है। अब एआईडीएमके के 30 विधायकों के साथ आने से विजय सरकार को मजबूती मिल गई है और ये पूरी तरह सुरक्षित नजर आ रही है।

**मुख्यमंत्री विजय को बुधवार को विधानसभा में साबित करना है बहुमत**



**एआईडीएमके में दो फाड़**

टीवीके को समर्थन देने को लेकर सीवी शनमुगम ने बताया कि उनका इरादा पार्टी को तोड़ने का नहीं है, बल्कि वो 'जनता के जनादेश' का सम्मान कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'जनता ने विजय को मुख्यमंत्री बनाने के लिए वोट दिया है, और हम उस जनादेश का सम्मान करते हैं।' बता दें कि हालिया चुनावों में एआईडीएमके को सिर्फ 47 सीटें मिली थीं। अब 30 विधायकों के टीवीके को सहयोग देने के बाद पार्टी प्रमुख एडप्पादी के. पलानीस्वामी के पास सिर्फ 17 विधायक रह गए हैं। शनमुगम ने बताया कि विधायकों ने एस.पी. वेलुमणि को विधायक दल का नेता और जी. हरि को उपनेता चुना है।

**डीएमके के साथ जाने के प्रस्ताव का विरोध**

शनमुगम ने बताया कि ईपीएस गुट डीएमके के साथ गठबंधन कर सरकार बनाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने कहा, 'एआईडीएमके की स्थापना ही डीएमके जैसी बुरी शक्ति को खत्म करने के लिए हुई थी। अगर हम डीएमके के साथ हाथ मिलाते, तो हमारी पार्टी खत्म हो जाती. हमारे विधायक और कार्यकर्ता इसके सख्त खिलाफ हैं।'

### इधर, 1 वोट से जीतने वाले विधायक के फ्लोर टेस्ट में शामिल होने पर रोक

तमिलनाडु विधानसभा में फ्लोर टेस्ट से ठीक एक दिन पहले एक नाटकीय घटनाक्रम सामने आया है। मद्रास हाई कोर्ट ने टीवीके को बड़ा झटका देते हुए आर सीनिवासा सेतुपति को विधानसभा की कार्यवाही में भाग लेने से रोक दिया है। इधर, सेतुपति ने मद्रास हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी है। दरअसल, आर सीनिवासा सेतुपति ने तिरुपत्तूर सीट पर डीएमके नेता के.आर. पेरिया करुप्पन को सिर्फ एक वोट से हराया था। अब उसी चुनाव नतीजे को लेकर कानूनी विवाद गहरा गया है। जस्टिस एल. विक्टोरिया गौरी और जस्टिस एन. सेंथिल कुमार की बेंच ने सेतुपति को विधानसभा की किसी भी कार्यवाही में हिस्सा लेने से रोक दिया, जिसमें बुधवार को प्रस्तावित फ्लोर टेस्ट भी शामिल है। यह आदेश डीएमके के पूर्व मंत्री और चुनाव में पराजित उम्मीदवार के.आर. पेरियाकरुप्पन की याचिका पर दिया गया। पेरियाकरुप्पन ने अदालत में दावा किया कि शिवगंगा जिले के तिरुपत्तूर विधानसभा क्षेत्र संख्या 185 के लिए भेजा गया एक पोस्टल बैलेट वेल्लोर जिले के तिरुपत्तूर विधानसभा क्षेत्र संख्या 50 में पहुंच गया था। संबंधित अधिकारियों ने उस पोस्टल बैलेट को रिटर्निंग अधिकारी तक भेजने के बजाय सीधे खारिज कर दिया। पेरियाकरुप्पन ने कोर्ट से मांग की थी कि इस गड़बड़ी की पूरी जांच होने तक श्रीनिवास सेतुपति को विधायक के तौर पर कार्य करने से रोका जाए। चुनाव आयोग ने कोर्ट को बताया कि नियमों के मुताबिक, यदि पोस्टल बैलेट से जुड़ी शिकायत मतगणना शुरू होने के बाद आती है, तो उस पर कार्रवाई की नहीं होती।

---

### दिल्ली के 10 जनपथ में चल रही मैराथन बैठक

# केरल सीएम पर सस्पेंस बरकरार, अगले 24 घंटे में होगा फैसला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कांग्रेस आलाकमान केरल के मुख्यमंत्री का नाम तय करने के लिए दिल्ली में विचार-विमर्श का अंतिम दौर जारी है। सूत्रों का कहना है कि दिल्ली के 10 जनपथ मैराथन बैठकें चल रही हैं। केरल कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता राहुल गांधी और केंद्रीय नेतृत्व से मिल चुके हैं। सूत्रों ने ये भी बताया कि पार्टी अगले 24 घंटों के अंदर अंतिम फैसला ले सकती है और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के अंतिम चर्चा में भाग लेने के लिए शाम तक दिल्ली पहुंचने की उम्मीद है, जिसके बाद अंतिम निर्णय पर मोहर लगेगी। फिलहाल केसी वेणुगोपाल इस रेस में सबसे आगे माने जा रहे हैं, लेकिन रमेश चेन्निथला को भी एक सुरक्षित और सर्वसम्मत विकल्प के तौर पर देखा जा रहा है।



### केरल की सत्ता का केंद्र बना दिल्ली

केरल के मुख्यमंत्री पद को लेकर चल रही खींचतान अब पूरी तरह से दिल्ली में केंद्रित हो गई है और 10 जनपथ राजनीतिक गतिविधियों का केंद्र बन गया है। केरल के कई वरिष्ठ नेताओं ने दिनभर राहुल गांधी और केंद्रीय नेतृत्व के सदस्यों से मुलाकात की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष के. मुरलीधरन ने राहुल गांधी से मुलाकात के बाद कहा कि मेरी बैठक अच्छी रही. मैंने राहुल गांधी को अपनी पसंद बता दी है। कल तक फैसला आने की पूरी संभावना है। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों ने संकेत दिया कि नेतृत्व लंबे वक्त तक अनिश्चितता से बचने के लिए उत्सुक है और आंतरिक सलाह समाप्त होने के बाद जल्द ही घोषणा करना चाहता है।

**रेस में सबसे आगे वेणुगोपाल**

*बताया जा रहा है कि कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल को फिलहाल इस दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है। हालांकि, नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी दुविधा ये है कि क्या पार्टी राजनीतिक रूप से इतने महत्वपूर्ण मोड़ पर उन्हें दिल्ली से बाहर भेजने का जोखिम उठा सकती है। वेणुगोपाल संसद के अंदर और संगठन के भीतर दोनों जगह राहुल गांधी के प्रमुख संकटमोचक के रूप में उभरे हैं, जिससे उन्हें विपक्ष के नेता के 'सहायक व्यक्ति' के रूप में मशहूर हैं।*

---

**रिपोर्ट में बड़ा खुलासा**

# मिडिल-ईस्ट जंग में यूएई की एंट्री, ईरानी रिफाइनरी पर अटैक



एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

ईरान के खिलाफ युद्ध में संयुक्त अरब अमीरत (यूएई) ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य मदद की है। संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर सैन्य हमले किए हैं। ये तब किया गया, जब ईरान पर अमेरिका और इजरायल हमले कर रहे थे। हालांकि यूएई ने अभी तक सार्वजनिक रूप से ईरान पर हमले करने की बात स्वीकार नहीं की है। यूएई ने अप्रैल में लावान द्वीप पर ईरान की तेल रिफाइनरी पर भीषण अटैक किया था। अमेरिकी अखबार वॉल स्ट्रीट जर्नल ने अपनी रिपोर्ट में यह खुलासा किया है। यूएई के विदेश मंत्रालय और पेंटागन ने इस रिपोर्ट पर कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया है।

### वाल स्ट्रीट जनरल का दावा

वॉल स्ट्रीट जनरल ने सोमवार को इस मामले से परिचित अफसरों के हवाले बताया कि संयुक्त अरब अमीरात ने ईरान पर सैन्य हमले किए हैं। इस रिपोर्ट से यूएई और ईरान के बीच तनाव और ज्यादा बढ़ सकता है। यह रिपोर्ट ईरान के उन आरोपों को ताकत देती है, जिनमें बार-बार कहा गया है कि यूएई की जमीन का इस्तेमाल उसके खिलाफ हो रहा है। ईरान ने यूएई को इजरायल का 'प्रॉक्सी' कहा है। यूएई ने 8 अप्रैल को ईरान के लावन द्वीप स्थित रिफाइनरी पर एक गुप्त हमला किया, जिससे उस जगह को भारी नुकसान पहुंचा। ईरान ने इसे दुश्मन का हमला बताया, जिसमें कोई हताहत नहीं हुआ। इसके बाद ईरान ने यूएई पर जवाबी हमले भी किए।

---

**एनकाउंटर में ढेर हुआ साइको सीरियल किलर**

# 26 घंटे में रैंडमली 3 लोगों को मारा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले में 26 घंटे तक दहशत का दूसरा नाम बने एक साइको किलर और रिटायर्ड फौजी गुरप्रीत सिंह को सोमवार को पुलिस ने मुठभेड़ में मार गिराया। इस साइको किलर ने 24 से 26 घंटे के भीतर तीन सनसनीखेज हत्याओं को अंजाम देकर दहशत फैला दी थी। आखिरकार पुलिस ने लोगों को इस साइको किलर के आतंक से निजात दिलाई। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान पंजाब के अमृतसर निवासी गुरप्रीत सिंह के रूप में हुई है,



जिसने साल 2021 में सेना की नौकरी छोड़ी थी। इसके बाद वह सामान्य जीवन जीने की कोशिश करने लगा, लेकिन शराब की लत और मानसिक अस्थिरता के कारण वह अपराध की दुनिया में उतर गया। इस दौरान उसने बिहार के आरा में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी भी की, लेकिन ये नौकरी छूटने के बाद उसकी मानसिक स्थिति और खराब हो गई।

### रैंडम तरीके से लोगों को बनाया निशाना

गुरप्रीत ने किसी व्यक्तिगत दुश्मनी के बजाय पूरी तरह रैंडम तरीके से लोगों को अपना निशाना बनाया। उसने पहली वारदात 10 मई को अलीनगर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव के पास ताड़ीघाट पैसेंजर ट्रेन में की, जहां उसने जमानिया निवासी मंगरू को गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद 11 मई की रात कोलकाता से जम्मूतवी जा रही एक्सप्रेस ट्रेन में भी उसने एक यात्री को गोली मार दी। साइको किलर गुरप्रीत ने तीसरी और सबसे सनसनीखेज वारदात को सोमवार सुबह अंजाम दिया, जब आरोपी ने अलीनगर स्थित जीवक अस्पताल में भर्ती एक महिला के सिर में गोली मारकर उसकी हत्या कर दी थी।

---




---


**आधुनिक तकनीक से रूट का रखा जा रहा है विशेष ध्यान**

# चारधाम हेली यात्रा में पीटीजेड कैमरों की नजर

एजेंसी ▶▶| देहरादून

उत्तराखंड नागर विमानन विकास प्राधिकरण (यूसीएडीए) की आधुनिक निगरानी प्रणाली की मदद से चारधाम यात्रा के दौरान सुरक्षित हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन किया जा रहा है और 22 अप्रैल से अब तक 21,000 से अधिक श्रद्धालु इनका लाभ उठा चुके हैं। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाटा, गुप्तकाशी और सिरसी से संचालित शटल सेवाओं के जरिए 17,976 यात्रियों को दर्शन कराए गए जबकि चार्टर्ड सेवाओं के माध्यम से 10 मई तक 3,974 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

**21,000 से ज्यादा श्रद्धालु ने उठाया हेलीकॉप्टर सेवाओं का लाभ**



**सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट में हेड ऑफिस :** अधिकारियों के अनुसार, यहां स्थित सहस्त्रधारा हेलीपोर्ट में स्थापित एकीकृत कमान एवं नियंत्रण एवं संचार केंद्र (आईसीसीसीसी) खराब मौसमी परिस्थितियों में भी हेलीकॉप्टर सेवाओं की हर गतिविधि पर सतत निगरानी बनाए हुए है। इस केंद्र में तैनात नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए), भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) और यूसीएडीए की छह सदस्यीय संयुक्त टीम द्वारा हवाई यातायात नियंत्रण (एटीसी) के साथ समन्वय स्थापित करके हेली रूट, ट्रैकिंग डिवाइस और प्रत्येक हेली ट्रिप एवं शटल सेवा की हर समय निगरानी की जा रही है।

### ये है चार धाम यात्रा

इस वर्ष की चार धाम यात्रा 19 अप्रैल को अक्षय तृतीया के पर्व से शुरू हुई थी जब उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री और यमुनोत्री मंदिर के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खुले थे। रुद्रप्रयाग जिले में स्थित केदारनाथ मंदिर के कपाट 22 अप्रैल को तथा चमोली जिले में स्थित बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुले थे।

### केदारनाथ मंदिर की आय में 34 प्रतिशत इजाफा

देहरादून। केदारनाथ मंदिर की वित्त वर्ष 2024-25 में चढ़ावे, दान और विभिन्न सेवाओं से कुल 71.06 करोड़ रुपये की आमदनी हुई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 34.32 प्रतिशत अधिक है। कार्यकर्ता अमित गुप्ता ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) आवेदन के जरिये जानकारी मांगी थी, जिसके जवाब में ये आंकड़ें उपलब्ध कराए हैं। वर्ष 2023-24 में मंदिर की आय 52.90 करोड़ रुपये रही थी। मंदिर समिति ने बताया कि 2024-25 में 3.77 करोड़ रुपये की शुरुआती शेष राशि को शामिल करने के बाद रुद्रप्रयाग जिले में मंदिर के लिए कुल उपलब्ध धनराशि 74.84 करोड़ रुपये तक पहुंच गई।

रायपुर
बुधवार 13 मई 2026
ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष एकादशी
वर्ष : 24, अंक : 292
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5 .00**

**मौसम**
अधि. 41.0
न्यून. 28.1

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

संस्थानों को अपने कचरे का कराना होगा वार्षिक ऑडिट

# सरकार ने तय किए 'कचरा सेठ', जहां रोज निकल रहा 100 किलो कूड़ा, वहां कराना होगा आडिट, तय होगी जिम्मेदारी, जुर्माना भी

जिया कुरैशी ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अगर किसी के पास 20 हजार वर्ग मीटर से अधिक का भवन है तो जाहिर है वह इस भवन का सेठ होगा, लेकिन सरकार की नजर में उसे कचरा सेठ माना जाएगा क्योंकि इतने बड़े भवन से वह रोजाना बड़े पैमाने पर कचरा भी निकालेगा। जहां पानी की खपत 40 हजार लीटर से अधिक हो रही है, वह भी कचरा पैदा कर रहा है। यही नही, अगर किसी जगह से रोजाना 100 किलो ठोस कचरा निकाला जा रहा है तो वह भी थोक अपशिष्ट उत्पादक यानी कचरा सेठ माना जाएगा। अब इन सब की ▶▶|शेष पेज 7 पर

हरिभूमि खास

### कौन माना जाएगा 'थोक अपशिष्ट उत्पादक?

सरकार ने स्पष्ट परिभाषा तय की है ताकि किसी भी तरह का भ्रम न रहे। जितने मानदंड तय किए गए हैं, उनमें से कोई भी एक मानदंड पूरा करने वाली इकाई इस श्रेणी में आएगी। क्षेत्रफल- 20,हजार वर्ग मीटर या उससे अधिक का भवन क्षेत्र। पानी की खपत- प्रतिदिन 40,हजार लीटर से अधिक पानी का उपयोग। कचरे की मात्रा- प्रतिदिन 100 किलो से अधिक ठोस अपशिष्ट का उत्पादन।

नए नियम लागू, 'थोक अपशिष्ट उत्पादकों' पर कसेगा शिकंजा



### जियो टैगिंग और ऑनलाइन मैपिंग

प्रबंधन को आधुनिक बनाने के लिए प्रशासन अब तकनीक का सहारा ले रहा है। चिन्हांकित किए गए सभी थोक अपशिष्ट उत्पादकों के डेटा की जियो टैगिंग की जाएगी। इसके साथ ही, आवास एवं पर्यावरण विभाग द्वारा एक समर्पित पोर्टल विकसित किया जा रहा है, जहाँ इन सभी इकाइयों की ऑनलाइन मैपिंग की जाएगी।

### संस्थानों को अपने कचरे का वार्षिक ऑडिट करना होगा

*नए नियमों की एक महत्वपूर्ण कड़ी विस्तारित थोक अपशिष्ट उत्पादक उत्तरदायित्व प्रमाण-पत्र है। निकायों को अपनी उप-विधियों (बायलाज) में इस प्रमाण-पत्र के लिए शुल्क अधिसूचित करना होगा। इस प्रमाण-पत्र में गीले, सूखे और सैनिटरी कचरे के प्रसंस्करण और रीसाइक्लिंग की पूरी जानकारी देना अनिवार्य होगा। संस्थानों को अपने कचरे का वार्षिक ऑडिट करना होगा और इसकी रिपोर्ट राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भेजनी होगी।*

### लगेगा भारी जुर्माना

*शासन ने साफ़ कर दिया है कि नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई थोक अपशिष्ट उत्पादक अपनी जिम्मेदारियों को निभाने में विफल रहता है, तो 'ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026' की कंडिका 17 के तहत पर्यावरण प्रतिकर या अर्थदण्ड अधिरोपित किया जाएगा। इसके लिए सभी नगरीय निकायों को अपनी उप-विधियों में जुर्माने के कड़े प्रावधान शामिल करने को कहा गया है। माना जा रहा है कि यह कदम न केवल शहरों की सफाई व्यवस्था को सुधारेगा, बल्कि कचरे के वैज्ञानिक निपटान की दिशा में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।*

## खबर संक्षेप

### ट्रंप एक और स्वास्थ्य परीक्षण करवाएंगे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप दंत चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण के लिए इस



महीने चिकित्सकों से मिलेंगे और पदभार संभालने के बाद वह चौथी बार जांच के लिए चिकित्सा विशेषज्ञों से मिलेंगे। 'व्हाइट हाउस' ने इसे नियमित वार्षिक शारीरिक जांच बताया है।

### विषैली गैस के धुएं के कारण चार कर्मचारी बेहोश

**विशाखापट्टनम।** विशाखापत्तनम इस्पात संयंत्र की ताप विद्युत इकाई क्षेत्र में एक गैस के रिसाव के बाद उसके धुएं के संपर्क आने से चार कर्मचारी बेहोश हो गए। यह घटना सोमवार शाम करीब चार बजे हुई। उन्होंने बताया कि टीपीपी क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचारियों को गैस रिसाव का अहसास हुआ और इसके कुछ ही देर बाद वे बेहोश होकर गिर पड़े।

### जैकलीन ने वापस ली सरकारी गवाह की अर्जी

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडिस ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े 200 करोड़ रुपए



के मनी लॉन्ड्रिंग केस में सरकारी गवाह बनने की मांग रखी थी। ईडी ने इसका विरोध किया। इसके बाद जैकलीन ने अपनी यह अर्जी वापस ले ली है। जैकलीन ने कथित ठग सुकेश चंद्रशेखर से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में सरकारी गवाह बनना चाहती थी।

### 100 करोड़ की एमडी बनाने का कच्चा माल जब्त

**मुंबई।** मुंबई में मादक पदार्थों के एक निर्माण नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए पुलिस ने चार लाख रुपए मूल्य का कच्चा माल और रसायन जब्त किया है, जिससे 100 करोड़ रुपए मूल्य की मेफेड्रोन (एमडी) तैयार की जा सकती थी। इस कार्रवाई के जरिए तस्करों के उस मंसूबे पर पानी फेर दिया गया है, जिसके तहत बाजार में भारी मात्रा में 'कृत्रिम मादक पदार्थ' खपाने की तैयारी थी। पिछले महीने की शुरुआत में मेफेड्रोन तस्करी नेटवर्क की जांच शुरू हुई थी।

### नेशनल पार्क कुनो में चार शावकों की मौत



**श्योपुर।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में स्थिति कूनो नेशनल पार्क में मादा चीता केजीपी-12 के चारों शावक मृत मिले हैं। मॉनिटरिंग टीम जब श्योपुर टेरिटोरियल डिवीजन के जंगल क्षेत्र में पहुंची, तो मांद के पास शावकों के शव पड़े मिले थे। जिसके बाद हड़कंप मच गया। शावकों की मौत किस कारण से हुई है। इसका खुलासा नहीं हुआ है। वन विभाग की टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। आशंका जताई जा रही है कि किसी जंगली शिकारी जानवर ने शावकों पर हमला किया है।



# कुम्हारी में सिलेंडर ब्लास्ट, चार जिंदा जले
# दल्ली राजहरा में मिट्टी धंसी, तीन जमींदोज

*__कुम्हारी/बालोद।__ मंगलवार को दो बड़े हादसों ने छत्तीसगढ़ को झकझोर दिया। पहला हादसा रायपुर के नजदीक कुम्हारी के ग्राम खपरी में हुआ। यहां आगजनी के बाद सिलेंडर ब्लास्ट में चार की मौत हो गई। दूसरी दुर्घटना बालोद के दल्ली राजहरा की है, जहां सिवरेज में पाइप लाइन बिछाने के दौरान मिट्टी धंसी और तीन श्रमवीर उसमें समा गए। इन दोनों बड़े हादसों से घटनास्थल के आसपास अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।*

## पाइप लाइन का चल रहा था काम, भरभराकर धंसी मिट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दल्लीराजहरा के फुटबॉल ग्राउंड के पास निर्माण कार्य के दौरान मिट्टी धंसने से 3 मजदूर नाली में दब गए। घटना के बाद इलाके में अफरा–तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, तीनों मजदूरों की मौत की आशंका जताई जा रही है।

पुलिस के अनुसार बीएसपी की सीवरेज पाइपलाइन विस्तार परियोजना के तहत कार्य चल रहा था। इस दौरान जेसीबी और चेन माउंट मशीन की मदद से खुदाई की जा रही थी। अचानक मिट्टी धंसने से वहां काम कर रहे मजदूर मलबे में दब गए। मृतकों में



बैसाखिन बाई, किशुन सोरी की पहचान हुई है। वहीं तीसरे की पहचान में पुलिस जुटी हुई है। मामले में अभी पुलिस पड़ताल जारी है। जांच उपरांत स्पष्ट हो सकेगा कि किसकी लापरवाही से घटना घटित हुई है।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बीएसपी के वरिष्ठ अधिकारी ▶▶|शेष पेज 7 पर

## शार्ट सर्किट से आग, फिर सिलेंडर फूटा, बचने का नहीं मिला मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

कुम्हारी के खपरी गांव में मंगलवार को बिजली पोल के शार्ट सर्किट की वजह से मकान में आग लग गई। मकान के अंदर चार भरे सिलेंडर फट गए, जिससे पिता, दो बेटियां और डेढ़ साल की मासूम बच्ची की जिंदा जलने से मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही मौके पर मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, गजेंद्र यादव, सांसद विजय बघेल, कलेक्टर, एसएसपी भी पहुंचे। चारों के शव को मकान से बाहर निकाला गया। शव को पीएम के लिए मरचूरी भेजा गया। फिलहाल पुलिस टीम जांच में जुटी हुई है। पुलिस के मुताबिक ग्राम ▶▶|शेष पेज 7 पर



### पोल में शॉर्ट सर्किट से हुआ हादसा

बिजली पोल में हुए शार्ट सर्किट की आग पहले किचन तक पहुंची, जिससे गैस सिलेंडर विस्फोट हुआ। यह सब इतनी जल्दी हुआ कि घर के भीतर मौजूद लोग बाहर तक निकल नहीं पाए। आसपास के लोगों ने धमाके की आवाज सुनकर अपने घरों ,से बाहर निकले। लेकिन आग काफी फैलने से कोई उनकी मदद नहीं कर पाया।

### मृतक परिजनों को दिया जाएगा मुआवजा

*हादसा में मृत परिवारों को सीएम की ओर से 5-5 लाख रुपए देने की घोषणा की गई है। जिला प्रशासन के तरफ से भी मुआवजा राशि दी जानी है। घटना दुखद है। कलेक्टर को जांच कर हादसे का सही कारण पता लगाने को कहा गया है।*

*-श्याम बिहारी जायसवाल*
*स्वास्थ्य मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन*

सेंसेक्स 1456 और निफ्टी 23500 अंक नीचे आया

# तेल की चिंता में ढह गया शेयर बाजार

### दबाव के तीन बड़े कारण

- कच्चे तेल की कीमतों का 105-107 डॉलर प्रति बैरल के आसपास बने रहना
- डॉलर के मुकाबले रुपए का नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर आना
- विदेशी निवेशकों की लगातार आक्रामक रूप से पूंजी निकासी

एजेंसी ▶▶| मुंबई

स्थानीय शेयर बाजारों में मंगलवार को लगातार चौथे कारोबारी सत्र में गिरावट आई। बीएसई संसेक्स 1,456 अंक लुढ़क गया, जबकि एनएसई निफ्टी 23,500 अंक के नीचे आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमत और पश्चिम एशिया संघर्ष को लेकर अनिश्चितता से बाजार धारणा पर प्रतिकूल असर पड़ा है। विदेशी संस्थागत निवेशकों की निरंतर पूंजी निकासी और रुपए के अब तक के सबसे निचले स्तर पर आने से भी निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई।



चौतरफा बिकवाली के बीच, तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 1,456.04 अंक यानी 1.92 प्रतिशत टूटकर 74,559.24 अंक पर बंद हुआ। कारोबार दौरान, यह 1,565.78 अंक लुढ़क कर 74,449.50 अंक पर आ गया था।

### एसबीआई छोड़ सभी में गिरावट

सिर्फ भारतीय स्टेट बैंक के शेयर में तेजी रही। मझोली कंपनियों से संबंधित बीएसई मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 2.92 प्रतिशत नीचे आया जबकि छोटी कंपनियों से जुड़ा स्मॉलकैप 2.73 प्रतिशत लुढ़क गया। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 2.75 प्रतिशत बढ़कर 107.1 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। डॉलर के मुकाबले रुपया मंगलवार को 35 पैसे टूटकर अबतक के सबसे निचले स्तर 95.63 (अस्थायी) पर आ गया।

### एक्सपर्ट बोले- भरोसे की कमी

लाइवलॉन्ग वेल्थ के शोध विश्लेषक और संस्थापक हरिप्रसाद के. ने कहा कि यह मुनाफावसूली कोई नियमित बिकवाली जैसी नहीं है। वर्तमान गिरावट बाजार में भरोसे की कमी का नतीजा लगती है। उन्होंने कहा, निवेशक हाल के नीतिगत संदेशों और मितव्ययिता की टिप्पणियों को इस संकेत के रूप में देख रहे हैं कि नीति निर्माता आने वाले कठिन वृहद आर्थिक परिवेश के लिए तैयारी कर रहे हैं।

*सरकारी मशीनरी में अनावश्यक ईंधन की खपत रोकने जारी होंगे दिशा-निर्देश*

# साय के संकेत, सरकारी वाहनों में पेट्रोल-डीजल की होगी कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में ईंधन संकट के बीच, राज्य सरकार ने मितव्ययता अपनाते हुए सरकारी वाहनों के लिए पेट्रोल-डीजल की खपत में कमी करने का निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील और सुझावों को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ़ में सरकारी वाहनों के ईंधन खर्च में कटौती करने के स्पष्ट संकेत दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा, राज्य सरकार जल्द ही पेट्रोल-डीजल के उपयोग को सीमित करने पर ठोस निर्णय लेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे प्रधानमंत्री मोदी के सुझावों पर पूरी तरह अमल ▶▶|शेष पेज 7 पर



### स्टेट गैरेज से 200 सरकारी वाहन आवंटित

अधिकारियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ स्टेट गैरेज से लगभग 200 कार और अन्य सरकारी वाहन मंत्रियों और अधिकारियों को आवंटित है। इन वाहनों में प्रतिदिन की पेट्रोल-डीजल की खपत तय है। बताया जाता ▶▶|शेष पेज 7 पर

### इतनी पेट्रोल-डीजल की सीमा तय

वित्त विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार, रायपुर में पदस्थ शासकीय अधिकारियों के वाहनों के लिए 250 लीटर, जबकि नवा रायपुर में 80 लीटर की मासिक सीमा तय है। मुख्यमंत्री और मंत्रियों के लिए 600 लीटर की मासिक सीमा तय है। ईंधन संकट को लेकर अब वाहनों की संख्या भी घटाने के निर्णय लिए जा सकते हैं।

प्रधानमंत्री की अपील पर मंत्री ने लिया निर्णय

# ओपी ने छोड़ा प्रोटोकॉल, पायलट गाड़ी का नहीं करेंगे इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर पायलट, फॉलो गाड़ी या प्रोटोकाल का उपयोग नहीं करने का निर्णय लिया है। सोशल मीडिया पर श्री चौधरी ने घोषणा की है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की अपील पर मैंने स्थिति सामान्य होते तक कुछ अति अनिवार्य परिस्थितियों को छोड़कर कोई पायलट या फॉलो गाड़ी/प्रोटोकॉल उपयोग नहीं करने का निर्णय किया है। उल्लेखनीय है ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे तनाव की वजह से दुनियाभर में तेल की कीमतें बढ़ी हैं। भारत अपनी जरूरतों के लिए आयात पर निर्भर है। तेल की कीमतें बढ़ने से देश पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। श्री मोदी ने लोगों से अपील की है कि पेट्रोल-डीजल का कम से कम इस्तेमाल करें। पीएम की अपील पर श्री चौधरी ने प्रोटोकाल के तहत इस्तेमाल होने वाली गाड़ियों की संख्या कम करने की घोषणा की ▶▶|शेष पेज 7 पर

## असम में फिर एनडीए की सरकार हिमंता ने ली सीएम पद की शपथ



**गुवाहाटी।** हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए असम के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। इसके साथ ही राज्य में लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार बन गई है। उनके साथ चार विधायकों ने भी मंत्री के रूप में शपथ ली जिनमें भाजपा के अजंता नियोग और रामेश्वर तेली, सहयोगी दल असम गण परिषद (अगप) के अतुल बोरा और बोडोलैंड पीपुल्स फ्रंट (बीपीएफ) के चरण बोरो शामिल हैं।

कई दिग्गज कोर ग्रुप की बैठक से रहे दूर

# छत्तीसगढ़ के भाजपा कोर ग्रुप से मोहले, नेताम बृजमोहन, उसेंडी, गौरीशंकर और रेणुका बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के दिग्गज नेता पूर्व मंत्री और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भाजपा के कोर ग्रुप से बाहर कर दिए गए हैं। इसके साथ ही पुन्नूलाल मोहले, रामविचार नेताम, बृजमोहन अग्रवाल, विक्रम उसेंडी, गौरीशंकर अग्रवाल, रेणुका सिंह को भी बाहर कर दिया गया है। भाजपा की प्रदेश कार्यसमिति बुधवार को होने वाली है। इसके पहले मंगलवार को भाजपा कोर ग्रुप की बैठक रखी गई। इस बैठक में कोर ग्रुप के बाकी सदस्यों को बुलाया गया, लेकिन कई दिग्गजों को नहीं बुलाया गया। इस मामले में बृजमोहन अग्रवाल ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए कहा, उनको कोर ग्रुप की बैठक के बारे में कोई सूचना नहीं है, इसलिए मैं नहीं जा रहा हूं। छत्तीसगढ़ बनने के बाद ▶▶|शेष पेज 7 पर

### ये हुए इन



विजय शर्मा | ओपी चौधरी | लता उसेंडी | अमर अग्रवाल | शिव रतन

### मैं अभी भी कोर ग्रुप का सदस्य



हरिभूमि ने बृजमोहन अग्रवाल से कोर ग्रुप की बैठक को लेकर बात की तो उन्होंने बताया मैं अभी दिल्ली से लौटा हूं, मुझे कोर ग्रुप की बैठक की कोई जानकारी नहीं है, इसलिए मैं नहीं जा रहा हूं। उन्होंने बताया वे अभी कोर ग्रुप के सदस्य हैं और हमेशा भाजपा के कोर ग्रुप में रहे हैं।

## चिंतन

# नीट परीक्षा की शुचिता पर फिर उठे सवाल

देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट-यूजी 2026 का रद्द होना केवल एक परीक्षा का स्थगन नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था और परीक्षा की शुचिता पर उठा बड़ा सवाल है। हरियाणा के गुरुग्राम, बिहार के नालंदा और राजस्थान के सीकर से सामने आए तथ्यों ने पूरे देश को चौंका दिया। फिजिक्स, केमिस्ट्री और बायोलॉजी के 300 से अधिक प्रश्न हाथ से लिखे गए एक कथित 'क्वेश्चन बैंक' में मिले, जिनमें से करीब 150 सवाल हूबहू नीट परीक्षा में पूछे गए। यह कोई संयोग नहीं हो सकता। विशेषज्ञ भी मानते हैं कि किसी कोचिंग सामग्री या संभावित प्रश्न बैंक से कुछ प्रश्न मिल जाना सामान्य बात हो सकती है, लेकिन 720 में से लगभग 600 अंकों के प्रश्न एक ही स्रोत से आ जाना सीधे-सीधे संगठित फर्जीवाड़े की ओर इशारा करता है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि आखिर देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली परीक्षा में यह सेंध लगी कैसे? एनटीए वर्षों से दावा करता रहा है कि परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी निगरानी, बायोमेट्रिक सत्यापन, जीपीएस ट्रैकिंग, एआई-आधारित मॉनिटरिंग और 5जी जैमर जैसी अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया जा रहा है। लेकिन जब परीक्षा से पहले ही कथित प्रश्नपत्र व्हाट्सएप ग्रुपों में घूमने लगें, तो यह तकनीकी दावों की पोल खोल देता है। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि खतरा परीक्षा केंद्रों पर बैठा छात्र नहीं, बल्कि वह "घर का भेदी" है जो प्रिंटिंग प्रेस, डेटा सिस्टम या एजेंसी के भीतर बैठकर पूरी व्यवस्था को बेच रहा है। नीट परीक्षा का रद्द होना लाखों छात्रों के लिए मानसिक आघात है। ऐसे विद्यार्थी जिन्होंने दो-दो साल तक कोचिंग में दिन-रात मेहनत की, जिन्होंने परिवार की आर्थिक सीमाओं के बावजूद सपनों को जिंदा रखा, आज वे खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। परीक्षा रद्द होने का अर्थ केवल दोबारा परीक्षा देना नहीं होता; इसका मतलब है तनाव, अवसाद, आर्थिक बोझ और भविष्य की अनिश्चितता। ग्रामीण और मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए यह पीड़ा और भी बड़ी है, क्योंकि उनके लिए हर अतिरिक्त महीना आर्थिक दबाव लेकर आता है। यह भी सच है कि इस पूरे भ्रष्ट तंत्र को केवल परीक्षा एजेंसी की कमजोरी ने जन्म नहीं दिया। निजी मेडिकल कॉलेजों की करोड़ों की फीस, कोचिंग उद्योग का अरबों का कारोबार और सरकारी सीटों की सीमित संख्या ने एक ऐसा बाजार खड़ा कर दिया है, जहां सफलता को मेहनत से ज्यादा "मैनेजमेंट" से जोड़कर देखा जाने लगा है। जब एक मेडिकल सीट की कीमत करोड़ों में पहुंच जाती है, तब पेपर लीक माफिया के लिए यह सबसे लाभकारी धंधा बन जाता है। पिछले कुछ वर्षों में लगभग हर बड़ी भर्ती और प्रवेश परीक्षा पर सवाल उठे हैं। कभी एसएससी, कभी रेलवे भर्ती, कभी शिक्षक पात्रता परीक्षा और अब नीट। हर बार जांच समितियां बनती हैं, कुछ गिरफ्तारी होती हैं, लेकिन सिस्टम जस का तस बना रहता है। यदि सरकार वास्तव में परीक्षा माफिया को खत्म करना चाहती है, तो उसे केवल निचले स्तर के दलालों को पकड़ने से आगे बढ़ना होगा। उन अधिकारियों, तकनीकी कर्मचारियों और संस्थागत नेटवर्क तक पहुंचना होगा जो इस पूरे खेल को संरक्षण देते हैं। अब समय केवल बयानबाजी का नहीं, कठोर सुधारों का है। परीक्षा प्रक्रिया को पूरी तरह विकेंद्रीकृत और पारदर्शी बनाना होगा। प्रश्नपत्र निर्माण से लेकर प्रिंटिंग और वितरण तक हर चरण की स्वतंत्र ऑडिटिंग होनी चाहिए। संवेदनशील जिम्मेदारियों में शामिल कर्मचारियों की जवाबदेही तय हो और दोष सिद्ध होने पर कठोर सजा मिले। साथ ही, परीक्षा प्रणाली को तकनीक पर निर्भर बनाने के साथ-साथ मानव निगरानी और नैतिक जवाबदेही भी मजबूत करनी होगी।

नीट परीक्षा

बाल मुकुन्द ओझा



# सपने व हौसले तोड़ रहीं पेपर लीक की घटनाएं

देशभर में परीक्षाओं में पेपर लीक के मामले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। पेपर लीक किसी राज्य विशेष का मामला नहीं है, अपितु यह देश की युवा आबादी के भविष्य से जुड़ा ज्वलंत विषय है। आज प्रतियोगी और भर्ती परीक्षाओं में शुचिता बनाए रखना किसी कठिनतम चुनौती से कम नहीं है। सरकारी नौकरी पाने का सपना हर शिक्षित युवा देखता है। इसके लिए वह सालों तक कड़ी मेहनत और रात दिन पढ़ाई करके परीक्षा में इस उम्मीद और विश्वास से बैठता है कि उसे सफल होना है, लेकिन पेपर लीक की घटनाएं ऐसे अभ्यर्थियों का सपना और हौसला तोड़ देती हैं। पेपर लीक के कारण आयोग्य उम्मीदवार बाजी मार कर शासनतंत्र का हिस्सा बन जाता है। भर्ती परीक्षाओं में सरकारी लापरवाही का खामियाजा बेरोजगारों को वर्षों से भुगतना पड़ रहा है। ताज़ा प्रकरण नीट यूजी 2026 परीक्षा से जुड़ा सामने आया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक पेपर लीक और परीक्षा में अनियमितताओं के आरोपों के बीच राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) ने 3 मई 2026 को आयोजित नीट-यूजी 2026 परीक्षा को रद्द कर दिया है। केंद्र सरकार ने मामले की सीबीआई जांच के आदेश दिए हैं। 22 लाख से अधिक कैंडिडेट्स ने एग्जाम दिया था। राजस्थान के सीकर से नीट यूजी 2026 पेपर लीक का मामला सामने आया है। जांच में सामने आया कि इस गेस पेपर के कई सवाल असली परीक्षा से मिल रहे थे। बताया जा रहा है कि 720 नंबर की परीक्षा में करीब 600 नंबर के सवाल पहले से छात्रों तक पहुंच गए थे। यह कथित क्वेश्चन बैंक एक एमबीबीएस छात्र ने अपने दोस्त को भेजा था, जिसके बाद यह अलग-अलग लोगों तक फैल गया। राजस्थान एसओजी ने इस मामले में एक्शन लेते हुए देहरादून, सीकर और झुंझुनू से 13 संदिग्धों को हिरासत में लिया है। इससे पूर्व साल 2021 की सब-इंस्पेक्टर और प्लाटून कमांडर भर्ती परीक्षा को राजस्थान हाईकोर्ट ने रद्द कर दिया था। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने भी इस फैसले को बरकरार रखा। कोर्ट ने माना कि भर्ती प्रक्रिया में बड़े स्तर पर धांधली और सिस्टमेटिक पेपर लीक हुआ था। मामले में राजस्थान लोक सेवा आयोग यानी आीपीएससी के एक सदस्य की गिरफ्तारी भी हुई थी। अब ये परीक्षा दोबारा करवाई जा रही है। इसी बीच नीट पेपर लीक मामले को लेकर देशभर में भारी हंगामा मच गया है। परीक्षा रद्द होने के बाद छात्रों का गुस्सा और बढ़ गया है। प्रदर्शन और आंदोलन भी शरू हो गया है। नेताओं ने बयान बाज़ी शरू कर दी है। अच्छे भविष्य के लिए लाखों युवाओं के लिए सरकारी नौकरियां किसी सपने से कम नहीं होती। सालों की मेहनत करने के बाद मिलने वाला एक मौका उनकी जिंदगी बदल सकता है। लेकिन क्या हो जब उनकी मेहनत पर पेपर लीक का दाग लग जाए? पेपर लीक की इस महामारी में सरकारी कर्मचारी शिक्षक अपराधी माफिया, कोचिंग सेंटर, आदि शामिल हैं। विभिन्न प्रदेशों में दर्जनों संगठित गिरोह सक्रीय है जिन्होंने पेपर लीक का ठेका ले रखा है। इन गैंगों ने मोटी राशि वसूलकर पेपर बेचने का आपराधिक कार्य किया। अनेक सरगना और और परीक्षार्थी पुलिस की पकड़ में है जिनसे गहरी पूछताछ की जा रही है। पेपर लीक की समस्या से जूझ रहे कई राज्यों में से राजस्थान भी एक है। राजस्थान में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर लीक होने का सिलसिला कई सालों से चल रहा है। पिछले कांग्रेस शासनकाल में यह कार्य धड़ल्ले से चला। पेपर लीक प्रदेश के युवाओं के लिए अभिशाप बन गया है। इससे न सिर्फ भविष्य निर्माण के कीमती वर्ष बर्बाद हो रहे हैं बल्कि उनके परिवारों पर भी आर्थिक और मानसिक बोझ पड़ रहा है। प्रदेश में पेपर लीक होने की घटनाएं बढ़ती जा रही है। जिस वजह से एग्जाम को रद्द करना पड़ता है और ऐसे छात्रों के भविष्य पर भी असर पड़ता है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक इससे पूर्व आरएस भर्ती 2013 में प्री-एग्जाम का रिजल्ट आने के बाद पता चला कि पेपर पहले ही बाहर था, जिसकी वजह से पूरी परीक्षा रद्द हुई। कांस्टेबल भर्ती 2018 और 2022 दोनों ही बार पुलिस की अपनी ही परीक्षा का पेपर लीक हुआ था। जेईएन सिविल भर्ती 2020 में पेपर लीक का मामला इतना बढ़ा कि बोर्ड के अध्यक्ष को अपने पद से इस्तीफा तक देना पड़ गया था। लाइब्रेरियन भर्ती 2018 में नकल गिरोह के तार शेखावाटी तक फैले मिले और परीक्षा को बीच में ही निरस्त करना पड़ा। एलडीसी भर्ती 2013 में पेपर आउट होने की वजह से जो भर्ती चंद महीनों में होनी थी, उसे पूरा होने में 3 साल लग गए। आरपीएमटी 2014 में सवालों में भारी गड़बड़ी और लीक के आरोपों के बाद इस मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम को भी रद्द करना पड़ा था।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



मंथन

मनोज कुमार अग्रवाल

# नाजुक वक्त में काबिले गौर है पीएम की सलाह

**अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है, लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्टेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है, जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है। इसलिए पीएम नरेंद्र मोदी ने आमजन से यह सात सूत्रीय अपील की है। जो देश को ऊर्जा संकट से बचा सकती है।**

हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने हैदराबाद के संबोधन में देशवासियों को ऊर्जा संकट के इस दौर में ऊर्जा सुरक्षा संयमित उपयोग कर कर्तव्य बोध के प्रति जागरूक किया है। पीएम की इस 7 सूत्री अपील में न सिर्फ आम जन के बीच संकट की हालत में मनोबल और विश्वास बने रहने की प्रेरणा है साथ ही संकट से निपटने का मूलमंत्र भी है। सरकार वैश्विक संकट के इस दौर में नागरिकों के लिए सुरक्षा कवच बनकर डटी रही आयातित तेल पर भारी दाम वृद्धि को सरकार ने 24 से 30 रुपये प्रति लीटर भार वहन किया है पैट्रोल पर उत्पाद शुल्क 13 रुपये से घटित कर तीन रुपये लीटर कर दिया, जबकि डीजल पर उत्पाद शुल्क खत्म कर दिया है। आपको पता है कि अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य के अवरुद्ध होने से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट से निपटने में भारत सरकार का कुशल प्रबंधन दुनिया के प्रभावित देशों के लिए एक मिसाल बन गया है लेकिन मौजूदा समय में अमेरिका और इजराइल-ईरान के बीच जो हालात बने हैं उनसे ऐसा प्रतीत होता है कि फिलहाल होर्मुज स्ट्रेट मार्ग निर्बाध खुलने की संभावना नहीं है। जिसके चलते सरकार को उर्जा संकट से निपटने के लिए मौजूदा संसाधनों की समीक्षा और उर्जा जरूरतों के प्रबंधन की दीर्घकालिक नीति बनानी पड़ रही है पूर्व तक यह अनुमान था कि होरमुज मार्ग का विवाद जल्द सुलझ जाएगा और स्थिति पूर्ववत सामान्य हो जाएगी लेकिन अब ऐसा नहीं है।

आपको बता दें कि होर्मुज जलडमरूमध्य वैश्विक ऊर्जा व्यापार के लिए सबसे महत्वपूर्ण संकीर्ण मार्ग है, जिससे भारत अपनी 90 फ़ीसदी से अधिक एलपीजी और लगभग 40 फीसदी कच्चा तेल आयात करता है। ऐसी विषम परिस्थितियों में, जब दुनिया भर में ईंधन की भारी कमी और कीमतों में आग लगने का अंदेशा था, भारत सरकार ने दूरदर्शिता, कूटनीतिक कुशलता और त्वरित रणनीतिक निर्णयों से देश में ऊर्जा की सुव्यवस्था बनाए रखी बल्कि आम जनता पर बढ़ी कीमतों का भार भी नहीं बढने दिया। संकट का संकेत मिलते ही भारत सरकार ने आत्मनिर्भर भारत के विजन को क्रियान्वित करते हुए न केवल वैकल्पिक स्रोत तलाशे बल्कि घरेलू संसाधनों को भी मजबूत किया। भारत सरकार के कुशल प्रबंधन और कूटनीतिक संबंधों की बदौलत देश ने उस समय भी डीजल पेट्रोल और एलपीजी की कोई दिक्कत नहीं होने दी जब की देशों में बेहद परेशानी और किल्लत खड़ी हो गई थी स्पेन मिस्र श्रीलंका दक्षिण कोरिया फिलीपींस जापान पाकिस्तान बांग्लादेश आदि में वहां की सरकारों ने ईंधन राशनिंग, वर्क फ्रॉम होम, फ्यूल पास, स्कूल बंद जैसे अनेक प्रतिबंध भरे कदम उठाए लेकिन भारत सरकार की सूझ-बूझ और प्लानिंग के चलते ईंधन राशनिंग नहीं हुई, स्कूल बसों, वाहनों व परिवहन यातायात की गाड़ियों को मांग के अनुरूप फ्यूल मिलते रहने से कोई स्कूल बंदी नहीं हुई और न ही कोई दफ्तर बन्द करने पड़े। तमाम दफ्तर सामान्य तौर पर कार्यरत रहे जिससे कोई वर्क-फ्रॉम-होम निर्देश पारित करने की नौबत नहीं आने पाई। देश भर में खुदरा ईंधन की स्थिर आपूर्ति बनाए रखी गई। यह सब त्वरित सरकारी हस्तक्षेप से संभव हो पाया है। एलपीजी और घरेलू आपूर्ति संरक्षण व्यवधान के 8 दिनों के भीतर सरकार ने एलपीजी नियंत्रण आदेश जारी किया रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन अधिकतम करने का निर्देश दिया गया। घरेलू एलपीजी उत्पादन को 36,000



टन प्रति दिन से बढ़ाकर 54,000 टन प्रतिदिन कर दिया गया जो लगभग 50 फीसद की वृद्धि है। 9 दिनों के भीतर प्राकृतिक गैस आपूर्ति विनियमन आदेश जारी किया गया। पीएनजी घरेलू उपभोक्ताओं और सीएनजी सार्वजनिक परिवहन को 100 फीसदी आवंटन के साथ संरक्षित किया गया। सरकार द्वारा सार्वजनिक आपूर्ति बनाए रखने के लिए औद्योगिक आवंटन को भी सुचारू और युक्तिसंगत बनाए रखा। भारत सरकार द्वारा रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका, पश्चिम बंगाल, अफ्रीका, अटलांटिक बेसिन से त्वरित संपर्क स्थापित कर ईंधन आपूर्ति की व्यवस्था की गई। भारत में एलपीजी की मांग लगभग 90,000 टन की प्रतिदिन की है जिसे वैकल्पिक ईंधन के इस्तेमाल के माध्यम से 70 से 75000 टन प्रतिदिन कर दिया गया है। भारत में घरेलू उत्पादन बढ़कर 54000 टन प्रतिदिन होने से शेष आयात की आवश्यकता घटकर 20,000 टन प्रतिदिन की रह गई है। सरकार द्वारा आठ लाख टन कार्गो पहले ही सुरक्षित किए जा चुके हैं, जिससे आज हमारे पास चालीस दिनों का अग्रिम भंडार उपलब्ध है। सरकार के सामने सबसे बड़ी चुनौती घरेलू रसोई गैस की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करना था। इस कठिन समय में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा की गई पहल के तहत, सरकार ने पनामा नहर जैसे वैकल्पिक रास्तों का उपयोग करते हुए अमेरिका, रूस, ऑस्ट्रेलिया और पश्चिम अफ्रीका से तेल और गैस आयात के लिए वैकल्पिक इंतजाम किए। इसके साथ ही, सरकार ने देश के रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार का बुद्धिमानी से उपयोग किया, जो भारत को अल्पावधि के लिए वैश्विक आपूर्ति झटकों से बचाते हैं। सरकार के इस कदम ने न केवल बाजार को स्थिरता प्रदान की, बल्कि ईंधन की कीमतों में अत्यधिक उछाल को रोकने में भी मदद की।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत ने पश्चिम एशियाई देशों, विशेषकर सऊदी अरब, यूएई और ईरान के साथ निरंतर कूटनीतिक संवाद बनाए रखा इस के चलते होर्मुज संकट के बावजूद भारतीय जहाजों की सुरक्षित आवाजाही बनी रहे। भारत की कूटनीतिक सक्रियता का ही परिणाम था कि ईरान ने सशर्त रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को खुला रखने पर सहमति व्यक्त की, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति में पूरी तरह से ठहराव की स्थिति टल गई। संकट काल में सरकार ने नवीकरणीय ऊर्जा के मोर्चे पर भी बड़ी सफलता हासिल की। भारत ने 2030 के लक्ष्य से पहले ही, 2026 में अपनी गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से स्थापित बिजली क्षमता का 50 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त कर लिया। यह न केवल पर्यावरण के अनुकूल है, बल्कि जीवाश्म ईंधन पर हमारी निर्भरता को कम कर ऊर्जा सुरक्षा को दीर्घकालिक मजबूती प्रदान करता है। सरकार को देश की प्रगति यानी जीडीपी की रफ्तार की गति बनाये रखने के लिए किसी दीर्घकालिक रणनीति के अवलम्बन की आवश्यकता होगी हाल ही मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा विदेशी मुद्रा और आर्थिक संकट से निपटने के लिए देशवासियों से कई महत्वपूर्ण अपीलें कीं। मौजूदा संकट से निपटने के लिए प्रधानमंत्री ने मुख्य सुझाव दिया है। पीएम ने नागरिकों से पेट्रोल-डीजल की खपत कम करने और सार्वजनिक परिवहन मैट्रो सिटी बस या इलेक्ट्रिक वाहनों का अधिक उपयोग करने को कहा।विदेशी मुद्रा भंडार बचाने के लिए, पीएम ने देशवासियों से कम से कम एक साल तक सोना न खरीदने की अपील की।उन्होंने कोरोनकाल की तरह ही 'वर्क फ्रॉम होम' की व्यवस्था फिर से अपनाने को कहा, ताकि यात्रा कम हो और ईंधन बचे। यह न सिर्फ जरूरी है वरन देश के हर नागरिक को सरकार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संकट से निपटने का संकल्प भी पैदा करने का प्रयास है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# अनासक्त हुए बिना करे दूसरों की भलाई




संकलित

दर्शन

यह सोचना भूल है कि हमने संसार का भला किया। इस विचार से दुख उत्पन्न होता है। हम किसी की सहायता करने के बाद सोचते हैं कि वह हमें इसके बदले में धन्यवाद दे, पर वह धन्यवाद नहीं देता, तो हमें दुख होता है। हम जो कुछ भी करें, उसके बदले में किसी चीज की आशा क्यों रखें? बल्कि उल्टे हमें उसी के प्रति कृतज्ञ होना चाहिए, जिसकी हम सहायता करते हैं, उसे साक्षात नारायण मानना चाहिए। मनुष्य की सहायता द्वारा ईश्वर की उपासना करना क्या हमारा परम सौभाग्य नहीं है? यदि हम वास्तव में अनासक्त हैं, तो हमें यह प्रत्याशा जनक कष्ट क्यों होना चाहिए? अनासक्त होने पर तो हम प्रसन्नतापूर्वक संसार में भलाई कर सकते हैं। अनासक्त किए हुए कार्य से कभी भी दुख अथवा अशांति नहीं आएगी। यदि हम यह जान लें कि आसक्ति रहित होकर किस तरह कर्म करना चाहिए, तभी हम दुराग्रह और मतांधता से परे हो सकते हैं। जब तुम दुराग्रह और मतांधता से परे हो जाओगे, तभी अच्छी तरह कार्य कर सकोगे। जो ठंडे मस्तिष्क वाला और शांत है, जो उत्तम ढंग से विचार करके कार्य करता है, जिसके स्नायु सहज ही उत्तेजित नहीं होते तथा जो अत्यंत प्रेम और सहानुभूति संपन्न है, केवल वही व्यक्ति संसार में परोपकार कर सकता है और इस तरह वह अपना भी कल्याण कर सकता है। यह संसार चरित्र गठन की एक विशाल व्यायामशाला है। इसमें हम सभी को अभ्यास रूप में कसरत करनी पड़ती है, जिससे हम आध्यात्मिक बल से अधिकाधिक बलवान बनते रहें।

# दो अनमोल हीरे



संकलित

प्रेरणा

एक व्यापारी को बाज़ार में घूमते हुए एक बहुत अच्छी नस्ल का ऊंट दिखाई पड़ा। व्यापारीव्यापारी ऊंट खरीद कर घर ले आया। घर पहुँचने पर व्यापारी ने अपने नौकर को ऊंट का कजावा (काठी) निकालने के लिए बुलाया। कजावे के नीचे नौकर को एक छोटी सी मखमल की थैली मिली जिसे खोलने पर उसे कीमती हीरे जवाहरात भरे होने का पता चला। नौकर चिल्लाया, मालिक आपने ऊंट खरीदा, लेकिन देखो, इसके साथ क्या मुफ्त में आया है। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट ख़रीदा है, न कि हीरे, मुझे उसे तुरंत वापस करना चाहिए। नौकर बोला- मालिक किसी को पता नहीं चलेगा। पर, व्यापारी ने एक न सुनी और वह तुरंत बाज़ार पहुंचा और दुकानदार को मख़मली थैली वापिस दे दी। ऊंट बेचने वाला बहुत ख़ुश था। अब आप इनाम के तौर पर कोई भी एक हीरा चुन लीजिए। व्यापारी बोला- मैंने ऊंट के लिए सही कीमत चुकाई है इसलिए मुझे किसी शुक्राने और उपहार की जरूरत नहीं है। अंत में व्यापारी ने मुस्कुराते हुए कहा- जब मैंने थैली वापस लाने का सोचा तो मैंने पहले से ही दो सबसे कीमती हीरे इसमें से अपने पास रख लिए थे। इस कबूलनामें के बाद ऊंट बेचने वाला भड़क गया उसने अपने हीरे जवाहरात गिनने के लिए थैली को तुरंत खाली कर लिया। पर वह था बड़ी पशोपेश में बोला- मेरे सारे हीरे तो यहीं है, तो सबसे कीमती दो कौन से थे जो आपने रख़ लिए? व्यापारी बोला- मेरी ईमानदारी और मेरा आत्म सम्मान। जिस-जिस के पास यह 2 हीरे है वह दुनियां के सबसे अमीर व्यक्ति हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पश्चिम बंगाल में हिंसा क्यों

हाल ही में पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव परिणाम आया है, और इसके बाद यहां हिंसा का सिलसिला शुरू हो गया। चुनाव के बाद यहां हिंसा का सिलसिला पुराना है, वर्ष 2011, 18, 19, 21 और अब 2026 के विधानसभा चुनाव के बाद भी ऐसा हो रहा है। इस हिंसा का कारण कहीं हारे हुए राजनीतिक दलों का बौखलाना तो नहीं? अगर ऐसा है तो यह सरासर गलत है और लोकतंत्र को कलंकित करने वाला है। लेकिन सवाल तो यह है कि इतनी सुरक्षा के बाद भी यहां हिंसा क्यों हो रही है? यहां से समय-समय पर हिंसा की ऐसी खबरें सुर्खियों में आती हैं जो लोकतंत्र को कटघरे में खड़ा करती हैं, साथ ही वहां की कानून व्यवस्था की भी पोल खोलती हैं। इस हिंसा पर त्वरित रूप से रोक लगनी चाहिए। *- प्रवीण अग्रवाल, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# अब कैमरून करेंगे 'फेमा' का नेतृत्व

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को कैमरून हैमिल्टन को संघीय आपात प्रबंधन एजेंसी (फेमा) का नेतृत्व करने के लिए नामित किया। पूर्व नौसेना सील हैमिल्टन की यह एक आश्चर्यजनक वापसी है। उन्हें पिछले साल फेमा के अस्तित्व का बचाव करने के बाद इसके कार्यवाहक प्रमुख के पद से बर्खास्त कर दिया गया था। उन्हें नामित करने के साथ ही ट्रंप प्रशासन ने फेमा को भंग करने के अपने वादों से पीछे हटने के संकेत देना शुरू कर दिया है। फेमा एक ऐसी एजेंसी है जिसकी राष्ट्रपति द्वारा कड़ी आलोचना की गई है।




हैमिल्टन ने तर्क दिया था कि फेमा को समाप्त करना देश के हित में नहीं है और अब उन्हें नामित किया जाना इस बदलाव के नवीनतम संकेत हैं। हैमिल्टन की नियुक्ति हो जाने के बाद वह ट्रंप और आपात प्रबंधन पर गृह सुरक्षा सचिव मार्कवेन मुलिन के मुख्य सलाहकार होंगे तथा ट्रंप के दूसरे कार्यकाल में फेमा के पहले स्थायी प्रशासक होंगे। ट्रंप ने सोमवार को ही डेविड कमिंस को परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) का प्रमुख नामित किया। कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने के कारण टीएसए को पिछले कुछ महीनों से उथल-पुथल का सामना करना पड़ रहा है और देश भर के हवाई अड्डों पर सुरक्षा कतारें लंबी होती जा रही हैं।

## ऑफ बीट

# 'डिजिटल डिटॉक्स' क्या है, क्या इससे सेहत बेहतर हो सकती है

क्या आप हर समय स्क्रीन देखते रहते हैं? आज के समय में ईमेल भेजने से लेकर खाना ऑर्डर करने तक, लगभग हर काम के लिए लोग तकनीक पर निर्भर हैं। लेकिन लगातार ऑनलाइन जुड़े रहना शारीरिक और मानसिक थकान का कारण बन सकता है।



इसी वजह से कुछ लोग डिजिटल डिटॉक्स अपना रहे हैं। इसका मतलब है एक निश्चित अवधि तक मोबाइल फोन, सोशल मीडिया और अन्य डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाना। यह अवधारणा ऑनलाइन तेजी से लोकप्रिय हो रही है। इसके समर्थक एनालॉग लाइफस्टाइल के स्वास्थ्य लाभों का प्रचार कर रहे हैं। कुछ लोग बेहतर स्वास्थ्य और खुशी पाने के उद्देश्य से महंगे डिजिटल रिट्रीट कार्यक्रमों में भी हिस्सा ले रहे हैं। हालांकि सवाल यह है कि क्या 'डिजिटल डिटॉक्स' वास्तव में असरदार है या सेहत की बात करने वाला एक और चलन भर है। इसी तरह डिजिटल डिटॉक्स का उद्देश्य तकनीक से कुछ समय के लिए दूरी बनाना, कम व्यवधानों के साथ जीवन का अनुभव करना और ऑफलाइन रिश्तों को मजबूत करना है। ऑस्ट्रेलिया में युवा औसतन रोजाना नौ घंटे स्क्रीन देखते हैं। शोध बताते हैं कि वयस्क भी इससे बहुत पीछे नहीं हैं। 45 से 64 वर्ष आयु वर्ग के ऑस्ट्रेलियाई प्रतिदिन करीब छह घंटे स्क्रीन पर बिताते हैं।

## ट्रेंड

### हिमंत व मंत्रियों को शुभकामनाएं



मैं असम के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने पर हिमंत विश्व सरमा को और मंत्रियों के रूप में शपथ ग्रहण करने पर रामेश्वर तेली, अतुल बोरा, चरण बोरो और अजंता नियोग को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। भाजपा की डबल इंजन की सरकार असम के विकास में कोई कमी नहीं छोड़ेगी।
**-जेपी नड्डा,** केंद्रीय मंत्री

### युवाओं के सपने कुचले



नीट 2026 की परीक्षा रद्द हो गई। 22 लाख से ज़्यादा छात्रों की मेहनत, त्याग व सपनों को इस भ्रष्ट भाजपाई व्यवस्था ने कुचल दिया। लाखों बच्चों ने रात-रात भर जागकर पढ़ाई की और बदले में मिला-पेपर लीक, सरकारी लापरवाही व शिक्षा में संगठित भ्रष्टाचार। **-राहुल गांधी,** कांग्रेस सांसद

### विश्वास पर बड़ा आघात



जब परीक्षाओं की शुचिता से समझौता होता है, तो यह केवल एक चूक नहीं, बल्कि उन लाखों अभ्यर्थियों के साथ विश्वासघात है जिन्होंने अनुशासन के साथ पढ़ाई की, सुख-सुविधाओं का त्याग किया और तैयारी के लिए रातों की नींद गंवाई।
**-नवीन पटनायक,** नेता प्रतिपक्ष, ओडिशा

### निजी स्कूल मनमानी न करें



निजी स्कूलों को फीस संरचना का पूरा विवरण सार्वजनिक करना होगा। फीस और अन्य शुल्कों में मनमानी तथा अनुचित वृद्धि पर पूरी तरह रोक रहेगी। अभिभावकों को परेशानी नहीं आने दी जाएगी। वर्दी और किताब किसी भी दुकान से खरीद सकेंगे।
**-सम्राट चौधरी,** सीएम बिहार

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

# कान फिल्म फेस्टिवल में छाईं आलिया
# सामने आई पहली झलक ...

**लॉस एंजिल्स।** कान फिल्म फेस्टिवल का आगाज मंगलवार को ओपनिंग सेरेमनी के साथ हुआ। इस प्रतिष्ठित फिल्म समारोह में दुनियाभर की सिनेमा और फैशन जगत की चर्चित हस्तियां शामिल होती हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट भी यहां पहुंची हैं। कान फेस्टिवल से उनका एक लुक सामने आया है। आलिया भट्ट ने लाइट ग्रीन कलर का फ्लोरल कौर्सेट कैरी किया है, जो व्हाइट बॉलगाउन स्कर्ट सरीखा लग रहा है। आलिया का यह लुक बेहद रिफ्रेशिंग और स्टाइलिश है। एक्ट्रेस ने ग्लोबल मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। वे ग्लैमरस लुक में इतनी सहज और प्यारी लग रही हैं कि देखने वाले लोग तारीफें कर रहे हैं।आलिया ने व्हाइट बेस पर येलो, ग्रीन और ब्लू शेड वाले इस फ्लोरल लुक गाउन के साथ अपने हेयर स्टाइल को भी बेहद खास रखा है। उन्होंने हाईबन बनाया है। आलिया ने अपना लुक बेहद सिंपल रखा है। न उन्होंने गले में नेकलेस पहना है न कलाई पर कोई ब्रेसलेट या घड़ी। इसके बावजूद अपने दमदार अंदाज से उन्होंने लोगों का ध्यान खींचा है। आलिया भट्ट का कान फेस्टिवल का यह लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है और नेटिजंस के रिएक्शन सामने आ रहे हैं। एक्ट्रेस को सकारात्मक रिएक्शंस मिल रहे हैं। यूजर्स उन्हें डिज्नी प्रिंसेस बुला रहे हैं।




### ये भारतीय स्टार्स आएंगे नजर

इस साल कान फिल्म फेस्टिवल में नजर आने वाले भारतीय सितारों में आलिया भट्ट और तारा सुतारिया के अलावा ऐश्वर्या राय बच्चन, अदिति राव हैदरी, मौनी रॉय और करण जौहर के भी इस फेस्टिवल में पहुंचने की संभावनाएं हैं। फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया को 65वें कान क्रिटिक्स वीक के जूरी का अध्यक्ष भी बनाया गया है।

# लकड़बग्घा-2 की होगी स्पेशल स्क्रीनिंग

**मुंबई।** अभिनेता और निर्देशक अंशुमन झा की फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' इस साल 79वें कान फिल्म फेस्टिवल के मार्चे दु फिल्म में स्पेशल स्क्रीनिंग के लिए तैयार है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2' साल के आखिर में रिलीज से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रिलीज होने की तैयारी कर रही है। फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' को 79वें कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी। 'लकड़बग्घा 2' भारत और इंडोनेशिया के बीच पहला आधिकारिक सह-निर्माण (को-प्रोडक्शन) है। इस फिल्म का निर्देशन अंशुमन झा ने किया है। फिल्म में सनी पैंग, डैन चुपोंग, आदिल हुसैन, सारा-जेन डायस और अंशुमन झा ने भी अभिनय किया है। अंशुमन झा ने बताया, 'पहली फिल्म कुत्तों के प्यार पर आधारित थी। दूसरी फिल्म 'द मंकी बिजनेस' इसे बढ़ाकर सभी जानवरों तक ले जाती है। जानवर इसलिए खत्म हो रहे हैं क्योंकि इंसानियत खत्म हो रही है। हम एक्शन को सिर्फ मार-पीट तक नहीं रखना चाहते, बल्कि इसमें गहराई और मकसद भी देना चाहते हैं।' अंशुमन झा की बहुप्रतीक्षित एक्शन फिल्म 'लकड़बग्घा 2 द मंकी बिजनेस' दिवाली 2026 पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। यह फिल्म, जो 2023 की फिल्म का सीक्वल है, दिवाली 2026 पर नितेश तिवारी की 'रामायण भाग 1' के साथ बॉक्स ऑफिस पर क्लैश होगा।




### *बॉम्बे स्टोरीज भी होगी प्रदर्शित*

*मुंबई। कान फिल्म फेस्टिवल में मौनी रॉय शिरकत करने के लिए तैयार हैं। उनकी इंडो-अमेरिकन फिल्म 'बॉम्बे स्टोरीज' को समारोह में प्रदर्शित किया जाएगा। शाह काजमी द्वारा निर्देशित यह फिल्म सआदत हसन मंटो के उपन्यास पर 'बॉम्बे स्टोरीज' पर आधारित है। निर्देशक काजमी ने इस साल मार्चे डू फिल्म में फिल्म की स्क्रीनिंग की पुष्टि की। उन्होंने कहा, 'इसे कान्स फिल्म मार्केट में प्रदर्शित किया जाएगा। 19 मई को कान्स से और ज्यादा जानकारी जारी की जाएगी। हम पोस्टर लॉन्च भी कर रहे हैं। यह एक सशक्त महिला-केंद्रित फिल्म है जिसमें एक संदेश है। यह भारतीय उपमहाद्वीप के महानतम लेखकों में से एक द्वारा लिखित एक संकलन पर आधारित है।'निर्देशक ने कहा, "मेरी यात्रा 2016 में कान्स से शुरू हुई। जब हम मंटो की विभाजन संबंधी कहानियों पर आधारित फिल्म 'मंटोस्तान' (2017) बना रहे थे, तब मुझे इस फिल्म समारोह के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। सौभाग्य से, हमें कान्स में जगह मिली और इस मंच ने हमें काफी पहचान दिलाई है।" फिल्म में मौनी के अलावा, अनुप्रिया गोयनका और सुष्मिता सिंह भी अहम किरदार में हैं। इसकी कहानी शहर की सेक्स वर्करों की जिंदगी पर आधारित है।*

# खतरों के खिलाड़ी में स्टंट करने में मेरी हालत होगी खराब...

**नई दिल्ली।** टीवी पर हमेशा हंसते, दूसरों को सहज महसूस कराते और हर मुश्किल पल को मजाक में बदल देने वाले ऋत्विक धनजानी इस बार खुद डर के बीच फंसे नजर आएंगे। दरअसल, ऋत्विक 'खतरों के खिलाड़ी 15' में बतौर कंटेस्टेंट हिस्सा लेने जा रहे हैं। लेकिन, दिलचस्प बात ये है कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' में जाने से पहले ऋत्विक किसी माचो इमेज में फिट होने की कोशिश नहीं कर रहे। हाल ही में उन्होंने स्पष्ट कहा कि अगर मैं डरूंगा, तो वो दिखेगा भी। ऋत्विक ने अपने गेम प्लान, डर, स्टंट और मेडिटेशन के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने स्वीकार किया कि उन्हें आज भी ऊंचाई से डर लगता है। उन्होंने कहा, 'हाइट्स हमेशा से मेरे लिए थोड़ा ट्रिगर रही हैं। मैं उन लोगों में से नहीं हूं जो कैमरे के सामने ये दिखाएं कि मुझे किसी चीज से फर्क नहीं पड़ता। अगर डर है तो है। मैं उसे छिपाने वाला नहीं। मुझे लगता है लोग आज बहुत जल्दी नकली चीज पकड़ लेते हैं। इसलिए, मैं यहां कोई सुपरहीरो बनने नहीं आया हूं। मैं बस रियल रहना चाहता हूं। अगर किसी स्टंट में मेरी हालत खराब होगी, तो होगी। अगर मैं पैनिक करूंगा, तो वो भी दिखेगा।'



# मीरा की फिल्म अमरी में आएंगी नजर ...

**मुंबई।** प्रसिद्ध निर्देशक और निर्माता मीरा नायर अपनी नई फिल्म 'अमरी' लेकर आ रही हैं। यह फिल्म भारत की मशहूर पेंटर के जीवन और उनकी कला पर आधारित है। डॉक्यूमेंट्री फिल्मों से अपने निर्देशन कॅरियर की शुरुआत करने वाली मीरा नायर अब एक नई फिल्म लेकर आ रही हैं। इस फिल्म का नाम है 'अमरी'। इस फिल्म में प्रियंका चोपड़ा और जयदीप अहलावत के अलावा भी कई कलाकाल महत्वपूर्ण भूमिकाओं में नजर आएंगे। मीरा नायर की नई फिल्म 'अमरी' में मुख्य भूमिका में अंजलि शिवरामन अमृता शेर-गिल का किरदार निभाएंगी। एमिली वॉटसन उनकी मां मैरी-एंटोनेट का रोल करेंगी। जयदीप अहलावत उनके पिता उमराव सिंह शेर-गिल के किरदार में नजर आएंगे। क्रिस्टियन साकवारी विक्टर ईगन के रूप में नजर आएंगी। अंजना वासन इंदिरा शेर-गिल के रूप में और जिम सरभ कार्ल खंडालावाला के रूप में नजर आएंगे। इन सभी के अलावा प्रियंका चोपड़ा मैडम अजूरी के रोल में नजर आएंगी। प्रियंका चोपड़ा इस फिल्म की एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर भी हैं। मंगलवार को मीरा ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपनी नई फिल्म 'अमरी' का पहला लुक जारी किया है। अमृता शेर-गिल की कला ने मीरा नायर को बहुत प्रभावित किया है।



## दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और मेकर्स ने बनाई है अपनी अलग पहचान

# कान फिल्म फेस्टिवल में भारत का जलवा, रेड कार्पेट से अवॉर्ड तक का शानदार सफर

*नई दिल्ली। दुनिया के सबसे बड़े और प्रतिष्ठित फिल्म समारोहों में गिने जाने वाले कान फिल्म फेस्टिवल में भारतीय सिनेमा का सफर बेहद खास रहा है। दशकों से भारतीय फिल्मों, कलाकारों और फिल्ममेकर्स ने कान फिल्म फेस्टिवल में अपनी अलग पहचान बनाई है। कभी फिल्मों ने यहां तालियां बटोरीं, तो कभी भारतीय सितारों का रेड कार्पेट लुक चर्चा में रहा।*

### नीचा नगर बनी पहली भारतीय फिल्म




भारत ने पहली बार साल 1946 में कान फिल्म फेस्टिवल में हिस्सा लिया था। नीचा नगर पहली भारतीय फिल्म थी, जिसने कान में बड़ी सफलता हासिल की। फिल्म को उस समय फेस्टिवल का सबसे बड़ा सम्मान पाम डी ओर (तब ग्रैंड प्रिक्स) मिला था। यह भारतीय सिनेमा के लिए गर्व का पल था।

### सत्यजीत रे ने बढ़ाया भारत का मान



इसके बाद धीरे-धीरे भारतीय फिल्मों ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी मौजूदगी मजबूत करनी शुरू की। सत्यजीत रे की फिल्मों ने कान में भारत का नाम रोशन किया। उनकी कई फिल्मों को वहां सराहा गया और दुनियाभर के दर्शकों ने भारतीय कहानी कहने के अंदाज को पसंद किया।

### जब भारत को कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया


साल 2022 भारत के लिए और भी खास रहा, जब भारत को कान फिल्म फेस्टिवल में कंट्री ऑफ ऑनर चुना गया। उसी साल दीपिका पादुकोण को जूरी सदस्य बनने का मौका मिला, जो भारतीय सिनेमा के लिए बड़ी उपलब्धि मानी गई।

### ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों का शानदार प्रदर्शन

हाल के वर्षों में ऑल वी इमेजिन एज लाइट जैसी फिल्मों ने भी कान में शानदार प्रदर्शन किया और साबित किया कि भारतीय सिनेमा अब सिर्फ बॉलीवुड तक सीमित नहीं है, बल्कि उसकी कहानियां दुनियाभर के दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं। आज कान फिल्म फेस्टिवल भारतीय सिनेमा के लिए सिर्फ एक मंच नहीं, बल्कि दुनिया के सामने अपनी कला, संस्कृति और कहानियों को दिखाने का सबसे बड़ा अवसर बन चुका है।


### सलाम बॉम्बे ने बटोरी तारीफें

साल 1988 में 'सलाम बॉम्बे' ने कान में खूब तारीफें बटोरीं और कैमरा डी'ऑर अवॉर्ड जीता। इस फिल्म ने भारतीय सिनेमा को नई पहचान दिलाई। वहीं , मीरा नायरभी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चित हो गईं।



### भारतीय सितारों ने खींचा सबका ध्यान

कान फिल्म फेस्टिवल में सिर्फ फिल्में ही नहीं, भारतीय सितारों का फैशन और ग्लैमर भी हमेशा चर्चा में रहता है। ऐश्वर्या राय बच्चन, दीपिका पादुकोण, सोनम कपूर और प्रियंका चोपड़ा जैसे सितारों ने रेड कार्पेट पर अपने शानदार अंदाज से दुनियाभर का ध्यान खींचा।




# भगवान शिव की भूमिका निभाएंगे रणवीर

**मुंबई।** रणवीर सिंह अपनी फिल्मों में एक बड़ा बदलाव करने जा रहे हैं। वह एक प्रसिद्ध लेखक की शिव त्रयी (मेलुहा के अमर श्रृंखला) पर बनी फिल्म में नजर आएंगे। इस फिल्म में रणवीर भगवान शिव का किरदार निभाएंगे रणवीर ने अपनी प्रोडक्शन कंपनी मां कसम फिल्म्स के जरिए 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' के अधिकार खरीद लिए हैं। यह किताब और इसके दो सीक्वल प्राचीन मेलुहा राज्य में एक हिमालयी योद्धा की कहानी बताते हैं। रणवीर ने बिरला स्टूडियोज के साथ मिलकर इस कहानी को तीन बड़ी फिल्मों की श्रृंखला (त्रयी) के रूप में बनाने की योजना बनाई है। रणवीर काफी समय से इसकी कहानी को बड़े पर्दे पर लाना चाहते थे। पूरी टीम स्क्रिप्ट पर काम कर रही है। पहली फिल्म की शूटिंग 2028 में शुरू होने की उम्मीद है। फिलहाल, इस प्रोजेक्ट की डिटेल्स गुप्त रखी जा रही हैं और निर्देशक का भी फैसला नहीं हुआ है। जब स्क्रिप्ट तैयार हो जाएगी, तब निर्देशक चुना जाएगा। 'द इमॉर्टल्स ऑफ मेलुहा' अमीश त्रिपाठी की शिव त्रयी की पहली किताब है, जो 2010 में आई थी। इसमें शिव नाम के एक साधारण हिमालयी योद्धा की कहानी है, जो मेलुहा राज्य में आता है। कहानी पौराणिक कथाओं, इतिहास और कल्पना को मिलाकर बताती है। इसके बाद 'द सीक्रेट ऑफ द नागास' और 'द ओथ ऑफ द वायुपुत्रास' किताबें आईं।

**वकील की भूमिका में होंगी सोनाक्षी : मुंबई।** अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा एक कोर्टरूम ड्रामा के साथ वापसी कर रही हैं। उनकी आगामी फिल्म 'सिस्टम' का ट्रेलर मंगलवार जारी कर दिया गया है। इस फिल्म में सोनाक्षी एक वकील की भूमिका में नजर आ रही हैं। फिल्म का ट्रेलर सत्ता, महत्वाकांक्षा और न्याय के टकराव की एक रोमांचक कानूनी लड़ाई की झलक दिखाता है। सिस्टम 22 मई से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी।

ANJANEYA UNIVERSITY
RAIPUR, CHHATTISGARH
Invites Applications for the Position of
CHIEF FINANCE OFFICER (CFO)
The University invites applications for the position of Chief Finance Officer (CFO) at Anjaneya University as per UGC norms.The ideal candidate should possess strong financial management skills, administrative capabilities, and experience in budgeting, accounts, auditing, and institutional finance. The candidate should demonstrate integrity, professionalism, and commitment towards the financial growth of the university.
Applications must be submitted within 15 days from the date of this advertisement to the address provided below.
Note : Candidate can send updated CV/ Resume on hr@anjaneyauniversity.ac.in
Knowledge Village Nardaha, Near Vidhan Sabha Road, Raipur | M. 9589765143


प्रगत संगणन विकास केंद्र
CENTRE FOR DEVELOPMENT OF ADVANCED COMPUTING
सी-डैक CDAC
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय की प्रमुख आर एंड डी संगठन, भारत सरकार) (A premier R&D organization of the Ministry of Electronics & Information Technology, Govt. of India),
वेल्लयंबलम, तिरुवनंतपुरम, केरला, पिन-695 033, फोन: 0471-2723333,
Vellayambalam, Thiruvananthapuram, Kerala, PIN–695 033, Phone: 0471-2723333
विज्ञापन सं. सीडैकति/आरसीटी/01/2026 तारीख 13/05/2026
Advt. No: CDACT/RCT/01/2026 dated 13/05/2026
सी-डैक, तिरुवनंतपुरम में समेकित वेतन पर विभिन्न अनुबंध पदों के लिए विभिन्न स्थानों के लिए वॉक इन/ऑनलाइन इंटरव्यू
WALK IN/ ONLINE INTERVIEW FOR
VARIOUS LOCATIONS FOR VARIOUS CONTRACT POSITIONS ON CONSOLIDATED PAY FOR C-DAC, THIRUVANANTHAPURAM
अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट देखें/
For more details, please visit our website www.cdac.in
प्रबंधक (प्रशासन), एच आर/Manager (Admin), HR





आस्था
मृत्युंजय कार

# स्थापत्य कला के मंदिरों में एक ओनाकोना



धमतरी से 27 कि मी और बालोद से लगभग 40 कि मी दूरी पर गंगरेल बांध के किनारे दक्षिण दिशा में ओनाकोना मंदिर स्थित है। मंदिर का शिल्प सौंदर्य अति प्राचीन है। स्थापत्य कला में संगमरमर पर चंदेल शैली अपनाई गई है। बाहरी दीवारों पर नक्काशी कर देवी देवताओं की मूर्ति ऊकेरी गई है। मिथुन मूर्तियां खजुराहो और भोरमदेव की याद दिलाती है। मंदिर के पीछे बाबा फरीद की याद में मस्जिद बनाई गई है। बताया जाता है कि बाबा ने ओनाकोना बांध किनारे कई वर्षो तक तपस्या की थी। उनकी धूनी आज भी जलती है। मन्नत लेकर भी भक्त पहुंचते रहते हैं। यहां का हरा भरा वातावरण तथा सौंदर्य समुद्र सा प्रतीत होता है। प्रकति के सौंदर्य का मजा लेने पर्यटक आते हैं और बोटिंग का भी आनंद लेते हैं। महाशिवरात्रि पर मंदिर में विशेष भीड़ देखी जाती है।

कला जगत
रामकुमार वर्मा

## नहीं गाए जाते अब गड़हा ददरिया




छत्तीसगढ़ अंचल में परिस्थिति के अनुसार खानपान, रहन सहन और सांस्कृतिक गतिविधियों में भी परिवर्तन होता आया है। अंचल में ददरिया गायन की प्राचीन परंपरा रही है। ददरिया छत्तीसगढ़ का प्रमुख प्रणय गीत है। इसमें गेयता, सजीवता, रसात्मकता तथा साहित्यिक कल्पना का अदभुत प्रयोग एवं सामंजस्य मिलता है। पहले के समय में भौतिक संसाधनों की अनुपलब्धता होने पर अधिकतम दूरी तय करने के लिए बैलगाड़ी का उपयोग ग्रामीण करते थे। इस यात्रा के दौरान पैदल या बैलगाड़ी में चलते हुए ददरिया गायन किया जाता था। इस ददरिया की विशेषता होती है कि पुरुष और स्त्री गायकों के बीच सवाल जवाब नहीं होता। इसमें गायक या गायिका अलग अलग गायन करते हैं। यदि रात्रि का सफर और चांदनी रात होती थी, तब लोग ददरिया का गायन करते थे -

*पुन्नी के रात मैना चंदा के अंजोर।*
*जुगुर जागर चमकत हे गांव के गली खोर।*

ऐतिहासिक
डा. टी. आर. रामटेके

## छतीसगढ़ के गढों में एक सिमगा गढ़



सर्वे आफ इंडिया के अनुसार सिमगा गढ़ अक्षांस 21'-35' तथा देशान्स 81'-35' में स्थित है तथा इसकी समुद्र तल से ऊंचाई 259 मीटर है। यह रायपुर -बिलासपुर मार्ग पर जिला मुख्यालय रायपुर से उत्तर दिशा में 45 कि मी दूरी पर स्थित है। सिमगा तहसील मुख्यालय है, जिसके एक ओर शिवनाथ नदी बहती थी और तीन ओर खाई थी। यहां महामाया देवी का प्राचीन मंदिर है। इसके अलावा प्राचीन कंकालीन देवी मंदिर, शीतला देवी मंदिर व शिव मंदिर भी है। शिव मंदिर का काल निर्धारण 1230 ई इतिहासकारों ने किया है। सिमगा गढ़ प्राचीन व्यापारिक नदी जल मार्ग पर स्थित था। इस गढ़ के अवशेष वर्तमान काल में उपलब्ध नहीं है और प्राचीन गढ़ के अवशेष पर मराठा शासकों ने कस्बा बसाया था। महामाया मंदिर के परिसर में कलचुरीकालीन मूर्ति शिल्प अवशेष सुरक्षित रखे हुए हैं। कलचुरीकालीन सिमगा गढ़ के अंतर्गत 7 तालुका व 84 गांव थे। सन 1742 में मराठा सेनापति भास्कर राव पंत ने बंगाल विजय के पश्चात सिमगा गढ़ को रघुजी भोंसले को दिया था, जो आगे चलकर रघुजी प्रथम कहलाए। सिमगा के अंतिम जमींदार जींजाजी भोंसले थे।

# जनजातीय जीवन और कला दर्शाता भील लोक चित्र



कला जगत
स्वाति आनंद



जनजातीय जीवन मानव सभ्यता की उस आदि चेतना का प्रतिनिधित्व करता है, जहाँ जीवन, कला और प्रकृति के बीच कोई बनावटी विभाजन नहीं दिखाई देता। जनजातियाँ अपने अस्तित्व को प्रकृति की गोद में विकसित करती हैं और वहीं से अपने जीवन के अर्थ, मूल्य और विश्वास ग्रहण करती हैं। उनके लिए जीवन केवल जीविका का साधन नहीं, बल्कि एक समग्र अनुभव है, जिसमें सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक सभी पक्ष सहज रूप से एक-दूसरे में गुंथे हुए हैं।

जनजातीय या कहे आदिवासी समाज का आध्यात्मिक जीवन गहरे मिथकों से जुड़ा होता है। ये मिथक बाह्य दृष्टि से भले ही सरल, रहस्यमय अथवा अव्यवस्थित प्रतीत हों, परंतु उनके भीतर जीवन के गहन अर्थ और आस्थाएँ निहित होती हैं। इन्हीं मिथकों के आधार पर जनजातीय जीवन संचालित और मर्यादित होता है। मिथक उनके लिए केवल कथाएं नहीं, बल्कि ज्ञान, नैतिकता और परंपरा के संवाहक होते हैं, जो पीढ़ी-दर-पीढ़ी मौखिक परंपरा के माध्यम से हस्तांतरित होते रहते हैं। कितनी पीढ़िया से न जाने हमने अपनी कथाओं में जीवन दर्शन को



सहेज कर रखा है जो हमें सिर्फ नियम के साथ प्रकृति से जुड़ना ही सिखाती है।

जनजातीय कला इसी मिथकीय चेतना की सशक्त अभिव्यक्ति है। यह कला किसी प्रदर्शन या विलास की वस्तु नहीं, बल्कि जीवन की सहज आवश्यकता है। चित्रकला, नृत्य, संगीत, शिल्प अथवा लोकगीत—सभी कलारूप उनके दैनिक जीवन से गहराई से जुड़े होते हैं। जनजातीय चित्रों में पशु-पक्षी, वृक्ष-वनस्पतियां , सूर्य, चंद्रमा और मानव आकृतियां बार-बार दिखाई देती हैं, क्योंकि यही उनका संसार है, यही उनकी स्मृति और अनुभव का विस्तार है।

इन कलाओं में यथार्थ का हूबहू चित्रण नहीं, बल्कि स्मृति और अनुभूति का चित्रांकन होता है। रंगों और रेखाओं का प्रयोग प्रतीकात्मक होता है—उजले, गाढ़े और चटख रंग जीवन की ऊर्जा और उल्लास को व्यक्त करते हैं।

जनजातीय कलाकार किसी बड़े-बड़े चित्रकारों की तरह प्रशिक्षित नहीं होते, फिर भी उनकी कला में मौलिकता, संतुलन और लय का अद्भुत सौंदर्य दिखाई देता है। यहां कला किसी एक वर्ग या व्यक्ति तक सीमित नहीं रहती। यही कारण है कि जनजातीय संस्कृति को लोकधर्म की संज्ञा दी जा सकती है—एक ऐसा धर्म है जहां कला, विश्वास और जीवन एक-दूसरे से अलग नहीं, बल्कि परस्पर पूरक हैं। कला यहां स्वतंत्र सत्ता न होकर जीवन की अभिव्यक्ति है।

गांव की कहानी : चंपेश्वर गोस्वामी

# ऐतिहासिक व पुरातात्विक महत्व का गांव तरीघाट



छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर से तरीघाट दक्षिण दिशा पर 30 कि मी दूरी पर स्थित है। यह मात्र एक छोटा सा गांव भर नहीं है बल्कि अनेक पुरातत्विक महत्व के स्थलों में से एक है। गांव के नाम के पीछे मान्यता है कि छत्तीसगढ़ी में तरी का अर्थ भीतर या अंदर होता है। और घाट का अर्थ नदी या तालाब जहां पानी में उतरने की ऐसी जगह जहां दैनिक दिनचर्या को सम्पन्न की जा सके। इस तरह तरी और घाट का संधि स्थल तरीघाट कहलाया। यहां खुदाई के दौरान प्राचीन किला और मंदिर के अवशेष मिले हैं। आज भी खुदाई के समय बहुमूल्य वस्तुएं यहां प्राप्त होती हैं। कहा जाता है कि यहां पहले व्यापारिक केंद्र हुआ करता था जिसमें व्यापारी नाव के माध्यम से माल लाना ले जाना करते थे। अनेक मंदिर के अवशेष के अलावा खंडित मूर्तियां यहां के व्यापारिक और धार्मिक समृद्ध परंपरा को उजागर करते हैं। पर्यटक भी दूर दूर से आज भी यहां के ऐतिहासिक धरोहरों को देखने पहुंचते रहते हैं।

परंपरा
गोविन्द धनगर

## वैवाहिक संस्कारों में गीतों की मधुरता आज भी मौलिक

लोक साहित्य की नज़र से छत्तीसगढ़ की बोली भाखा, गीत अथाह समृद्ध हैं। विवाह संस्कार गीतों में मंगनी से लेकर चुलमाटी, मड़वा, हल्दी, तेल, परघनी स्वागत, बिदाई दस्तूर से लेकर भोजन परसने या जेवाने का गीत भी विशेष हैं। बाराती आगमन का हर्ष व आनंद उल्लास , पारम्परिक वाद्य मोहरी, गढ़वा बाजा की सुमधुर स्वर कान में सुनाते ही पैर थिरकते हुए स्वागत को तैयार रहते हैं -

*अईसन समधी के सादा हे मेछा*
*मेछा म काजर लगाए हो।*
*अईसन समधी के दात हे भोभला ,*
*लाडू घलो नई चबाए हो।*
*बने बड़े तोला जानेव समधी,*
*मड़वा डारे बांस हो।*
*अलवा जलवा लुगरा लाने,*
*जरगे तोर नाक हो।*
*नदिया तीर के पटवा भाजी,*
*पटपट पट पट करथे हो।*
*आए हे बरतिया तेमन,*
*मट मट मट मट करथे हो।*



ऐसे हास्य कटाक्ष शब्दों से भरा लोकगीत हमारे जीवन व लोक उत्सव परंपरा का हिस्सा हैं।

लोक साहित्यः डा. भालचंद्र राव तैलंग

# छत्तीसगढ़ी में पहेली के पर्याय के रूप में जनऊला

छत्तीसगढ़ के ग्रामीण समाज में पहेलियों का अपना स्वतंत्र अस्तित्व है। छत्तीसगढ़ी में पहेली के पर्याय के रूप में धंधा या जनऊला शब्द का व्यवहार किया जाता है। धंधा शब्द द्वन्द से विकसित हुआ है। इसमें प्रश्न करने और उत्तर देने वाले की बुद्धि की परीक्षा लेता है और उत्तरदाता अपने ज्ञान का सही उत्तर देकर प्रमाण प्रस्तुत करता है। शब्दकोश के अनुसार धंधा का अर्थ है - दो परस्पर वस्तुओं का जोड़ा, रहस्य, भेद की बात, गुप्त बात, दो आदमियों की लड़ाई, उलझन, झगड़ा और बखेड़ा आदि। पहेली के लिए कहीं कहीं हाना, कथा, कहिनी, बूझोवल आदि शब्दों का भी व्यवहार किया जाता है। यहां पहेली बुझाने को धंधा, धंधोना या जनऊला जनवाना और हाना जनवाना आदि कहा जाता है। पहेलियां समाज की सहज अभिव्यक्तियां हैं समूह की रचनाएं हैं। वैदिक काल से चली आ रही यह पहेलियां हमारी बुद्धि का परीक्षण करती रही हैं। यह ग्रामीण समाज की अमूल्य निधियां हैं। इन पहेलियों में बुद्धि केंद्रीय तत्व होती हैं और विनोद उसका फलागम। पहेलियों के विषय मूर्त और जीवन मूल्यों से सम्बद्ध होते हैं। इनमें सकारात्मक जीवन मूल्यों की विषय वस्तुएं अधिक होती हैं और नकारात्मक जीवन मूल्यों की विषय वस्तुएं कम। यही कारण है कि पहेलियों में ऐसे विषय वस्तु अधिक हैं जो मानव जीवन के सकारात्मक मूल्यों की अभिव्यक्ति करते हैं।



**लेखकों से..**

छत्तीसगढ़ की लोक कला, लोक साहित्य, पर्यटन, तीज त्योहार, गांव की कहानी, ऐतिहासिक, पुरातात्विक, शैलचित्र, भित्तिचित्र, कला कृति और पुरखा के सुरता के साथ ही सम सामयिक विषयों पर अधिकतम 500 शब्दों पर लेख भेजें- **Choupalharibhoomi@gmail.com**

## भीषण गर्मी और बढ़ते तापमान से मिलेगा सुकून

# मानसून समय से 4-6 दिन पहले दे सकता है दस्तक!

एजेंसी ▸▸| नई दिल्ली

मौसम विभाग के अनुसार, सप्ताह के अंत तक दक्षिण बंगाल की खाड़ी, अंडमान सागर और अंडमान-निकोबार द्वीप समूह के कुछ इलाकों में मॉनसून की एंट्री हो सकती है। देश में मानसून तय समय से 4 से 6 दिन पहले दस्तक दे सकता है। आमतौर पर केरल में मानसून 1 जून तक पहुंचता है, लेकिन इस बार 25 से 27 मई के बीच केरल तट पर पहुंचने की संभावना है। मौसम विशेषज्ञों का मानना है कि वर्तमान परिस्थितियां दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी और अंडमान सागर में पहुंचने के लिए बेहद अनुकूल बन रही हैं।



### उत्तर भारत में आंधी-बारिश का अलर्ट

यूपी-बिहार समेत पांच राज्यों में बुधवार को आंधी और बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। बिहार और उत्तराखंड के सभी जिलों में जबकि उत्तर प्रदेश के 38 जिलों में बारिश होने की संभावना जताई गई है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में आंधी-तूफान और बारिश से जनजीवन प्रभावित है।

### दक्षिण और पूर्वोत्तर भारत में बारिश का दौर

दक्षिण भारत और पूर्वोत्तर के कई राज्यों में बारिश का दौर जारी रहने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार, केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में 14 से 17 मई के बीच भारी बारिश हो सकती है। असम, मेघालय और मणिपुर सहित अन्य पूर्वोत्तर राज्यों में भी कई जगहों पर अच्छी बारिश की संभावना है। बंगाल की खाड़ी में बने इस सिस्टम का असर ओडिशा में भी साफ दिखाई देगा, जहां राज्य के कई हिस्सों में अगले 6 दिनों तक बारिश का अनुमान है। ओडिशा के 20 जिलों में बिजली गिरने और तेज हवाओं के साथ बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच खाड़ी क्षेत्र में फंसे हैं भारत के 13 जहाज : जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

ईरान और अमेरिका युद्ध के बीच विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को बताया कि वर्तमान में भारत के 11 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित देश पहुंच चुके हैं। जबकि फारस की खाड़ी के इलाके में अभी भी हमारे 13 मालवाहक जहाज फंसे हुए हैं। यह जानकारी उन्होंने नई दिल्ली में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए प्रश्नों के जवाब में दी है। उन्होंने बताया कि पीएम मोदी द्वारा देशवासियों से ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण को लेकर किए गए आह्वान का अर्थ यही है कि देश के नागरिक किस प्रकार से मिलकर तेल की बचत कर सकते हैं और देश को फायदा पहुंचा सकते हैं। ऐसे में इस संबंध में विदेश मंत्रालय के प्रयास ही नहीं बल्कि पूरे देश की बात हो रही है। उन्होंने कहा संकट के दौर में भारत अपने पड़ोसी देशों को ऊर्जा उत्पादों की सप्लाई कर रहा है। जिसमें हम बांग्लादेश को हाई स्पीड डीजल फ्रेंडशिप पाइपलाइन के जरिए डीजल दे रहे हैं।



■ 28 फरवरी के बाद से लेकर अब तक 11 जहाज सुरक्षित ढंग से भारत पहुंच चुके हैं

## भारत को लगा झटका, नहीं रहा पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

वैश्विक अर्थव्यवस्था पर नजर रखने वाली संस्था इंटरनेशनल मॉनेटरी फंड (आईएमएफ) की ताज़ा वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में भारत को बड़ा झटका लगा है। नाममात्र जीडीपी के आधार पर भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से फिसलकर छठे स्थान पर पहुंच गया है। इस रैंकिंग में जापान और ब्रिटेन ने भारत को पीछे छोड़ दिया है। आईएमएफ के अनुसार वर्ष 2026 में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग 4.15 ट्रिलियन डॉलर रहने का अनुमान है, जबकि ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था 4.27 ट्रिलियन डॉलर और जापान की 4.38 ट्रिलियन डॉलर आंकी गई है।

### नई जीडीपी गणना पद्धति से बदली तस्वीर

भारत के नीचे खिसकने की सबसे बड़ी वजह जीडीपी मापने के तरीके में बदलाव माना जा रहा है। केंद्र सरकार ने 2022-23 को आधार वर्ष बनाते हुए नई श्रृंखला लागू की है। इसमें कई नई पद्धतियां अपनाई गईं और ताजा आंकड़ों को शामिल किया गया ताकि अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति का अधिक सटीक आकलन हो सके। फरवरी के अंत में जारी नए जीडीपी आंकड़ों में पाया गया कि पुरानी श्रृंखला भारतीय अर्थव्यवस्था के आकार को लगभग 3 से 4 प्रतिशत तक अधिक दिखा रही थी।

**डॉ.जयशंकर करेंगे सम्मेलन की अध्यक्षता, ईरानी विदेश मंत्री संग होगी द्विपक्षीय बैठक**

# भारत की मेजबानी में कल से होगी ब्रिक्स के विदेश मंत्रियों की बैठक, मौजूद रहेंगे अराघची!

हरिभूमि न्यूज ▸▸| नई दिल्ली

पश्चिम-एशिया संकट के बीच भारत की राष्ट्रीय राजधानी ब्रिक्स देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक का आयोजन करने के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस सप्ताह 14 से 15 मई तक यह बैठक भारत मंडपम में होगी। जिसकी अध्यक्षता विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर करेंगे। लेकिन क्या इस बैठक में ईरान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के विदेश मंत्री शामिल होंगे? हरिभूमि के इस प्रश्न के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि यह बैठक दो दिवसीय होगी। जिसकी अध्यक्षता भारत के विदेश मंत्री कर रहे हैं। ईरान और यूएई की तरफ से कौन आएगा? इसे लेकर निर्णय संबंधित देशों को करना है। लेकिन जैसे-जैसे लोग स्वदेश पहुंचेंगे तो उसके साथ ही इस बाबत तस्वीर पूरी तरह से साफ हो जाएगी। मसलन कौन किस देश का नेतृत्व कर रहे हैं या कौन लोग आयोजन में भाग ले रहे हैं।

**हरिभूमि के सवाल के जवाब में बोले जायसवाल, भारत की मेजबानी में हो रहा आयोजन, भागीदारी को लेकर जल्द साफ होगी तस्वीर**




### ईरान के विदेश मंत्री शामिल होंगे

सूत्रों ने बताया कि ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ब्रिक्स समूह के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए नई दिल्ली की यात्रा करेंगे। इस दौरान उनकी मुख्य आयोजन से इतर भारतीय विदेश मंत्री डॉ.एस.जयशंकर के साथ एक द्विपक्षीय बैठक संभव है। अगर दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की यह मुलाकात होती है, तो इसे ईरान-अमेरिका युद्ध के बीच होने वाली पहली प्रत्यक्ष यानी आमने-सामने की मुलाकात माना जाएगा। पूर्व में जयशंकर और अराघची के बीच टेलीफोन के माध्यम से कई बार बातचीत हो चुकी है।

### जारी होगा संयुक्त घोषणापत्र?

यहां ध्यान देने वाली बात यह है कि ईरान-अमेरिका युद्ध की वजह से अभी तक ब्रिक्स देशों के बीच मामले को लेकर कोई आमराय नहीं बन पाई है। न ही समूह की ओर से सार्वजनिक रूप से इस संबंध में अपना रुख साफ किया गया है। जिसके पीछे की बड़ी वजह ब्रिक्स में ईरान और यूएई का सदस्य देश के रूप में शामिल होना है। ये दोनों देश इस युद्ध में एक-दूसरे के खिलाफ जंग लड़ रहे हैं। जिसकी वजह से समूह में फिलहाल इस मामले पर अभी तक आम सहमति के साथ कोई बयान जारी नहीं किया गया है।

**Kushabhau Thakre Patrakarita Avam Jansanchar Vishwavidyalaya** — Admission Notice 2026
University of Journalism & Mass Communication
Kathadih (Bhatagaon), Raipur- 492013, Chhattisgarh.

Applications are invited for -

**Under Graduate Courses (Honours)**
BA (Mass Communication)
BA (Electronic Media)
BBA (Bachelor of Business Administration)

**Post Graduate Diploma Courses**
Journalism
PGDPCR/Rakshak
PGDCA
DCA

**Post Graduate Courses**
MJ (Master of Journalism)
MA (Advertising and Public Relations)
MA (Mass Communication)
MA (Electronic Media)
MBA (Hospital Administration)
MBA (Media Management)
MBA (Human Resource Development)
MA (Hindi)
MA (Chhattisgarhi)
MSW
B.Lib & I.Sc, M.Lib & I.Sc

Bus Facility Available

For Course Curriculum please contact the respective Heads of Department.
For more information regarding online applications and admissions, please visit the university website: www.ktujm.ac.in.

Registrar

Help Desk Contact No.: Dr Anil Shukla -7869083861, Dr. Kapil Prajapati 9644335553

## ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान को दी गई मदद पर भारत की चीन को खरी-खरी

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** पिछले साल 22 अप्रैल को पाकिस्तान समर्थित द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) के आतंकियों द्वारा किए गए पहलगाम हमले (26 लोग मारे गए थे) के जवाब में की गई भारत की सशस्त्र सेनाओं की ऑपरेशन सिंदूर की कार्रवाई के दौरान चीन ने पाकिस्तान को तकनीकी सहायता प्रदान की थी। जिस तथ्य को ड्रैगन ने बीते दिनों पहली बार सार्वजनिक रूप से स्वीकार कर लिया है। लेकिन मंगलवार को उसकी इस स्वीकारोक्ति को लेकर भारत ने बेहद सख्त अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। यहां राजधानी में आयोजित की गई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक सवाल के जवाब में चीन का नाम लिए बगैर उसे जमकर खरी खोटी सुनाई। उन्होंने कहा कि हमने ऑपरेशन सिंदूर में चीन द्वारा पाकिस्तान को मदद दिए जाने को लेकर मीडिया में आई खबरें देखी हैं।

**छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड रायपुर**
कार्यालय कार्यपालक निदेशक (योजना वाणिज्य एवं नियामक मामले) (दूरभाष – 0771–2574831, टेलीफैक्स–0771–2574698)

क्र. 02–12/यो0वा0 एवं निया0मा0/वाहन/निविदा/332 — दिनांकः 07.05.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड रायपुर स्थित कार्यालय कार्य0निदे0 (यो0वा0 एवं निया0 मा0) हेतु इस कार्यालय के निविदा क्र. 02–12/यो0वा0 एवं निया0मा0/वाहन/निविदा/332 दिनांक 07.05.2026 के तहत कार्यलयीन कार्य हेतु 01 नग वाहन (कार) के अस्थाई अल्पकालीन अनुबंध दो वर्ष हेतु पंजीकृत उपयुक्त आपूर्तिकर्ताओं से मुहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | कार्य का नाम | संख्या | निविदा का मूल्य | बयाना राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | कार (कैटगिरी–1) वाहन | 01 | 2000/– (1695रू0+305रू0 जीएसटी, निविदा मूल्य वापसी योग्य नहीं) | 11480/- (ग्यारह हजार चार सौ अस्सी) |
| अ | निविदा क्रय करने की अंतिम तिथि व समय | | 27/05/2026, 17:00 बजे तक | |
| ब | निविदा जमा करने की तिथि व समय | | 28/05/2026, 15:00 बजे तक | |
| स | निविदा खोलने की तिथि व समय | | 28/05/2026, 15:30 बजे | |
| | नियम व शर्ते | | | |
| 1 | शेष जानकारी कंपनी के वेबसाइट www.cspc.co.in से प्राप्त की जा सकती है। | | | |

कार्यपालक निदेशक (योजना वाणिज्य एवं नियामक मामले)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांस0 कंपनी लिमिटेड, रायपुर
SAVE ELECTRICITY

## ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाने राष्ट्रीय सम्मेलन

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली**
केंद्रीय भारी उद्योग मंत्रालय (एमएचआई) ने 12 मई 2026 को बेंगलुरु में पीएम 'ई-ड्राइव योजना के तहत देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को सक्षम बनाने' विषय पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए, केंद्रीय भारी उद्योग और इस्पात मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने कहा कि भारत सरकार देश में स्वच्छ परिवहन के लिए एक आधुनिक और विश्वसनीय ईवी चार्जिंग इकोसिस्टम बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि पीएम ई-ड्राइव योजना शहरी और ग्रामीण भारत में इलेक्ट्रिक मोबिलिटीको किफायती, भरोसेमंद और व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के सरकार के दृढ़ संकल्प को दर्शाती है।

## राष्ट्रपति मुर्मू ने 15 नर्सिंग कर्मियों को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार से किया सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज. नई दिल्ली।** देश की स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था को मजबूती देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नर्सिंग कर्मियों के समर्पण और सेवा भावना को सम्मान देते हुए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मु ने सोमवार को राष्ट्रीय फ्लोरेंस नाइटिंगेल पुरस्कार 2026 प्रदान किए। राष्ट्रपति भवन में आयोजित गरिमामय समारोह में देशभर के 15 उत्कृष्ट नर्सिंग पेशेवरों को यह प्रतिष्ठित सम्मान दिया गया। यह पुरस्कार नर्सिंग क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान, सेवा भावना और मरीजों की देखभाल में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किया गया।

**चेन्नई। विजय ने अपने ज्योतिषी को ओएसडी बनायाः** तमिलनाडु में लोक विभाग ने रिकी राधन पंडित वेट्रिवेल को मुख्यमंत्री विजय के राजनीतिक मामलों के विशेष कार्य अधिकारी के रूप में नियुक्त किया है। रिकी ने ही विजय के सीएम बनने की भविष्यवाणी की थी।

**कार्यालय नगर पंचायत कोतबा, जिला जशपुर (छ.ग.)**
E-mail Id - cmonpkotba@gmail.com

क्रमांक/79/न.पं./2026-27 — कोतबा, दिनाँक 11/05/2026

नगर पंचायत कोतबा अंतर्गत निम्न विकास कार्य हेतु निर्माण कार्य कराया जाना है जिसके लिए ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है. जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना

| क्रं. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर नम्बर | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | अमानत राशि (एफडी आर) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Revamping of Material Recovery Facility (MRF) including installation of Machinery and construction of Compost Plant in Municipal Areas of KOTBA, Chhattisgarh | 190662 | 25.67 | 12,900 | 01.06.2026 |
| 2 | वार्ड क्रं. 02 में मुक्तिधाम निर्माण कार्य | 190690 | 58.18 | 44,000 | 01.06.2026 |

उपरोक्त कार्य की निविदा की सामान्य शर्ते, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन के ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल https://eproc.csstate. gov.in देखा एवं डाउनलोड किया जा सकता है। अमानत राशि (टीडीआर / एफडीआर / डीडी वापसी योग्य नहीं) तथा दस्तावेज उपरोक्त तिथि को नगर पंचायत कोतबा में पंजीकृत / स्पीड डाक से प्रेषित करें।
**नगर पंचायत के करों का भुगतान समय पर करें एवं नगर को स्वच्छ बनाये रखने में सहयोग**

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत कोतबा जिला-जशपुर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, जांजगीर मुख्या. चांपा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
e Procurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक 01.06.2026, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत जी.एस.टी. छोड़ कर (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 190556 | 01/व.ले.लि./2026-27 दिनांक 11.05.2026 | बंधवा नाला में शीतबाबा के पास सुखदा स्टापडेम का निर्माण कार्य। | 182.29 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.05.2026, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोटः 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, जांजगीर
मुख्या चांपा जिला- जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
कृते अधीक्षण अभियंता
जल संसाधन मण्डल, रायगढ़ (छ.ग.)
G-262700660/3

**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग जगदलपुर**

ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना क्र. 01/2026-27
(प्रथम निविदा आमंत्रण)
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक / 1299/एस.ए.सी./ग्रा.यां. सेवा/2025-26
जगदलपुर, दिनांक 08/05/2026

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न निर्माण कार्य हेतु निविदा ऑनलाईन (Online) दिनांक 25.05.2026 तक आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रूपये लाख मे) | मैनुअल दस्तावेज कार्यालय में पहुँचने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | एम्फीथियेटर एवं 8 शॉप का निर्माण कार्य धुड़मारास विकास खण्ड दरभा विद्युतीकरण सहित | 92.33 | 28/05/2026 |

2. उक्त निर्माण कार्यों की निविदा सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि मे कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in मे दिनांक 11.05.2026 से डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी
सेवा संभाग जगदलपुर
G-262700668/3

**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, मनेन्द्रगढ़, जिला - एम. सी. बी. (छ.ग.)**

ई-प्रोक्युरमेंट निविदा सूचना
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 01.06.2026, 17:30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है :-

| सिस्टम निविदा क्रमांक | निविदा सूचना क्रमांक एवं दिनांक | कार्य का नाम | निविदा की लागत जी.एस. टी. छोड़ कर (लाख में) | आमंत्रण का क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 190557 | 01/वले. लि/2026-27 दिनांक 11.05.2026 | केवई व्यपवर्तन योजना के नहरों का जीर्णोद्धार कार्य। | 289.15 | प्रथम आमंत्रण |
| 190558 | 02/व.ले. लि/2026-27 दिनांक 11.05.2026 | सिरियखोह व्यपवर्तन योजना के नहरों का जीर्णोद्धार कार्य। | 286.42 | प्रथम आमंत्रण |
| 190559 | 03/ व.ले. लि/2026-27 दिनांक 11.05.2026 | बरकेला जलाशय योजना के नहरों का जीर्णोद्धार कार्य। | 315.07 | प्रथम आमंत्रण |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 18.05.2026, समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।
नोटः- 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. दिनांक 01.05.2025 एवं दिनांक 08.08.2025 के जारी संशोधन के अनुसार है।

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, मनेन्द्रगढ़, जिला - एम.सी.बी. (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर, (छ.ग.)
G-262700644/3

**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
**जोन क्रमांक-06**
अंतर्राज्यीय बस स्टैण्ड तृतीय तल, रावणभाठा, रायपुर (छ.ग.)
(Email ID – rmczone6@gmail.com)

क्रमांक 19/ जोन क्र. 06/न.पा.नि./ 2026-27 — रायपुर, दिनांक 11/05/2026

तृतीय आमंत्रण
रेनवाटर हार्वेस्टिंग स्थापना हेतु रूचि की अभिव्यक्ति

नगर पालिक निगम रायपुर जोन क्रमांक 06 क्षेत्रांतर्गत विभिन्न आवासीय भवनों / व्यवसायिक परिसरों / शासकीय भवनों में 03 विभिन्न केटेगीरी के रेनवाटर हार्वेस्टिंग (RWH) हेतु अनुमोदित डिजाईन, ड्राईंग अनुसार निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत अशासकीय संगठनों (N.G.O.) एवं स्व सहायता समूह, असंगठित कामगारों की पंजीकृत समितियों, बेरोजगार इंजीनियर्स (सिविल), इच्छुक फर्म, निगम में रजिस्टर्ड जियो हाईड्रोलॉजिस्ट, एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों को Empanel किए जाने हेतु रूचि की अभिव्यक्ति मैनुअल पद्धति से दिनांक 18/05/2026 को शाम 5:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित किया जाता है।

आवेदन / प्रस्ताव के साथ राशि रू. 1000 / - का (Non Refundable) डिमांड ड्राफ्ट एवं राशि रू.25,000/- का एफ. डी. आर. आयुक्त नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम पर देय प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा। प्रत्येक प्रकार ( Categary ) हेतु इस रूचि की अभिव्यक्ति में प्राप्त न्यूनतम दर पर कार्य किए जाने की सहमति हेतु EOI में भाग लिए सभी निविदाकारों को विभाग द्वारा पत्र जारी किया जावेगा। निर्धारित समयावधि में सहमति प्रदान करने वाले निविदाकारों को कार्य हेतु अनुबंध कर सम्मलित (Empanel) किया जावेगा एवं कार्य हेतु पृथक-पृथक कार्यादेश जारी किया जावेगा।

रेनवाटर हार्वेस्टिंग के प्राक्कलन तथा दरों से संबंधित विस्तृत जानकारी जोन क्रमांक 06 नगर पालिक निगम, रायपुर के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर प्राप्त किया जा सकता है।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक 06
नगर पालिक निगम, रायपुर

**कार्यालय प्रमुख अभियंता, लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर, अटल नगर**

(केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ) ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना
Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| स.क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक/दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 190374 प्रथम आमंत्रण 06.05.2026 | सोनसरी से मुंकुदपुर पहुंच मार्ग लंबाई 8.675 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 1835.02 |
| 2 | 190381 प्रथम आमंत्रण 06.05.2026 | जिला खैरागढ छुईखदान गण्डई के छुईखदान में स्थापित लाईवलीहुड कॉलेज भवन का वाटर सप्लाई, सेनेटरी फिटिंग, बाऊण्ड्रीवाल, पहुंच मार्ग एवं विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य। | 405.98 |
| 3 | 190389 प्रथम आमंत्रण 06.05.2026 | जिला मोहला मानपुर अ. चौकी के रेतेगांव से हुरेली मार्ग लंबाई 3.00 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 426.32 |
| 4 | 190402 प्रथम आमंत्रण 06.05.2026 | जिला खैरागढ छुईखदान गण्डई के कांशीटोला से ढांप मार्ग लंबाई 2.85 कि.मी. का पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 318.19 |
| 5 | 190251 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला कबीरधाम के कवर्धा रवेली प्रतापपुर मार्ग लंबाई 19.80 कि.मी. डामर नवीनीकरण का कार्य। | 550.38 |
| 6 | 190448 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | शासकीय किरोडीमल स्नातकोत्तर महाविद्यालय रायगढ में लैब एवं भवन का निर्माण कार्य, वा.स. से. फि. एवं विद्युतीकरण सहित। | 988.46 |
| 7 | 190469 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला कांकेर के कांकेर - भानुप्रतापपुर - मानपुर मार्ग के कि.मी. 28/6 जंजाली नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 403.27 |
| 8 | 190473 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला कोण्डागांव के पलना- बंगोली मार्ग के कि.मी. 1/8 बारदा नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 855.18 |
| 9 | 190475 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला जशपुर के बांसनताला से चटकपुर तुरीबस्ती मार्ग पर सिंधु नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 253.16 |
| 10 | 190476 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला बलरामपुर-रामानुजगंज के बानापाती से धमनी मार्ग पर बांकी नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 248.45 |
| 11 | 190477 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला कांकेर के चारभाठा - मकराटोला मार्ग के कि.मी. 5/4 सिरसिदा नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 856.05 |
| 12 | 190479 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला मनेन्द्रगढ चिरमिरी भरतपुर के रापारेवा से आमाखेरवा मार्ग पर हसिया नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 480.23 |
| 13 | 190480 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला दुर्ग के ढौर - मलपुरीखुर्द मार्ग में लोर नाला पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग का निर्माण कार्य। | 355.68 |
| 14 | 190474 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | डिंडौरी से चंदियाभाठा मार्ग लंबाई 2.60 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 371.22 |
| 15 | 190478 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | अमतरा से लछनपुर मार्ग लंबाई 2.00 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 238.51 |
| 16 | 190495 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | नवलपुर से कोतरी हाई स्कूल मार्ग लंबाई 2.625 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 264.67 |
| 17 | 190496 प्रथम आमंत्रण 07.05.2026 | जिला महासमुंद के उपसंभाग सरायपाली अंतर्गत लखनपुर से दिवानपाली मार्ग लंबाई 2.90 कि.मी. पुल पुलिया सहित निर्माण कार्य। | 358.06 |
| 18 | 190499 द्वितीय आमंत्रण 07.05.2026 | जिला जशपुर के कुनकुरी में ऑडिटोरियम का निर्माण कार्य। | 662.95 |

निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथी सं.क्र. 18 दिनांक 25.05.2026, सं.क्र. 01 से सं.क्र. 04 दिनांक 28.05.2026 निर्धारित है। एवं अन्य शेष निविदाओं के लिए दिनांक 29.05.2026 निर्धारित है। निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाईट में देखे जा सकते है।

मुख्य अभियंता,
केन्द्रीय निविदा प्रकोष्ठ
कार्यालय प्रमुख अभियंता,
लोक निर्माण विभाग, नवा रायपुर अटल नगर
G-262700651/4

## खबर संक्षेप

### रीएजेंट्स खरीदी घोटाला मुख्य आरोपी चोपड़ा को एचसी से मिली जमानत



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, घोटाले के मुख्य आरोपियों में से एक मोक्षित कॉरपोरेशन के डायरेक्टर शशांक चोपड़ा को हाईकोर्ट ने जमानत दे दी है। याचिकाकर्ता शशांक चोपड़ा ने स्वास्थ्यगत कारणों का हवाला दिया था। याचिकाकर्ता ने पुराना आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होने का उल्लेख करते हुए भी जमानत देने की मांग की। ईडी की ओर से जमानत का विरोध किया गया। न्यायालय ने माना कि आरोपी जनवरी 2025 से लगातार जेल में है। पीएमएलए की जांच पूरी हो चुकी है और प्रॉसिक्यूशन शिकायत दाखिल हो चुकी है। साथ ही सुप्रीम कोर्ट पहले ही मूल केस में जमानत दे चुका है। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल लंबा चलेगा, इसलिए अनिश्चितकाल तक जेल में रखना उचित नहीं है, इसलिए जमानत दी जाती है। बता दें, इससे पहले शशांक चोपड़ा को सीजीएमएससी घोटाले से जुड़े ईओडब्ल्यू, एसीबी के द्वारा दर्ज केस में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल चुकी है। दरअसल छत्तीसगढ़ का सीजीएमएससी घोटाला सरकारी मेडिकल उपकरण और रीएजेंटस की खरीद से जुड़ा करोड़ों के भ्रष्टाचार का मामला है। आरोप है, कुछ कंपनियों और अधिकारियों ने मिलकर टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी की और बाजार से कई गुना ज्यादा कीमत पर सामान खरीदा गया, जिससे सरकारी खजाने को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ।

## नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ की संयुक्त कार्रवाई

# एक करोड़ कैश के साथ एके 47, एसएलआर विस्फोटक सामग्री व नक्सल साहित्य बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर





जिले में माड़ बचाओ अभियान में एक करोड़ से अधिक कैश, तीन एके 47, तीन एसएलआर, मैगजीन, विस्फोटक सामग्री, नक्सल साहित्य सहित दैनिक उपयोग व अन्य सामाग्रियां बरामद की गईं हैं। नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, एसटीएफ, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ की संयुक्त कार्रवाई, ग्रामीण के सहयोग व सुदृढ़ सूचना तंत्र से एक माह में यह सफलता हासिल की गई।

- एक माह तक क्षेत्र में चलाया गया सर्च अभियान
- ग्रामीणों के सहयोग एवं सुदृढ़ सूचना तंत्र भी आया काम

पुलिस अधीक्षक नारायणपुर रोबिनसन गुड़िया ने जानकारी दी कि आज की कार्रवाई के बाद वर्ष 2025-26 में जिले में कुल 270 हथियारों की रिकवरी हुई है। यह आँकड़ा बताता है कि क्षेत्र में विश्वास, शांति और विकास की प्रक्रिया लगातार गति पकड़ रही है। भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन की मंशानुसार 31 मार्च 2026 तक सम्पूर्ण राज्य को नक्सल मुक्त घोषित करने के लक्ष्य के अनुरूप, जिला नारायणपुर में पुलिस द्वारा "माड़ बचाओ अभियान" के तहत विशेष नक्सल उन्मूलन अभियान निरंतर चलाया गया। विगत एक महीने तक जिला नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ के संयुक्त दलों द्वारा सुदूर एवं संवेदनशील क्षेत्रों में सघन सर्चिंग एवं एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया गया। ग्रामीणों के सक्रिय सहयोग एवं सुदृढ़ आसूचना तंत्र के माध्यम से विभिन्न स्थानों पर नक्सलियों द्वारा छिपाकर रखे गए डम्प का पता लगाकर कार्रवाई की गई।

जिला नारायणपुर में तैनात सुरक्षा बलों को ग्रामीणों के सहयोग एवं सुदृढ़ आसूचना तंत्र के आधार पर संचालित संयुक्त कार्यवाही में आज उल्लेखनीय और निर्णायक सफलता प्राप्त हुई है। इस अभियान के दौरान विभिन्न प्रकार के 28 हथियार बरामद किए गए, साथ ही जिंदा राउंड गोला-बारूद जब्त किए गए। यह कार्रवाई नारायणपुर पुलिस, डीआरजी, आईटीबीपी एवं बीएसएफ़ के संयुक्त प्रयासों से हासिल की गई। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने और नक्सल गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

एसपी रोबिनसन गुड़िया ने बताया कि संयुक्त कार्यवाही में कुल 1 करोड़ 1 लाख 64 हजार कैश, एके-47, एसएलआर, इंसास, 303 रायफल एवं इनके कारतूस ,बीजीएल सेल ,इलेक्ट्रॉन डेटोनेटर, कॉर्डेक्स वायर, नक्सल वर्दी, बैटरी एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किया गया है। नक्सलियों की लॉजिस्टिक, हथियार आपूर्ति एवं आईईडी निर्माण क्षमता को गंभीर आघात पहुंचा है। यह सफलता नक्सल उन्मूलन अभियान में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### जनसहयोग से रिकवर हथियार, गोला-बारूद व अन्य सामग्रियां

1. एके 47 रायफल - 03 नग
2. एसएलआर रायफल - 03 नग
3. 303 रायफल - 02 नग
4. 315 रायफल - 01 नग
5. एके 47 रायफल की मैग्जीन - 05 नग
6. एके 47 रायफल का जिंदा कारतूस - 113 नग
7. एसएलआर रायफल का जिंदा कारतूस - 182 नग
8. एसएलआर रायफल की मैग्जीन - 13 नग
9. इंसास रायफल की मैग्जीन - 01 नग
10. 303 रायफल रायफल की मैग्जीन - 02 नग
11. 303 रायफल का जिंदा कारतूस - 45 नग
12. 315 रायफल की मैग्जीन - 01 नग
13. 315 रायफल का जिंदा कारतूस - 41 नग
14. 12 बोर बंदूक - 02 नग
15. देशी कट्टा - 02 नग
16. 12 बोर का जिंदा कारतूस - 19 नग
17. एयर गन - 01 नग
18. बीजीएल सेल - 132 नग
19. इलेक्ट्रानिक डेटोनेटर - 08 नग
20. कॉर्डेक्स वायर - 06 बंडल
21. मोटोरोला सेट- 01 नग
22. वॉकीटॉकी बॉओफेंग - 06 नग
23 एसएमजी कार्टेज - 12
24 बीजीएल - 02
25.बीजीएल कार्टेज - 14
26.सोरा -5**KG** लगभग
27.व्हाईट पाउडर -3**KG**
28.रेडियो सेल - 4 सेट
29.बिजली वायर - 02 बंडल

## दो करोड़ की हेरोइन के साथ पंजाब के दो तस्कर व तीन खरीददार हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

तोरवा पुलिस ने अमृतसर पंजाब से दूध की बोतल में 50 ग्राम हेरोइन भरकर लाने वाले दो तस्करों और तीन खरीददारों को रेलवे स्टेशन के बाहर पकड़ लिया। जब्त हेरोइन की कीमत दो करोड़ रुपए बताई जा रही है। तस्करों जिस समय पकड़ा गया, उस समय वे हेरोइन की डिलिवरी कर रहे थे। पुलिस सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। हालांकि पुलिस ने मामले का खुलासा नहीं किया है। 12 मई को तोरवा पुलिस को सूचना मिली कि रेलवे स्टेशन के पास कुछ संदिग्ध लोग मादक पदार्थ की खरीदी बिक्री करने के लिए एकत्रित हुए हैं। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर पुलिस ने रेलवे स्टेशन के पास घेराबंदी की। पुलिस को देखकर तस्कर व खरीददार भागने लगे। पुलिस ने दौड़ाकर पंजाब अमृतसर के दो तस्करों व शहर के तीन खरीददारों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर पंजाब के तस्करों के पास से 50 ग्राम सफेद हेरोइन मिली। पुलिस ने हेराइन जब्त कर पांचों को हिरासत में ले लिया है। जब्त हेरोइन की मार्केट में कीमत 2 करोड़ रुपए बताई जा रही है।

### दूध की बोतल में लेकर आए

दोनों तस्कर अलग अलग दो दूध की बोतल में हेरोइन भरकर पंजाब से ट्रेन के माध्यम से आसानी से शहर पहुंच गए और स्टेशन के बाहर निकलकर शहर के खरीददारों को उसे दे रहे थे। तस्कर ट्रेन से तो आसनी से शहर पहुंच गए, किन्तु बाहर में उनकी होशियारी धरी की धरी रह गई और सलाखों के पीछे पहुंच गए।

### पाकिस्तान से तार जुड़ने की संभावना

आमतौर पर ड्रग्स की पाकिस्तान से भारत में सप्लाई की जाती है। संभावना जताई जा रही है कि पकड़े गए पंजाब के तस्कर पाकिस्तान से हेरोइन मंगाकर देश के अलग अलग हिस्सों में सप्लाई कर रहे थे। पूर्व में भी पुलिस ने पंजाब के एक ड्राइवर को ड्रग्स के साथ पकड़ा था। उस दौरान पाकिस्तान से ड्रग्स लाकर बेचने का खुलासा हुआ था।

## दंपती से 11 लाख की ठगी, आरोपी गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** वृद्ध दंपत्ति से 11 लाख रुपए की ठगी कर ली गई थी। इस मामले को लेकर पुलिस ने जांच पड़ताल करते त्वरित कार्रवाई कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी ने थाना बसंतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका पुत्र वरूण कुमार साहू 32 वर्ष सीमा सुरक्षा बल (एसएसबी) में पदस्थ था तथा जम्मू-कश्मीर में तैनात था। 12 सितंबर 2025 को अवकाश के दौरान ग्राम कोकपुर बरैठटोला के पास सड़क दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई थी। मृतक जवान की मृत्यु उपरांत विभागीय सहायता राशि के रूप में प्रार्थी के खाते में 10 लाख रुपए एवं उनकी पत्नी के खाते में 19.25 लाख रुपए जमा हुए थे। इसी दौरान मृतक के साढ़ू भाई योगराज साहू द्वारा वृद्ध माता-पिता को विश्वास में लेकर राजनांदगांव बैंक लाया गया तथा उनके खातों से कुल 15 लाख रुपए निकलवाए गए।

## कोतवाली के पास बाइक में बैठे बैठे जवान ने खुद को मारी गोली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बीजापुर पुलिस लाइन में तैनात जवान ने बीती रात सर्विस रायफल से स्वयं को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। कोतवाली के करीब हुई इस घटना के बाद हड़कम्प मच गया। गोली की आवाज सुनकर जवान मौके पर पहुंचे। जब तक उसे अस्पताल ले जाया जाता उसकी मौत हो चुकी थी।

- बीजापुर पुलिस लाइन में तैनात था जवान

जानकारी के मुताबिक घटना सोमवार रात लगभग 9 बजे की बताई जा रही है। जवान दिलीप तेलम बाइक पर बैठा हुआ था, इसी दौरान उसने अपनी सर्विस राइफल कनपटी पर लगाकर गोली चला दी। गोली लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद जवानों और लोगों ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस अधिकारियों को दी। घटना के बाद पुलिस एवं सुरक्षा बल के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। दिलीप ने आत्महत्या क्यों कि इसके कारणों का पता नहीं चल पाया है।

### पारिवारिक कारण हो सकती है सुसाइड की वजह



एडिशनल एसपी चंद्रकांत गर्वना ने बताया कि रात लगभग 9 बजे के रक्षित केंद्र में तैनात आरक्षक दिलीप तेलम ने थाना बीजापुर के समीप अपने इश्यूशुदा राइफल से गोली चलाकर आत्महत्या की है। प्रथम दृष्टया पारिवारिक कारणों से आत्महत्या करने की बात सामने आ रही है। थाना कोतवाली द्वारा प्रकरण में अग्रिम जांच कार्रवाई की जा रही है।

### नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी बटालियन आरक्षक गिरफ्तार

**राजनांदगांव।** 8वी बटालियन के आरक्षक द्वारा नाबालिग से छेड़छाड़ किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार थाना लालबाग में दर्ज धारा 74, 75(1)(i) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट के प्रकरण में पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन के मार्गदर्शन में थाना लालबाग पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते पुलिस द्वारा तत्काल कार्रवाई करते आरोपी आठवीं बटालियन के आरक्षक श्रवण भारती 36 वर्ष को 12 मई को गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना जारी है।

## पत्थर खदान में टिप्पर पलटने से युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जिले के अछोली क्षेत्र में स्थित एक पत्थर खदान में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पत्थर लोड करते समय एक आयशर टिप्पर अनियंत्रित होकर पलट गया, जिसकी चपेट में आने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, यह खदान नरेंद्र सूर्यवंशी के नाम पर है, जिसे वर्तमान में लालचंद अग्रवाल द्वारा किराए पर लेकर संचालित किया जा रहा है। सोमवार की सुबह जब काम चल रहा था, तभी सौरभ साहू निवासी निसदा का टिप्पर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया। हादसे के बाद खदान स्थल पर अफरा-तफरी मच गई। जिले में बढ़ते खदान हादसे यह बताने के लिए काफी हैं कि खनिज विभाग और संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी निभाने में असफल साबित हो रहे हैं। यदि समय रहते अवैध और असुरक्षित खदानों पर नकेल नहीं कसी गई, तो आने वाले समय में और भी मासूम जानें जा सकती हैं।

### सुरक्षा नियमों की अनदेखी

खदानों में काम करने वाले श्रमिकों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि श्रमिकों के पास सुरक्षा के पर्याप्त उपकरण नहीं हैं। नियमों के विपरीत खदानों का संचालन किया जा रहा है। श्रमिकों का बीमा और अन्य जरूरी कागजी कार्रवाई पूरी नहीं की गई है।


epaper : www.haribhoomi.com

# हरिभूमि CLASSIFIED

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी

Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

**Appointment आवश्यकता**

**टेलीकॉलर**

Requirment- Creditsea Finance Hiring Telecaller - Collection Associates (Hindi, English, Tamil, Telugu, Kannada, Malayalam). Salary 15,000–25,000; Male/Female; Complete Desk Job.3rd floor, Radhey Chambers, Pandri. Contact HR : 9109165137, 7999611198, 9131205196; Freshers, Experienced apply Immediately now. (RO-7243)

**टीचर**

WANTED- Trained and Experienced teachers studied throughout English Medium apply for Middle, High and Higher Secondary classes for all subjects including PTI and Yoga. Submit your Biodata on or before 25.05.2026. Time : 10:30 am. to 2:00p.m.Venue : Sunshine Hr. Sec. School, Opposite Utsav Palace, Durg Phone No: 9098532963, 9630118856.(आरो नं.-10461)

**ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- सर्जिकल आफिस में लड़कियों की आवश्यकता है। योग्यता - 12 वी/ग्रेजुएट संपर्क करे:-रामा मेडिटेक ,गीतांजलि नगर, हाऊस नम्बर - 15/A, रायपुर 6269933233.(आरो-205)

क्लासीफाईड

**घरेलु कार्य**

आवश्यकता है- एक फैमिली की आवश्यकता हैं- पत्नी जो घर में रहकर घर के सभी कार्य कर सके एवं पति जिसे ड्राइविंग आती हो जो कार चला सके उसे प्राथमिकता। रहने की सुविधा। वेतन योग्यता अनुसार, सम्पर्क करें:- 9893413130, 9425509393.(आरो-198)

**सुरक्षागार्ड**

अतिशीघ्र आवश्यकता है- सुरक्षा गार्ड 45, सुपरवाइजर 9 फील्ड अधिकारी 5, कंप्यूटर ऑपरेटर 2 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री संपर्क:- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय:- 06 जे. शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019.(आरो-015)

**दुकान कार्य**

आवश्यकता है- कार एक्सेसरीज की दुकान के लिए जरूरतमंद लड़को एवं लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क:- भाव्या ट्रेडर्स, नवभारत प्रेस के सामने, शहीद स्मारक काम्प्लेक्स, रायपुर मो. 8819935000. (आरो-014)

आवश्यकता है- दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गैराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा, रायपुर (आरो-173)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**क्लिनिक/ऑफिस कार्य**

आवश्यकता है- क्लिनिक/ ऑफिस में कार्यकरने हेतु ,8वीं/10वीं पढ़े लिखे ,लड़की/ लड़के की तत्काल आवश्यकता है। स्थायी निवासी को प्राथमिकता वेतन योग्यतानुसार मिलने का समय- शाम 5बजे से रात्रि 8बजे तक। मो.-9617789223, 9303948500 पता- स्टेशन रोड स्वरूप टॉकिज के सामने ब्राईट फर्नीचर के पीछे दुर्ग (छ.ग.) (आरो न.-4150)

**अकाउंटेंट**

आवश्यकता है- अकांउटेंट की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार संपर्क करें:-जय मा शारदा ट्रेडर्स मो. न.-9300230997, 7000700366.(आरो न.-4151)

**सेल्समैन/शॉप वर्क**

आवश्यकता है- रेडीमेड गारमेंट्स शॉप (पंडरी, रायुपर) में काम करने के लिए लड़का/लड़की एंव सेल्समैन की आवश्यकता है मों. - 7067048454.(आरो-173)

**सेल्समैन**

आवश्यकता है- पैथालाजी सामग्री की मार्केटिंग हेतु सेल्समेन की आवश्यकता है सम्पर्क करें- फाफाडीह चौक के पास, मोती सागर होटल के पीछे रायपुर 8269090186, 9893470141.(RO-40844)

**सर्विस**

आवश्यकता है- भारत के सबसे बड़े राइड-बुकिंग प्लेटफॉर्म रैपिडो से जुड़ें। ऑटो या ई-रिक्शा चलाकर प्रतिदिन 700 तक गारंटीड कमाई बिना कमीशन और 2000 तक जॉइनिंग बोनस पाएं। कॉल करें - 8929449955.(आरो-63172)

हरिभूमि

**पैकिंग स्टाफ**

आवश्यकता है- मेडिकल कंपनी हेतु पैकिंग स्टॉफ चाहिए, जिसे सीएफए ऑपरेशन (पैकिंग, डिस्पैचिंग) का कार्यानुभव हो, वेतन - योग्यतानुसार (5 अंको में) बायोडाटा bmpl.raipur@gmail.com पर मेल करें/ संपर्क करें - बजरंग मेडिकल प्रा.लि.अरोरा धर्मकांटा के पीछे, फ्रुट मार्केट के पास, देवपुरी, रायपुर.मोबाइल - 9826163637. (RO-16574)

**शॉप वर्क**

आवश्यकता है- ऑटो एसेसरीज होलसेल शॉप में कार्य हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है संपर्क श्री राम ऑटो एम.जी रोड रायपुर (छ.ग.) मोबाइल- 9300627327.(RO-176)

**मेंटेन कार्य**

आवश्यकता है- ईमानदार व परिश्रमी लड़का जो टू व्हीलर चलाना जानता हो ऑफिस साफ सफाई व्यवस्था मेंटेन कर सके फ्रेशर /कम पढ़े लिखे भी संपर्क कर सकते है : 9399463415. (RO-015)

**सर्वे कार्य**

आवश्यकता है- भिलाई- ऑफिस एवं सर्वे कार्य वेतन 8000 से 10000 तक। अनुभवी व्यक्ती ही संपर्क करें मो - 6268279954.(आरो नं.-10465)

**Astrology ज्योतिष**

ज्योतिष - छत्तीसगढ़िया ज्योतिष विचार दिखइया बईगा सब्बो समस्या के समाधान काली माई की शक्ति ले पूजा-पाठ लड़ाई- झंझट जुन्ना बीमारी बैरी ले छुटकारा बिहाव मा देरी, लाइका होय मा देरी, पढ़ाई मा मन नई लागय ता एक बेर जरूर मिलव मो.- 8461886239.(आरो-169)

**For Rent किराया**

किराए से देना /बेचना है- कोहका हाउसिंग बोर्ड भिलाई स्थित मकान नंबर 703/704 रजिस्ट्री फ्री होल्ड वाला मकान किराए से देना या बेचना है संपर्क करें -7440360294. (आरो नं.-274)

किराया- प्रीमियम वेयर हाउस/ खुला प्लॉट/ गोदाम किराये हेतु तोरवा बिलासपुर में होटल रेडडायमंड के सामने मुख्य रोड पर 5000- 40000 वर्गफीट उपलब्ध इंडस्ट्रीयल, लॉजिस्टिक्स, कॉर्पोरेट हेतु उपयुक्त सम्पर्क- 9617605544, 9111911145.(आरो-40828)

**Finance फायनेंस**

फाइनेंस- कुबेर फाइनेंस मुद्रा योजना अंतर्गत पूरे छत्तीसगढ़ मे लोन सिर्फ आधारकार्ड पर - (50,000/- से 15 लाख तक )(1% ब्याज वार्षिक ) प्रॉपर्टी, पर्सनल, ग्रुपलोन, सिविल ख़राब लोन पाए, संपर्क - 8882627857.(आरो-4366)

फाइनेंस - महालक्ष्मी फाइनेंस द्वारा सभी प्रकार लोन उपलब्ध बिजनेस , पर्सनल, कृषि महिला समूह , मकान , दुकान, लघु उद्योग, पर्सनल लोन, आधारकार्ड , पैन कार्ड प्रति उपलब्ध ( 2% ब्याज ), (30% छूट ) संपर्क:- 9039310732 , 8280401638. (RO-4345 )

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक




**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पुर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



# भारत को विदेशी पूंजी पर निर्भरता कम करनी चाहिए: उदय कोटक

## सीआईआई के एक कार्यक्रम में बोले वित्त क्षेत्र के दिग्गज

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वित्त क्षेत्र के दिग्गज उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि भारत को विदेशी पूंजी पर अपनी निर्भरता कम करनी चाहिए और वास्तविक आर्थिक आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए दीर्घकालिक घरेलू जोखिम पूंजी का मजबूत आधार विकसित करना चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के एक कार्यक्रम में कोटक ने कहा कि वास्तव में आत्मनिर्भर देश वही होता है जो ''किसी और के पैसे या ताकत पर निर्भर न हो।'' उन्होंने कहा, '' सच्चा आत्मनिर्भर देश वही है जिसे किसी और के धन या शक्ति पर निर्भर रहने की जरूरत न हो। कोटक ने कहा, '' मैं कंपनियों से आग्रह करता हूं कि वे अल्पकालिक शेयर कीमतों पर अत्यधिक ध्यान न दें बल्कि तीन से पांच साल का लक्ष्य लेकर चलें।'' उन्होंने साथ ही आगाह किया कि यदि तेल कीमतों में तेज वृद्धि होती है या विदेशी पूंजी प्रवाह उलट जाता है तो कमजोरियां सामने आ सकती हैं। कोटक ने देश के निजी इक्विटी, वेंचर कैपिटल और वैकल्पिक परिसंपत्ति ढांचे को मजबूत करने की भी वकालत की और कहा कि ये संस्थान उद्यमिता और दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के लिए जरूरी हैं। उन्होंने पेंशन फंड और बीमा कंपनियों को नियामकीय सुरक्षा के साथ धीरे-धीरे निजी बाजारों में अधिक निवेश की अनुमति देने की भी वकालत की।

### विदेशी यात्राएं सीमित करें

पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता की पृष्ठभूमि में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से विदेशी यात्राएं सीमित करने और जहां संभव हो, 'वर्क फ्रॉम होम' करने की अपील की है। निजी क्षेत्र के बैंक कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक कोटक ने कहा कि वैश्विक माहौल तेजी से खंडित हो रहा है।




### घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी

देश अपने-अपने रणनीतिक हितों को प्राथमिकता दे रहे हैं। ऐसे में भारत के लिए अपनी घरेलू आर्थिक बुनियाद को मजबूत करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि कई कंपनियां तिमाही नतीजों, शेयर कीमतों आदि पर अत्यधिक ध्यान दे रही हैं। बजाय इसके उन्हें तीन से पांच साल के दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ना चाहिए।

## खबर संक्षेप



### हिंदुस्तान जिंक का जस्ता तार संयंत्र के लिए करार

**नई दिल्ली।** वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने राजस्थान में जस्ता तार बनाने वाली इकाई लगाने के लिए मंगलवार को ग्रुप निर्मल के साथ समझौता किया। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इस संबंध में भीलवाड़ा जिले में स्थित उसके जिंक इंडस्ट्रियल पार्क में संयंत्र लगाने के लिए समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं।

### शहरों में बेरोजगारी मामूली घटकर 6.6 प्रतिशत पर

**नई दिल्ली।** शहरों में बेरोजगारी दर मार्च तिमाही में मामूली घटकर 6.6 प्रतिशत रही है। इससे पिछली



तिमाही अक्टूबर-दिसंबर, 2025 में यह 6.7 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के निश्चित अवधि पर होने वाले श्रमबल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) में 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के कुल 5,61,822 व्यक्तियों को शामिल किया गया था। मार्च तिमाही का अद्यतन आंकड़ा इस श्रृंखला का चौथा आंकड़ा है।

### इंडियन होटल्स का लाभ बढ़कर 645 करोड़ रुपए

**मुंबई/ नई दिल्ली।** टाटा समूह की कंपनी इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड का वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 14.71 प्रतिशत बढ़कर 645.43 करोड़ रुपये का मुनाफा दर्ज किया है। कंपनी ने जनवरी-मार्च तिमाही के इस नतीजे की सूचना शेयर बाजार को दी। कंपनी ने एक साल पहले की समान तिमाही में 562.66 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया था। आलोच्य तिमाही में कंपनी की परिचालन आय बढ़कर 2,765.29 करोड़ रुपये हो गई।

### आयोग के सदस्य गौबा ने कहा, सरकार सुधार जारी रखेगी

# उद्योग को आरएंडडी पर खर्च बढ़ाना होगा संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी: नीति आयोग

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

नीति आयोग के सदस्य राजीव गौबा ने मंगलवार को कहा कि सरकार सुधार जारी रखेगी और भरोसा-आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी। हालांकि, उद्योग को अनुसंधान एवं विकास (आरएंडडी) पर निवेश बढ़ाना होगा और संरक्षणवाद की प्रवृत्ति छोड़नी होगी ताकि भारत वैश्विक उत्पादन एवं नवाचार का आकर्षक केंद्र बन सके। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक व्यापार सम्मेलन में गौबा ने कहा कि सरकार सुधार एजेंडा को जारी रखेगी लेकिन उद्योग को कुछ महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान देना होगा जिसमें अनुसंधान एवं विकास में निवेश ''पहला'' मुद्दा है।

■ सरकार भरोसा आधारित शासन के मूलभूत पहलुओं पर काम करेगी



### मुक्त व्यापार निर्यातकों के लिए बड़े बाजार खोलेंगे

भारत सरकार ने ब्रिटेन, यूरोपीय संघ और न्यूजीलैंड के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते किए हैं और कई अन्य प्रक्रिया में हैं। ये भारतीय निर्यातकों के लिए नए बड़े बाजार खोलेंगे लेकिन मुक्त व्यापार का सिद्धांत पारस्परिकता की मांग करता है।

### कौशल विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं

गौबा ने इस बात पर जोर दिया कि उद्योग मानव संसाधन के कौशल विकास पर ध्यान दे क्योंकि सरकार अकेले यह नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, '' सरकार ने 'स्किल इंडिया मिशन' के माध्यम से महत्वपूर्ण निवेश किए हैं। मेरा मानना है कि कौशल विकास केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं हो सकता।

### आरएंडडी पर कुल व्यय बहुत कम

गौबा ने कहा, '' जैसा कि हम सभी जानते हैं कि भारत का अनुसंधान एवं विकास पर कुल व्यय कम है। यह सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लगभग 0.7 प्रतिशत पर अटका हुआ है जो वैश्विक औसत 2.3 प्रतिशत से काफी नीचे है। यह दक्षिण कोरिया तथा इजराइल जैसे देशों से बहुत कम है। इस 0.7 प्रतिशत में से 60 प्रतिशत सरकार द्वारा वित्तपोषित है।''

### आरएंडटी में निवेश लागत नहीं, रणनीतिक बढ़त

गौबा ने कहा, '' मेरा मानना है कि भारतीय उद्योग को अनुसंधान एवं विकास में अधिक निवेश करना चाहिए एवं प्रौद्योगिकी आयात करने से उसे विकसित करने की ओर बढ़ना चाहिए। आरएंडडी में निवेश लागत नहीं है, यह रणनीतिक बढ़त है।''

### उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती स्वीकार करे

सदस्य ने भारतीय उद्योग से यह भी आग्रह किया कि वह वैश्विक प्रतिस्पर्धा की चुनौती को स्वीकार करे, खासकर तब जब देश अन्य देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) कर रहा है। नीति आयोग के सदस्य ने कहा, भारतीय उद्योग को संरक्षणवाद की अपनी प्रवृत्ति छोड़नी होगी।

# भारत खाद्य तेल के आयात का बढ़ता बोझ नहीं उठा सकता

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

खाद्यतेल निकाय एसईए ने लोगों से खाद्यतेल का कम इस्तेमाल करने की प्रधानमंत्री की अपील का स्वागत करते हुए कहा कि इससे आयात पर निर्भरता कम करने और विदेशी मुद्रा बचाने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के बीच विदेशी मुद्रा बचाने के लिए खाद्यतेल की खपत कम करने, रासायनिक उर्वरकों का इस्तेमाल घटाने, प्राकृतिक खेती और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने का आह्वान किया। ''द सॉल्वेंट एक्सट्रैक्टर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया'' (एसईए) ने एक बयान में कहा कि खाद्य तेल की खपत को नियंत्रित करने को लेकर प्रधानमंत्री की अपील का आर्थिक और रणनीतिक महत्व कहीं अधिक गहरा है। एसईए के कार्यकारी निदेशक बी वी मेहता ने कहा,'जलवायु अनिश्चितताओं में वृद्धि, बायोडीजल अनिवार्यताओं के कारण वैश्विक वनस्पति तेल आपूर्ति में सख्ती और भू-राजनीतिक तनाव से बढ़ते जोखिमों के बीच देश के लिए दीर्घकालिक दृष्टिकोण अपनाने का यह सही समय है। घरेलू तिलहन उत्पादन बढ़ाने के साथ संतुलित खपत की आदतें भी निर्भरता कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।' भारत खाद्यतेल की अपनी घरेलू जरूरत का लगभग 60 प्रतिशत आयात से पूरा करता है।

■ उद्योग निकाय एसईए ने पीएम की अपील का किया स्वागत



### खाद्य तेल की कीमतें अस्थिर बनी हुई

ये कारक विदेशों से होने वाली आपूर्ति पर निर्भर भारत जैसे देशों के लिए खाद्यतेल की कीमतों और आयात की लागत को प्रभावित करते हैं। मेहता ने कहा, 'ऐसे समय में जब अल नीनो जैसे वैश्विक मौसम जोखिम कृषि उत्पादन के लिए खतरा बने हुए हैं और अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्यतेल की कीमतें अस्थिर बनी हुई हैं, भारत आयात पर बढ़ती निर्भरता का बोझ नहीं उठा सकता है।'

## एआई से जुड़ी नौकरियों में 15-20 प्रतिशत की वृद्धि

**नई दिल्ली।** केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि आईटी उद्योग के कई क्षेत्रों में बदलाव की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी कहा कि देश में कृत्रिम मेधा (एआई) से संबंधित नौकरियों की मांग 15 से 20 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। उद्योग मंडल सीआईआई के वार्षिक व्यापार शिखर सम्मेलन में मंत्री ने उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे आईटी उद्योग निकाय नैसकॉम के साथ साझेदारी करें ताकि देश के प्रतिभाशाली लोगों को प्रौद्योगिकी का लाभ उठाने के लिए तैयार किया जा सके। वैष्णव ने कहा, 'मैं अपने आईटी उद्योग के साथ लगातार संपर्क में हूं।

HMS शिव साईटिका तेल
शिव सायटिका सिरप, कैप्सूल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम ®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

## बिजनेस साइट

### प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत की अपील का आईबीजेए ने किया स्वागत

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा देशवासियों से नए सोने की खरीद को सीमित रखने और घरेलू स्वर्ण संपदा के अधिकतम उपयोग की अपील का इंडियन बुलियन ज्वेलरी एसोसिएशन ने जोरदार स्वागत किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष तिलोकचंद बरड़िया ने इसे आत्मनिर्भर भारत की दिशा में दूरदर्शी और ऐतिहासिक कदम बताया। तिलोकचंद बरड़िया ने कहा कि भारत विश्व के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ता देशों में शामिल है और हर वर्ष बड़े पैमाने पर सोने का आयात किया जाता है, जिससे विदेशी मुद्रा भंडार पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। वर्तमान वैश्विक आर्थिक परिस्थितियों और बढ़ती महंगाई के बीच प्रधानमंत्री की यह पहल देश की आर्थिक मजबूती के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि भारतीय परिवारों के पास हजारों टन स्वर्ण संपदा सुरक्षित रूप में मौजूद है, जिसका पुनः उपयोग देश की अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे सकता है। पुराने सोने को आधुनिक डिजाइनों वाली नई ज्वेलरी में परिवर्तित करने से आयात पर निर्भरता कम होगी और घरेलू अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। बरड़िया ने कहा कि आईबीजेए 'गोल्ड एक्सचेंज एंड रीयूज मूवमेंट' के तहत जनजागरूकता अभियान चलाएगी। वहीं अनोपचंद तिलोकचंद ज्वेलर्स प्रा. लि. द्वारा विशेष 'गोल्ड एक्सचेंज प्रोग्राम' भी शुरू किया गया है, जिसके माध्यम से उपभोक्ता पुराने आभूषणों को नई ज्वेलरी में एक्सचेंज कर सकेंगे। उन्होंने ज्वेलर्स, व्यापारिक संगठनों और नागरिकों से 'पुराना सोना-नया भारत' अभियान से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि भारतीय ज्वेलरी उद्योग आगे भी राष्ट्रहित और आर्थिक विकास में अपनी सक्रिय भूमिका निभाता रहेगा।



■ पुराना सोना बनेगा नए भारत की आर्थिक शक्ति : तिलोकचंद बरड़िया

### एक्जिमा से बढ़ रही त्वचा संबंधी परेशानियां समय पर इलाज जरूरी : डॉ नरेन्द्र अग्रवाल

**रायपुर।** त्वचा संबंधी बीमारियों में एक्जिमा तेजी से आम समस्या बनती जा रही है। खुजली, लालपन, सूखापन और जलन जैसी परेशानियों से ग्रसित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। इस संबंध में डॉ नरेन्द्र अग्रवाल क्लीनिक के संचालक और चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ नरेन्द्र अग्रवाल ने बताया कि एक्जिमा, जिसे मेडिकल भाषा में 'एटोपिक डर्मेटाइटिस' कहा जाता है, त्वचा की एक गंभीर लेकिन नियंत्रित की जा सकने वाली बीमारी है। यह किसी भी उम्र में हो सकती है, हालांकि बच्चों में इसके मामले अधिक देखने को मिलते हैं। डॉ अग्रवाल ने बताया कि एलर्जी, त्वचा की संवेदनशीलता, धूल, धुआं, प्रदूषण, मौसम में बदलाव, पसीना और केमिकल युक्त उत्पाद इसके प्रमुख कारण हैं। जिन लोगों के परिवार में एलर्जी, अस्थमा या त्वचा रोग का इतिहास होता है, उनमें यह बीमारी होने की संभावना अधिक रहती है। मानसिक तनाव और नींद की कमी भी समस्या को बढ़ा सकती है। उन्होंने बताया कि एक्जिमा में त्वचा पर अत्यधिक खुजली, लालपन, सूखापन और फफोले जैसे लक्षण दिखाई देते हैं। बार-बार खुजलाने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। बचाव के लिए त्वचा को मॉइस्चराइज रखना, तेज साबुन और गर्म पानी से बचना तथा सूती कपड़े पहनना लाभकारी होता है।



हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल | डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA | भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. पर्णिता बघेल (स्त्री रोग विशेषज्ञ) डॉ. फिबी मसीह (स्त्री रोग विशेषज्ञ)
वसुधा केयर हॉस्पिटल (महिला एवं बच्चों का अस्पताल | प्लास्टिक एवं कास्मेटिक सर्जरी)
सुविधाएं • 24x7 डिलीवरी • शिशु रोग • दूरबीन द्वारा ऑपरेशन • सोनोग्राफी • बांझपन का इलाज • खून जांच
जीवन विहार कालोनी, सृष्टि प्लाजो के पास, अवंति विहार रोड, तेलीबांधा, रायपुर, मो. 0771-3523209, 7880001064, 7880001062

Sai Care Hospital श्री सांई केयर हॉस्पिटल
डॉक्टर से सेकंड ओपिनियन, बिना किसी फीस हर सामेवार शाम।
उपलब्ध सेवायें कैंसर केयर, डायबिटिक केयर, पाईल्स केयर
डायबिटीज (मधुमेह) उपचार, लिवर व किडनी रोग, पाइल्स (बवासीर) का ऑपरेशन, थाइरॉयड सर्जरी, हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), ब्रैस्ट लंप / ट्यूमर सर्जरी
फ्री ओपीडी सेवा महीने के प्रत्येक सोमवार समय: शाम 5 बजे से 7 बजे तक
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क ईलाज सुविधा उपलब्ध
शिव मंदिर के पास, अवंती विहार, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) | बुक अपॉइंटमेंट : 0771-4020089, 9630067422

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं स्पेशलिस्ट : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी, खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
पता :- 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

दक्षिका हेल्थ केयर & डायबिटिक सेंटर
(डायबिटिक, थायरॉइड, ब्लड प्रेशर, ओबेसिटी, वैक्सीनेशन, हार्ट केयर)
ADULT VACCINATION CENTER
जहाँ Diabetes, Thyroid, Hypertension (Blood Pressure) का मिलता है Expert Care"
▪Better Experience ▪Fully Dedication ▪Accurate
डॉ. दीपक जायसवाल MBBS, MD (General Medicine) PGDIC, CCEBDM (Diabetes), FICP Senior Consultant Physician & Diabetologist
डॉ. नेहा रानी गुप्ता BDS, MDSDental Specialist (दंत सुविधा उपलब्ध)
पता : शॉप नं. 14 एवं 15, ग्राउंड फ्लोर, EDGE COMPLEX मोवा रायपुर :9202222391, 8871865551, 7723068129

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्पलेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

Skin Care डॉ. नरेन्द्र अग्रवाल
चर्म एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
सुविधाएं • लेजर हेयर रिमूवल • कैमिकल पीलिंग • हाइड्रोफेशियल • रेडियोफ्रिक्वेंसी • कार्बन फेशियल • एलर्जी टेस्ट
रविवार अवकाश
क्लीनिक : छत्तीसगढ़ कॉलेज के सामने, सिविल लाईन, बैरनबाजार, रायपुर (छ.ग.) समय : सुबह 10:00 से 2:00 बजे तक
सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा रोड, रायपुर (छ.ग.) शाम 5:00 से 8:30 बजे तक, फोन : 0771-2546760, 9300323131

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टेली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोन: 0771-4044551 समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
› प्रसूति › नवजात › शिशु रोग › बांझपन › सोनोग्राफी › आयुष्मान कार्ड › बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन › अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

उपलब्ध विशेषताएं • लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130



# शबनीम इस्माइल ने की संन्यास से वापसी

## महिला टी20 विश्व कप

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

महिला टी20 विश्व कप 2026 के लिए दक्षिण अफ्रीका ने अपनी टीम का ऐलान कर दिया है। लौरा वोल्वार्ड्ट की कप्तानी में घोषित टीम में 37 साल की शबनीम इस्माइल को जगह मिलना चौंकाने वाला है। शबनीम को विश्व कप की टीम में जगह देना क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका का एक चौंकाने वाला फैसला है।

दक्षिण अफ्रीका ने 2023 में संन्यास ले चुकीं 37 साल की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को टी20 विश्व कप 2026 की टीम में जगह दी है। इसके लिए शबनीम को संन्यास तुड़वाकर वापसी कराई गई है।



### विश्व कप 12 जून से

विश्व कप 12 जून से 5 जुलाई तक इंग्लैंड में खेला जाएगा। दक्षिण अफ्रीका ग्रुप 1 में शामिल है। इस ग्रुप में ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, भारत, नीदरलैंड, और पाकिस्तान शामिल हैं। दक्षिण अफ्रीका 13 जून को मैनचेस्टर में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

### दुनिया की बड़ी लीग में लगातार सक्रिय शबनीम

शबनीम इस्माइल को दक्षिण अफ्रीका टीम में जगह देने की कई वजहें हैं। पहला, इस्माइल बेशक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेल रही हैं, लेकिन दुनिया की बड़ी लीग में लगातार सक्रिय हैं। वह संन्यास के बाद से महिला बिग बैश लीग, महिला कैरेबियन प्रीमियर लीग और महिला द हंड्रेड में 92 टी20 मैच खेल चुकी हैं। इस वजह से उनके पास फॉर्म और फिटनेस दोनों है। दूसरा, वह दक्षिण अफ्रीका की सफल और बेहतरीन तेज गेंदबाज रह चुकी हैं। उन्होंने 113 मैचों में 123 विकेट लिए हैं। विश्व कप इंग्लैंड में होने वाला है। वहां शबनीम की गति और अनुभव टीम के काम आ सकता है। इसी वजह से दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने उन्हें संन्यास से वापसी कराते हुए टीम में जगह दी है।

# चार्ली डीन और अमेलिया केर ने लगाई लंबी छलांग



एजेंसी ▶▶| दुबई

इंग्लैंड की चार्ली डीन और न्यूजीलैंड की कप्तान अमेलिया केर को वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन का इनाम आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में मिला है।

इंग्लैंड टीम की कप्तानी संभाल रहीं चार्ली डीन ने पहले वनडे में बल्ले और गेंद दोनों से शानदार प्रदर्शन किया था। उन्होंने बल्लेबाजी में 46 गेंदों में 31 रनों की दमदार पारी खेली और वह टीम को जीत दिलाकर लौटीं। वहीं, गेंदबाजी में उन्होंने 7 ओवर के स्पेल में महज 21 रन खर्च करते हुए 2 विकेट चटकाए। गेंदबाजों की रैंकिंग में डीन अब छह पायदान की छलांग लगाकर 10वें नंबर पर आ गई हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स की लिस्ट में भी उनको एक पायदान का फायदा पहुंचा है और वह अब 11वें स्थान पर आ गई हैं।

### मैडी सातवें नंबर पर पहुंची

अमेलिया केर और उनकी टीम की साथी खिलाड़ी मैडी ग्रीन ने वनडे में बल्लेबाजों की ताजा रैंकिंग में बड़ी छलांग लगाई है। पहले वनडे में 88 रनों की पारी खेलने वालीं ग्रीन दो पायदान ऊपर चढ़कर सातवें नंबर पर पहुंच गई हैं। वहीं, अर्धशतकीय पारी के बूते केर ने चार पायदान की छलांग लगाई है और वह अब 11वें नंबर पर आ गई हैं।



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| गुजरात | 12 | 8 | 4 | 16 |
| बेंगलुरु | 11 | 7 | 4 | 14 |
| हैदराबाद | 12 | 7 | 5 | 14 |
| पंजाब | 10 | 6 | 3 | 13 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 |
| राजस्थान | 11 | 6 | 5 | 12 |
| कोलकाता | 10 | 4 | 5 | 9 |
| दिल्ली | 11 | 4 | 7 | 8 |
| मुंबई | 11 | 3 | 8 | 6 |
| लखनऊ | 11 | 3 | 8 | 6 |

ऑरेंज कैप



हेनरिक क्लासेन
508 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



भुवनेश्वर कुमार
21 विकेट
बेंगलुरु

## खबर संक्षेप

### फाइनल में लक्ष्य, चार मुक्केबाजों को कांस्य



**ताशकंद।** भारत के लिए एशियाई अंडर 17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में मंगलवार का दिन चुनौतीपूर्ण रहा जब लक्ष्य फोगाट अकेले फाइनल में पहुंचे जबकि चार अन्य मुक्केबाजों को सेमीफाइनल में हारने के बाद कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। 75 किलोवर्ग में लक्ष्य ने कोरिया के सियुंगमिन ली को 5-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में नरेंद्र नेल्ला (46 किलो ) को उजबेकिस्तान के अब्दुल्लाह नूरालीव ने 5-0 से हराया।

### विरोध प्रदर्शन के कारण हुआ नुकसान : पूनिया

**गोंडा।** एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता दीपक पूनिया का मानना है कि



जंतर-मंतर पर पहलवानों के विरोध प्रदर्शन से जो व्यवधान पैदा हुआ उससे भारत के कई खिलाड़ियों का करियर प्रभावित हुआ, जिसमें वह खुद भी शामिल हैं। दीपक ने कहा कि पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद भारतीय कुश्ती में अनिश्चितता के लंबे दौर ने खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में खेलने का अवसर नहीं मिला, जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ। दीपक ने कहा, 'विरोध प्रदर्शन और अन्य घटनाओं के कारण 2023 के बाद कई टूर्नामेंट रद्द कर दिए गए थे और हमें पहले की तरह विदेश में होने वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेने के मौके भी नहीं मिले।'

### लगातार हार के बाद नहीं होगा टीम में बदलावः बहुतुले

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने कहा कि लगातार चौथा मैच हारने के बावजूद टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया जाएगा, हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि महत्वपूर्ण मौकों पर खराब फील्डिंग विशेषकर कैच लेने में नाकामी बड़ी चिंता का विषय है। बहुतुले ने कहा, ' दुर्भाग्य से आज हमने महत्वपूर्ण अवसरों पर कुछ कैच छोड़ दिए। हम इस पर विचार करेंगे, लेकिन फिलहाल हमारे पास इस बारे में ज्यादा सोचने का समय नहीं है।'बहुतुले ने कहा, ' मुझे लगता है कि टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है। निश्चित रूप से हम कुछ मैच हार गए हैं। हम कुछ खास क्षेत्रों पर ही फिर से विचार करेंगे। टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं होगा, क्योंकि सभी खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं।'

## हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट, रबाडा और होल्डर ने चटकाए 3-3 विकेट

# लगातार पांचवीं जीत के साथ टॉप पर जीटी, सनराइजर्स को 82 रन से हराया

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

गुजरात टाइटंस ने बेहतरीन हरफनमौला प्रदर्शन करते हुए सनराइजर्स हैदराबाद को मंगलवार को 82 रन से हराकर लगातार पांचवीं जीत के साथ आईपीएल अंकतालिका में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। साइ सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों से गुजरात ने 5 विकेट पर 168 रन बनाए। जवाब में सनराइजर्स हैदराबाद 14.5 ओवर में 86 रन पर आउट हो गए। कैगिसो रबाडा ने शीर्ष क्रम की बखिया उधेड़ते हुए 28 रन देकर 3 विकेट लिए जबकि जैसन होल्डर ने 20 रन देकर 3 विकेट चटकाए। इस जीत के साथ गुजरात 12 मैचों में 16 अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि सनराइजर्स 12 मैचों में 14 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं। आरसीबी 11 मैचों में 14 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है।

### गुजरात की सबसे बड़ी जीत

गुजरात टाइटंस की आईपीएल के इतिहास में रनों की सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले गुजरात की सबसे बड़ी जीत इसी सीजन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आई थी। उस मुकाबले में गुजरात ने राजस्थान को 77 रनों से हराया था।

82 रन - गुजरात टाइटंस (बनाम हैदराबाद)
77 रन - गुजरात टाइटंस (बनाम राजस्थान)
62 रन - गुजरात टाइटंस (बनाम मुंबई)



### एसआरएच ने मात्र 60 रन पर गंवाए 7 विकेट

जीत के लिए 169 रन के लक्ष्य के जवाब में सनराइजर्स ने 7 विकेट 60 रन पर गंवा दिए थे। रबाडा ने अपने 4 ओवर में 3 विकेट चटकाते हुए सनराइजर्स को लगातार झटके दिए। वहीं मोहम्मद सिराज ने पहला ओवर ही मैडन डालते हुए ट्रेविस हेड का अहम विकेट लिया, जिन्होंने निशांत सिंधू को आसान कैच थमाया। सिराज ने तीन ओवर में सिर्फ 11 रन देकर 1 विकेट लिया। अभिषेक शर्मा (छह) को भी रबाडा ने ही रवाना किया। चौथे ओवर में ईशान किशन (11) ने विकेट के पीछे कैच थमाया। रबाडा ने अपने आखिरी ओवर में आर स्मरण को मिड आन पर शुभमन गिल के हाथों लपकवाया तब सनराइजर्स का स्कोर चार विकेट पर 32 रन था। हेनरिच क्लासेन 11 रन बनाकर होल्डर का शिकार हुए, जिनका कैच विकेट के पीछे जोस बटलर ने लपका।

### सुदर्शन और वॉशिंगटन ने खेली अर्धशतकीय पारी

इससे पहले साई सुदर्शन और वॉशिंगटन सुंदर के अर्धशतकों की मदद से गुजरात टाइटंस ने पांच विकेट पर 168 रन बनाए। सुदर्शन ने 44 गेंद में 5 चौकों और 2 छक्कों की मदद से 61 रन बनाए। वहीं सुंदर ने 33 गेंद में सात चौकों और एक छक्के के साथ 50 रन की पारी खेली। सनराइजर्स के लिए प्रफुल्ल हिंगे ने 3 ओवर में 17 रन देकर दो विकेट लिए जबकि कप्तान पैट कमिंस ने चार ओवर में 20 रन देकर एक विकेट चटकाया।

### रबाडा ने की बोल्ट और जॉनसन की बराबरी

एक सीजन के पावरप्ले में सबसे ज्यादा विकेट लेने का रिकॉर्ड मोहम्मद शमी के नाम है। हालांकि 16-16 विकेट मिचेल जॉनसन ने 2013 तो ट्रेंट बोल्ट ने 2020 में पावरप्ले में झटके थे। अब कागिसो रबाडा ने जॉनसन और बोल्ट की बराबरी कर ली है। रबाडा के इस सीजन पावरप्ले में 16 विकेट हो गए हैं।

### स्कोर बोर्ड

| गुजरात टाइटंस | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| सुदर्शन का हिंगे बो हुसैन | 61 | 44 | 5 | 2 |
| गिल का क्लासेन बो हिंगे | 5 | 7 | 1 | 0 |
| बटलर का ईशान को हिंगे | 7 | 11 | 1 | 0 |
| सिंधू का क्लासेन बो कमिंस | 22 | 14 | 3 | 1 |
| सुंदर का ईशान को साकिब | 50 | 33 | 7 | 1 |
| जेसन होल्डर नाबाद | 11 | 10 | 0 | 0 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 4 | 1 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 4 रन
योग : 20 ओवर में 168/5 रन
गेंदबाजी : कमिंस 4-0-20-1, रेड्डी 3-0-27-0, हिंगे 3-0-17-2, मलिंगा 4-0-46-0, हुसैन 4-0-37-2, शिवांग 2-0-19- 0

| सनराइजर्स हैदराबाद | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| ट्रेविस हेड का सिंधू बो सिराज | 0 | 4 | 0 | 0 |
| अभिषेक शर्मा बो रबाडा | 6 | 4 | 0 | 1 |
| ईशान का बटलर बो रबाडा | 11 | 7 | 1 | 1 |
| रविचंद्रन का गिल बो रबाडा | 9 | 15 | 1 | 0 |
| क्लासेन का बटलर बो होल्डर | 14 | 16 | 2 | 0 |
| अरोड़ा का बटलर बो कृष्णा | 16 | 13 | 3 | 0 |
| रेड्डी का सुंदर बो होल्डर | 2 | 4 | 0 | 0 |
| कमिंस का सिराज बो कृष्णा | 19 | 9 | 1 | 2 |
| शिवांग का बटलर बो होल्डर | 4 | 6 | 0 | 0 |
| हिंगे स्ट बटलर बो राशिद | 3 | 8 | 0 | 0 |
| एशान मलिंगा नाबाद | 0 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 2 रन
योग : 14.5 ओवर में 86 रन
गेंदबाजी : सिराज 3-1-11-1, रबाडा 4-0-28-3, होल्डर 4-0-20-3, कृष्णा 3-0-23-2, राशिद 0.5-0-3-1


## इटैलियन ओपन

# जोकोविच के मास्टर्स रिकॉर्ड की बराबरी पर पहुंचे यानिक

एजेंसी ▶▶| रोम

- सिनर की क्वार्टर-फाइनल में एंट्री
- पेलग्रिनो को सीधे सेटों में हराया

वर्ल्ड नंबर 1 यनिक सिनर ने इटैलियन ओपन के क्वार्टर-फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया। सिनर ने अपने ही देश के खिलाड़ी एंड्रिया पेलग्रिनो को सीधे सेटों में हराकर एटीपी मास्टर्स 1000 में लगातार जीत के मामले में नोवाक जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अब उनका मुकाबला एंड्री रुबलेव या निकोलोज बेसिलशविली में से किसी एक से होगा।



### मास्टर्स 1000 में लगातार 31वीं जीत

पिछले सीजन के रोम फाइनलिस्ट अब इटली की राजधानी में अपने तीसरे क्वार्टर-फाइनल में पहुंच गए हैं। ओपन एरा में एड्रियानो पनाटा के बाद यह उपलब्धि तीन बार हासिल करने वाले वह सिर्फ दूसरे इटैलियन पुरुष खिलाड़ी बन गए हैं। रोम के खचाखच भरे कैम्पो सेंट्रेल स्टेडियम में दर्शकों के जबरदस्त समर्थन के बीच, सिनर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6-2, 6-3 से जीत हासिल की। यह मास्टर्स 1000 स्तर पर उनकी लगातार 31वीं जीत थी, जिसके साथ उन्होंने जोकोविच के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली।

### सिनर की शानदार जीत

सिनर की यह शानदार जीत का सिलसिला पिछले सीजन के आखिर में शुरू हुआ था। इसमें पेरिस, इंडियन वेल्स, मियामी, मोंटे कार्लो और मैड्रिड में जीते गए खिताब शामिल हैं। मैड्रिड में वे हाल ही में लगातार पांच मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने थे। 24 वर्षीय सिनर रोम में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करने की दौड़ में भी हैं। एटीपी टूर पर उपलब्ध 9 में से 8 मास्टर्स 1000 खिताब जीत चुके सिनर, अब जोकोविच के बाद दूसरे ऐसे खिलाड़ी बनने की कोशिश कर रहे हैं, जो 'करियर गोल्डन मास्टर्स' का खिताब हासिल कर सकें।

## प्रीमियर लीग

# टॉटेनहम और यूनाइटेड के बीच मुकाबला रहा ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| लंदन

फुटबॉल प्रीमियर लीग में टॉटेनहम हॉटस्पर और लीड्स यूनाइटेड के बीच खेला गया मुकाबला 1-1 से ड्रॉ रहा। इस ड्रॉ के साथ ही टॉटेनहम 38 अंकों के साथ 17वें नंबर पर आ गया है। वहीं, लीड्स यूनाइटेड 14वें स्थान पर है।

फ्रांसीसी फुटबॉलर मैथिस टेल पहले मुकाबले में हीरो बने, लेकिन उन्होंने अपनी गलती से टीम के लिए परेशानी भी खड़ी कर दी। टेल ने मैच के 50वें मिनट में पहला गोल दागा और टॉटेनहम को 1-0 की बढ़त दिलाई। हालांकि, इसके कुछ देर बाद ही उन्होंने अपने ही बॉक्स में गेंद को खतरनाक तरीके से क्लियर करने का प्रयास किया और इसी कोशिश में उनका पैर एथन अमपाडू को लग गया। वीएआर जांच के बाद लीड्स यूनाइटेड को पेनल्टी मिल गई, जिसका पूरा फायदा इंग्लिश फुटबॉलर कैल्वर्ट लेविन ने उठाया। लेविन ने मैच के 74वें मिनट में हाथ आए मौके को भुनाया और स्कोर को 1-1 से बराबर कर दिया।

### गोलकीपर किंस्की ने टीम की हार को टाला

मैच के अंतिम पलों में गोलकीपर किंस्की ने सीन लॉन्गस्टाफ के जबरदस्त शॉट का बेहतरीन बचाव करते हुए टीम की हार को टाला। पहले हाफ के अंत में टॉटेनहम के पास बढ़त बनाने का चांस था। लीड्स के गोलकीपर कार्ल डार्लो ने गेंद को ज्यादा देर तक अपने पास रखा, जिसके कारण स्पर्स को फ्री-किक मिली। हालांकि, रिचर्डसन और पेड्रो पोरो इस मौके का भी फायदा उठाने में नाकाम रहे। इसके बाद जोआओ पल्हिन्हा गोल करने के काफी करीब पहुंचे, लेकिन उनका शॉट क्रॉसबार के ऊपर से निकल गया।

# धीमी ओवर गति पर अक्षर पर गिरी गाज, लगा 12 लाख का जुर्माना

**धर्मशाला।** दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के खिलाफ अपनी टीम की जीत के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। अक्षर और डेविड मिलर के अर्धशतकों की मदद से दिल्ली कैपिटल्स ने इस मैच में पंजाब किंग्स को तीन विकेट से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने की अपनी धुंधली उम्मीदों को बरकरार रखा।

आईपीएल के अनुसार, 'दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान अक्षर पटेल पर हिमाचल प्रदेश क्रिकेट संघ स्टेडियम, धर्मशाला में पंजाब किंग्स के खिलाफ आईपीएल के मैच के दौरान धीमी ओवर गति बनाए रखने



के लिए जुर्माना लगाया गया है।' इसमें आगे कहा गया है, 'धीमी ओवर गति से संबंधित आईपीएल की आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 के तहत यह उनकी टीम का इस सत्र का पहला अपराध था इसलिए अक्षर पटेल पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।' दिल्ली की टीम अंक तालिका में अभी सातवें स्थान पर है। उसका अगला मैच रविवार को नई दिल्ली में राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होगा।

# थाईलैंड ओपन बैडमिंटनः सात्विक चिराग की जोड़ी का विजयी आगाज

एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की शीर्ष वरीयता प्राप्त जोड़ी ने थाईलैंड ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष युगल के पहले दौर के मुकाबले में इंडोनेशिया के मोह पुत्रा एरवियांस्याह और बागास मौलाना की जोड़ी को शिकस्त दी।

विश्व रैंकिंग में चौथे पायदान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने 64 मिनट तक चले रोमांचक मुकाबले को 21-19, 21-23, 21-10 से जीतकर अगले दौर में प्रवेश कर लिया। भारतीय जोड़ी शुरुआती गेम में एक समय 11-16 से पीछे चल रही थी। उन्होंने इसके बाद लगातार सात अंक जीतकर मुकाबले में वापसी की। इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने वापसी करते हुए स्कोर 18-18 कर दिया, लेकिन सात्विक और चिराग ने दबाव में बेहतरीन खेल दिखाते हुए पहला गेम अपने नाम किया।



### अंतिम गेम में हावी भारतीय जोड़ी

सात्विक और चिराग तीसरे और अंतिम गेम में पूरी तरह हावी नजर आए। उन्होंने शुरुआत से बढ़त बनाई और ब्रेक तक 11-5 से आगे हो गए। इसके बाद भारतीय जोड़ी ने मुकाबले पर पकड़ बनाए रखते हुए आसानी से यह गेम जीतकर मुकाबला अपने नाम कर लिया। भारतीय जोड़ी का सामना अब अगले दौर में मलेशिया के ब्रायन जेरेमी गूंटिंग और मोहम्मद हैकाल से होगा।

## सिनर और एरीना का पुरस्कार राशि बढ़ाने के अभियान को पेगुला का समर्थन

# खिलाड़ियों के हक की लड़ाई में आगे आईं जेसिका

एजेंसी ▶▶| रोम

- खिलाड़ियों को कर रहीं एकजुट

पुरुष एवं महिला वर्ग में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर और एरीना सबालेंका का टेनिस टूर्नामेंट विशेषकर ग्रैंड स्लैम प्रतियोगिताओं की पुरस्कार राशि बढ़ाने के अभियान को जेसिका पेगुला का भी समर्थन मिला है, जो खिलाड़ियों को इस मामले में एकजुट करने की भूमिका निभा रही हैं। यूएस ओपन 2024 की उपविजेता पेगुला के लिए यह स्वाभाविक है, क्योंकि वह खेल प्रबंधकों के परिवार में पली-बढ़ी हैं। उनके माता-पिता एनएफएल की बफेलो बिल्स और एनएचएल की बफेलो सेब्रस के मालिक हैं।



### पुरस्कार राशि के मुद्दे पर कर रहीं काम

पेगुला ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह शायद स्वाभाविक रूप से हो जाता है क्योंकि मुझे लगता है कि मैंने इसमें कुछ हद तक नेतृत्व की भूमिका निभाई है।' पेगुला को इस साल महिला टेनिस कैलेंडर, रैंकिंग अंकों के नियमों और कुछ स्पर्धाओं में भाग लेने की योग्यता तय करने के लिए गठित किए गए 13 सदस्यीय पैनल का नेतृत्व करने के लिए नामित किया गया था। अब वह पुरस्कार राशि के मुद्दे पर भी काम कर रही हैं।

### मुझे कोई झिझक नहीं

पेगुला ने कहा, 'मुझे किसी भी खिलाड़ी के पास जाकर यह पूछने में कोई झिझक नहीं है कि 'क्या आप इसमें दिलचस्पी रखते हैं या नहीं।' कुछ खिलाड़ियों को परवाह नहीं होती और वे इसको लेकर चिंतित नहीं होते। कभी-कभी वे कहते हैं, 'हां, मैं पूरी तरह से तैयार हूं।' मैं पुरुष और महिला दोनों वर्ग के खिलाड़ियों से संपर्क कर रही हूं।'

### खिलाड़ियों की मांग महत्वपूर्ण

पेगुला ने कहा, 'आखिर में खिलाड़ियों की मांग महत्वपूर्ण होती है। एरीना और यानिक को इस मामले में खुलकर बोलते हुए देखना अच्छा लगा। मैं जानती हूं कि कई अन्य खिलाड़ी भी ऐसा ही महसूस करते हैं। लेकिन जब विश्व के दोनों नंबर एक खिलाड़ी इस पर खुलकर बोलते हैं, तो उनकी बात सुननी ही पड़ती है।' एनएफएल और एनएचएल में खिलाड़ियों को राजस्व का लगभग 50 प्रतिशत मिलता है वहीं अधिकतर टेनिस प्रतियोगिताओं में यह आंकड़ा इससे आगे से भी कम है। खिलाड़ियों ने पिछले सप्ताह जो बयान जारी किया था उसके अनुसार फ्रेंच ओपन में खिलाड़ियों को कथित तौर पर 14.9 प्रतिशत से भी कम हिस्सा दिया जा रहा है।




# दुनिया की अनोखी जगह, जहां महीनों तक नहीं होती रात, 24 घंटे चमकता है सूरज

**न्यूयार्क।** दुनिया में कई ऐसी जगहें हैं, जहां प्रकृति अपने सबसे अनोखे और चौंकाने वाले रूप में दिखाई देती है। कहीं लंबे समय तक बर्फ जमी रहती है तो कहीं कई दिनों तक सूरज दिखाई नहीं देता है। मगर, अमेरिका के अलास्का राज्य का एक छोटा सा शहर इन दिनों खास चर्चा में है, क्योंकि यहां अब ऐसा दौर शुरू हो गया है जब सूरज कई हफ्तों तक डूबता ही नहीं है। यानी आधी रात में भी यहां दिन जैसा उजाला रहता है, जिसे देखकर पहली बार आने वाले लोग हैरान रह जाते हैं।

### मिडनाइट सन कहा जाता है इस घटना को

यह अनोखी घटना अलास्का के उत्तरी हिस्से में बसे उत्कियागविक शहर में देखने को मिलती है। यह जगह आर्कटिक सर्कल के बेहद करीब स्थित है, जिसके कारण यहां साल के कुछ महीनों में सूरज लगातार आसमान में बना रहता है। इस घटना को मिडनाइट सन कहा जाता है। इस दौरान यहां रात जैसी कोई चीज नहीं होती है। रात के 12 बजे भी आसमान में वैसी ही रोशनी रहती है जैसी शाम के समय होती है। स्थानीय लोग इसे अपनी रोजमर्रा की जिंदगी का हिस्सा मानते हैं, लेकिन पर्यटकों के लिए यह अनुभव बिल्कुल अलग और रोमांचक होता है।




### सर्दियों में दिखता है उलटा असर

इस प्राकृतिक घटना के पीछे पृथ्वी का झुका हुआ अक्ष जिम्मेदार है। धरती अपनी धुरी पर हल्की झुकी हुई है, जिसके कारण साल के कुछ समय आर्कटिक क्षेत्र सूरज की ओर ज्यादा झुके रहते हैं। इसी वजह से वहां लंबे समय तक सूरज डूबता नहीं है। वहीं, सर्दियों में इसका उल्टा असर देखने को मिलता है, जब यहां कई हफ्तों तक सूरज उगता ही नहीं और पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहता है। लगातार दिन बने रहने का असर यहां के लोगों की दिनचर्या पर भी पड़ता है। शुरुआत में लोगों को सोने में दिक्कत होती है, क्योंकि शरीर को अंधेरे की कमी महसूस होती है। इससे बचने के लिए लोग अपने घरों में मोटे पर्दे लगाते हैं या स्लीप मास्क का इस्तेमाल करते हैं।

### पर्यटकों को करता है आकर्षित

यह अनोखा नजारा हर साल बड़ी संख्या में पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करता है। लोग खास तौर पर आधी रात के सूरज को देखने यहां पहुंचते हैं और देर रात तक घूमने, ट्रैकिंग और फोटोग्राफी का आनंद लेते हैं। कई लोग इसे धरती का सबसे अनोखा अनुभव मानते हैं। दिलचस्प बात यह है कि गर्मियों में जहां यहां दिन खत्म नहीं होता, वहीं सर्दियों में कई दिनों तक सूरज नजर नहीं आता। यही वजह है कि यह जगह दुनिया के सबसे अनोखे प्राकृतिक रहस्यों में गिनी जाती है।

## रोचक खबरें



## कैंसर से जूझ रही पत्नी के लिए पति ने मुंडवा लिया अपना सिर


**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर एक भावुक कर देने वाला वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें एक पति अपनी पत्नी के साथ खड़े होकर सच्चे प्यार और साथ निभाने की मिसाल पेश करता नजर आ रहा है। दरअसल, पत्नी को कैंसर हो गया और इलाज के दौरान उसके बाल झड़ने लगे, जिसके बाद पति ने भी अपना सिर मुंडवा लिया। पत्नी के कैंसर के इलाज के दौरान पति का यह कदम लोगों के दिल को छू गया है। अब इस वीडियो को सोशल मीडिया पर बहुत शेयर किया जा रहा है। यह वीडियो इंस्टाग्राम पर नम्रता नितिन गोयल ने शेयर किया है, जो अपनी कैंसर जर्नी के कुछ हिस्से सोशल मीडिया पर साझा करती रही हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि कीमोथेरेपी के कारण बाल झड़ने और सिर में दर्द होने पर नम्रता बैठी हैं और उनके पति बड़े प्यार से सिर के बाल शेव कर रहे हैं। इसके बाद, बिना किसी दिखावे के पति खुद भी अपना सिर मुंडवा लेते हैं। यह पल बेहद शांत लेकिन बहुत ताकतवर भावनाओं से भरा हुआ है। लोगों ने इसे प्यार, साथ और समझदारी की खूबसूरत मिसाल बताया है। यह भावुक पल लोगों के दिलों को इसलिए छू गया, क्योंकि इसमें कोई दिखावा नहीं था। न कोई बड़ा भाषण, न ही बनावटी रिएक्शन. बस एक जीवनसाथी था, जो अपने साथी के दर्द को थोड़ा कम अकेला बनाने की कोशिश कर रहा था।

**प्यार, साथ और समझदारी की खूबसूरत मिसाल**

## मॉडल का वर्कआउट देखने के लिए पुरुष देते हैं बंपर टिप!

**ओटावा।** पूरी दुनिया में सोशल मीडिया और डिजिटल कंटेंट की बढ़ती लोकप्रियता ने कमाई के ऐसे जरिए खोल दिए हैं, जिनके बारे में कुछ साल पहले तक सोचना भी नामुमकिन था। आज के दौर में लोग अपने साधारण से काम या रूटीन को दिखाकर भी लाखों-करोड़ों कमा रहे हैं। ऐसा ही एक मामला कनाडा के टोरंटो से सामने आया है, जहां एक मॉडल ने खुलासा किया है कि वह जिम में सिर्फ पसीना बहाकर लाखों रुपए कमा रही है। सुनने में थोड़ी अटपटा लगता है, क्योंकि इतनी कमाई तो कोई इंसान महीने भर दफ्तर जाकर भी नहीं कर पाता है। इस 32 वर्षीय मॉडल का नाम लुइसा खोवांस्की है। लुइसा की कहानी ने इंटरनेट पर नई बहस छेड़ दी है कि कैसे अब पसीना भी एक महंगे बिजनेस में बदल चुका है। लुइसा का दावा है कि उनके प्रशंसक उन्हें सिर्फ जिम में एक्सरसाइज करते देखने के लिए 1,000 पाउंड (करीब 1.10 लाख रुपए) तक की भारी-भरकम राशि दे रहे हैं। लुइसा के इंस्टाग्राम पर 50 लाख से ज्यादा फॉलोअर्स हैं और वे पहले से ही हर महीने करोड़ों रुपए कमा रही हैं, लेकिन उनके जिम वीडियो ने उनकी कमाई के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। लुइसा ने बताया कि उन्होंने तो बस अपनी फिटनेस जर्नी शेयर करने के लिए वीडियो डालने शुरू किए थे, लेकिन लोगों की दीवानगी ने इसे उनकी कमाई का सबसे बड़ा जरिया बना दिया।









# ये है भारत का सबसे ऊंचाई पर बना सिनेमा हॉल, बदल जाती है हीरो-हीरोइन की आवाज

**नई दिल्ली।** भारत में सिनेमा का जादू अब आसमां को छू रहा है। लद्दाख के लेह में स्थित पीवीआर आईएनओएक्स मल्टीप्लेक्स भारत और दुनिया का सबसे ऊंचा स्थायी सिनेमा हॉल है। समुद्र तल से 11,500 फीट की ऊंचाई पर बना यह हॉल फिल्म प्रेमियों के लिए अनोखा अनुभव लेकर आया है। यहां फिल्म देखते समय हीरो-हीरोइन की आवाज सामान्य सिनेमाघरों से काफी अलग सुनाई देती है। हाल ही में यहां फिल्म देखने गए कई दर्शक सोशल मीडिया पर अपना अनुभव शेयर कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, 'सेम फिल्म है लेकिन आवाज बिल्कुल अलग लग रही है। जैसे थोड़ी फ्लैट और हल्की'। लेकिन, इसके पीछे का कारण क्या है? दरअसल, इसका जवाब छिपा है साइंस में।

### क्यों बदल जाती है आवाज?

इसका कारण है उच्च ऊंचाई पर हवा की पतली परत। समुद्र तल पर हवा घनी होती है, जो साउंड वेव्स को बेहतर तरीके से ले जाती है। लेकिन, 11,500 फीट पर हवा की घनत्व करीब 30-35% कम हो जाती है। इससे साउंड वेव्स का प्रसार बदल जाता है। इसकी वजह से ध्वनि की तीव्रता प्रभावित होती है। आवाज थोड़ी कमजोर और फ्लैट सुनाई दे सकती है। पीवीआर आईएनओएक्स ने इस समस्या को ध्यान में रखते हुए स्पेशल ऑडियो सिस्टम लगाया है, फिर भी प्राकृतिक रूप से आवाज में फर्क महसूस होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार उच्च ऊंचाई पर तापमान कम होने और हवा के घनत्व कम होने से साउंड की स्पीड और क्वालिटी दोनों पर असर पड़ता है।

## साइंस में छिपा है अनोखा कारण



### ऑक्सीजन की कमी होती है महसूस

यहां पहुंचने वाले पर्यटक और लोकल लोग दोनों ही फिल्म देखने आते हैं। खासकर पर्यटकों के लिए तो यह लाइफटाइम एक्सपीरियंस है- बर्फीली चोटियों के बीच पॉपकॉर्न खाते हुए बॉलीवुड या हॉलीवुड फिल्म देखना। लेकिन इसमें चुनौतियां भी हैं। हॉल में ऑक्सीजन की कमी महसूस होती है। कुछ दर्शकों को हल्की सांस लेने में तकलीफ या सिरदर्द हो सकता है। यहां बाहरी तापमान माइनस तक पहुंच सकता है। ऐसे में उपकरणों का रखरखाव बड़ी चुनौती है। पीवीआर आईएनओएक्स ने इन चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया है।

# सबसे महंगा दूध, 20 लाख रुपए प्रति लीटर है कीमत

**एक चम्मच दूध निकालना भी है काफी मुश्किल**

**नई दिल्ली।** दुनिया में कई अनोखी और महंगी चीजें हैं, लेकिन दूध की बात करें तो आमतौर पर गाय, भैंस या बकरी का दूध ही याद आता है। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि दुनिया का सबसे महंगा दूध एक छोटे से जानवर का है। जी हां, चुहिया (माउस) का दूध दुनिया में सबसे महंगा आता है। इसकी कीमत 20 लाख रुपए प्रति लीटर तक बताई जाती है। सुनकर हैरानी होती है ना? ज्यादातर लोग सोचते हैं कि शेरनी, बाघिन या हथिनी का दूध सबसे महंगा होगा, लेकिन हकीकत कुछ और ही है। चुहिया का दूध ना सिर्फ दुर्लभ है, बल्कि निकालना भी बेहद मुश्किल काम है।



### बेहद दुर्लभ है ये दूध

वैज्ञानिकों के अनुसार, एक लीटर चुहिया का दूध इकट्ठा करने के लिए लगभग 4000 चुहियों का दूध निकालना पड़ता है। एक चुहिया से एक बार में सिर्फ आधा चम्मच या उससे भी कम दूध मिल पाता है। दरअसल, चुहिया बहुत छोटी होती है, इसलिए उसका दूध उत्पादन भी बेहद कम होता है।

### छोटी मशीनों से निकालते हैं दूध

चुहिया का दूध निकालने के लिए विशेष तरीके अपनाए जाते हैं। सामान्य तरीके से दूध नहीं निकलता. वैज्ञानिक छोटी-छोटी मशीनों का इस्तेमाल करते हैं। एक चुहिया दिन में बहुत कम दूध देती है और बार-बार निकालने से जानवर पर स्ट्रेस भी पड़ता है। यही वजह है कि बड़े पैमाने पर इसका उत्पादन संभव नहीं है। एक्सपर्ट्स कहते हैं कि यह दूध आम लोगों के लिए नहीं बल्कि वैज्ञानिक उद्देश्यों के लिए है। अगर कभी व्यावसायिक रूप से उपलब्ध हुआ तो भी आम आदमी की पहुंच से बाहर रहेगा।

# इकलौती मछली जो समुद्र की गहराई में है चलती, होंठों पर लगाती है लाली

**नई दिल्ली।** समुद्र की गहराइयों में छिपी अनगिनत रहस्यमयी जीवों में से एक है रेड-लिप्ड बैटफिश। यह मछली ना सिर्फ देखने में बेहद अजीब है, बल्कि अपनी आदतों के कारण भी पूरी तरह यूनिक है। जहां बाकी मछलियां तैरती हैं, वहीं यह मछली समुद्र के फर्श पर चलती है। सबसे मजेदार बात- इसके होंठ इतने चटक लाल हैं कि देखकर लगता है मानो उसने लिपस्टिक लगा रखी हो। रेड-लिप्ड बैटफिश का नाम बैटफिश, इसलिए पड़ा क्योंकि इसका सिर चमगादड़ की तरह चौड़ा और सपाट होता है। यह मुख्य रूप से गालापागोस द्वीपों के आसपास और पूर्वी प्रशांत महासागर में पाई जाती है। यह 20 से 40 मीटर की गहराई में रहती है, हालांकि कभी-कभी 100 मीटर तक भी नीचे उतर जाती है। इसकी सबसे बड़ी खासियत है चलना। इसके पेक्टोरल और पेल्विक फिन्स पैरों की तरह मजबूत है। इनकी मदद से वह समुद्र के तल पर चलती-फिरती है। तैरने की बजाय चलना इसे ऊर्जा बचाने में मदद करता है।



### लिपस्टिक वाले होंठ क्यों?

वैज्ञानिकों के अनुसार इसके चमकदार लाल होंठ संभवतः प्रजनन और संचार के लिए हैं। गहरे पानी में जहां रोशनी कम होती है, वहां चटक रंग साथी को आकर्षित करने में मदद करते हैं। ये लाल होंठ इसे बेहद आकर्षक और फोटोजेनिक भी बनाते हैं, जिसकी वजह से सोशल मीडिया पर यह वायरल हो रही है। रेड-लिप्ड बैटफिश के सिर पर एक छोटा सा अंग होता है जिसे इलिसियम कहते हैं। इसके सिरे पर चारा लगा होता है। यह मछली इस चारे को हिलाकर छोटी मछलियों, क्रस्टेशियंस और अन्य जीवों को लुभाती है। जब शिकार पास आता है तो बैटफिश अपना मुंह खोलकर उसे झपट लेती है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com